रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ


RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 17 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-28 मूल्य 3.00 ₹


# हम सात करोड़ घर बना रहे हैं, ये दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा : मोदी

एजेंसी ‹ गांधीनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत में हम सात करोड़ घर बना रहे हैं। ये दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। पीएम मोदी ने सुबह गांधीनगर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत करने के बाद गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में चौथे वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और एक्सपो (री-इनवेस्ट) का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान कहा, आप सभी जानते हैं कि भारत की जनता ने 60 साल बाद लगातार किसी सरकार को तीसरा कार्यकाल दिया है। हमारी सरकार को मिले तीसरे कार्यकाल के पीछे भारत की बहुत आकांक्षायें हैं। आज 140 करोड़ भारतवासियों, युवाओं और महिलाओं को भरोसा है कि उनकी आकांक्षाओं को पिछले 10 साल में जो पंख लगे हैं। वे इस तीसरे कार्यकाल में एक नयी उड़ान भरेंगे। देश के गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित को भरोसा है कि हमारा तीसरा टर्म उनके गरिमापूर्ण जीवन जीने की गारंटी बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय देश को तेजी से टॉप तीन इकॉनोमी में



पहुंचाने का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं। एक बड़ी दूरदर्शिता, एक बड़े मिशन का हिस्सा है, ये 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की हमारे कार्रवाई योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि हमारे पहले 100 दिनों में हमारी प्राथमिकता, 'स्पीड और स्केल' की भी एक झलक मिलती है। इस दौरान हमने हर उस 'सेक्टर और फैक्टर' पर ध्यान दिया है, जो भारत के तेज विकास के लिये जरूरी है। उन्होंने कहा, इन 100 दिनों में भौतिक और सामाजिक अवसरंचना के विस्तार के लिये अनेक महत्वपूर्ण फैसले लिये गये हैं। हमारे विदेशी अतिथियों को ये जानकर हैरानी होगी कि भारत में हम सात करोड़ घर बना रहे हैं। ये दुनिया के कई देशों की आबादी से भी ज्यादा है। सरकार के पिछले दो कार्यकाल में हम इसमें से चार करोड़ घर बना चुके हैं और तीसरे कार्यकाल में हमारी सरकार ने तीन करोड़ नये घर बनाने का काम शुरू भी कर दिया है।

## सीएम विष्णुदेव आज 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम में होंगे शामिल



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज 10.30 बजे राजधानी रायपुर के सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में आयोजित 'मोर आवास-मोर अधिकार' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित रहेंगे।

## क्विक न्यूज़

### मुर्मु आज करेंगी जल-सप्ताह का उद्घाटन



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज 8वें भारत जल सप्ताह-2024 का उद्घाटन करेंगी। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल और राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी की उपस्थिति में मंत्रालय का यह अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम 17 से 20 सितंबर तक यहां भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम से समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए भागीदारी एवं सहयोग पर विचार किया जाएगा। जल शक्ति मंत्रालय में सचिव देबश्री मुखर्जी ने संवाददाता सम्मेलन में इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि 8वें भारत जल सप्ताह- 2024 का विषय 'समावेशी जल विकास और प्रबंधन के लिए साझेदारी और सहयोग' है।

### जम्मू-कश्मीर चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान समाप्त

**श्रीनगर।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार अभियान समाप्त हो गया। राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए अंतिम प्रयास शुरू कर दिए हैं। प्रथम चरण में राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 24 पर 18 सितंबर को मतदान होगा। जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहला विधानसभा चुनाव होगा और पांच अगस्त, 2019 को नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पहला चुनाव होगा।

### कार और टैंकर के टकराने से आठ लोगों की मौत, पन्द्रह घायल

**जयपुर।** राजस्थान में सिरोही जिले के पिंडवाड़ा क्षेत्र में रविवार रात एक कार और टैंकर के टकरा जाने से एक बच्चा एवं दो महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गई जबकि पन्द्रह लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि उदयपुर जिले के ओगणा के रहने वाले ये श्रमिक एक जीप में बैठकर बालोतरा जिले के नाकोडाजी में मजदूरी के लिए जा रहे थे कि रात करीब साढे आठ बजे पालनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर सामने से आ रहा टैंकर और उनकी जीप टकरा गए। मृतकों में ओगणा निवासी धनपाल (24), हेमंत (21),राकेश (25), मुकेश (25), जीप चालक सुमेरपुर निवासी कानाराम, ठेकेदार शिवगंज निवासी वरदाराम शामिल हैं।

## हरियाणा में चल रही है प्रबल सत्ता विरोधी लहर : पी. चिदंबरम

वार्ता ‹ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



वरिष्ठ काँग्रेस नेता पी. चिदंबरम ने कहा कि हरियाणा में प्रबल सत्ता विरोधी लहर चल रही है और मार्च में अपने कार्य न करने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को हटा कर नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व ने खुद ही यह स्वीकार किया है। चिदंबरम ने यहाँ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि हरियाणा की अर्थव्यवस्था देश में सबसे अधिक खराब स्थिति में है और 2014 में जहां औसत प्रति परिवार कर्ज 79000 रुपये था, पाँच साल में बढ़कर एक लाख 82 हजार 922 रुपये हो गया। उसके बाद के आँकड़े उपलब्ध नहीं हैं और अब तक यह काफी बढ़ चुका होगा। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान हरियाणा में किसानों की हालत खराब है और पीएम किसान योजना और फसल बीमा योजना जैसी योजनाएं प्रदेश के किसानों की स्थिति में सुधार लाने में विफल रही हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि खट्टर सरकार ने किसानों की समस्याएं हल करने के बजाय दमन और हिंसा की नीति अपनाई और किसानों के खिलाफ 250 से अधिक एफआइआर दर्ज की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी की स्थिति विकराल है और सीएमआईई के अनुसार हरियाणा की बेरोजगारी दर 37.4 है। उन्होंने अग्निवीर योजना के बारे में कहा कि इस योजना ने रक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया है, सैन्य तैयारियों को खतरे में डाला है और युवाओं को भी नुकसान पहुंचाया है।

## रायपुर (दुर्ग) - विशाखापट्‌टनम वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रेलवे स्टेशन से रवाना किया गया

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायपुर (दुर्ग)-विशाखपट्टणम वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। केन्द्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। रायपुर (दुर्ग)-विशाखपट्टणम वंदे भारत स्पेशल एक्सप्रेस को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 07 से रवाना किया गया। रायपुर (दुर्ग) - विशाखपट्टणम वंदे भारत एक्सप्रेस रायपुर, महासमुंद, खरीयार रोड, काटाभाँ, टीटलागढ़, केसिंगा, रायगड़ा, पार्वतीपुरम, विजयनगरम और विशाखपट्टणम को जोड़ने वाली छत्तीसगढ़ की दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है। वर्तमान में इस खंड में चलने वाली अन्य ट्रेनें दुर्ग से विशाखपट्टणम के बीच की दूरी को लगभग 11 घंटे में तय करती है। दुर्ग-विशाखपट्टणम वंदे भारत दुर्ग एवं विशाखपट्टणम के बीच की दूरी को 8 घंटे में तय करेगी, जिससे लगभग 3 घंटे समय की बचत होगी।

## नौसेना के शीर्ष कमांडरों को संबोधित करेंगे राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



नौसेना के शीर्ष कमांडरों का चार दिन का सम्मेलन कल से यहां शुरू होगा जिसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष संबोधित करेंगे तथा अनेक वरिष्ठ अधिकारी भविष्य की रणनीति पर गहन विचार विमर्श करेंगे। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन का दूसरा संस्करण 17 से 20 सितंबर तक राजधानी में होगा। सम्मेलन में महत्वपूर्ण रणनीतिक, संचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर गहन मंथन किया जायेगा। पश्चिम एशिया में उभरती भू-राजनीतिक और भू-रणनीतिक गतिशीलता, क्षेत्रीय चुनौतियों तथा समुद्री सुरक्षा स्थिति की जटिलता की पृष्ठभूमि में आयोजित यह सम्मेलन नौसेना की भविष्य की रणनीति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रवक्ता ने बताया कि सम्मेलन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं से संबंधित मामलों पर नौसेना कमांडरों को संबोधित करेंगे। सेना ,वायु सेना के प्रमुख और प्रमुख राष्ट्रीय अध्यक्ष नौसेना कमांडरों के साथ संघर्ष के विभिन्न पहलुओं तथा थियेटराइजेशन की दिशा में तालमेल के लिए तीनों सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन की शुरुआत नौसेना प्रमुख के उद्घाटन भाषण से होगी और वह पिछले छह महीनों के दौरान नौसेना की प्रमुख संचालन, सामग्री, लॉजिस्टिक, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण,समुद्री हितों की रक्षा और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा करेंगे ।

## वित्त मंत्री सीतारमण कल करेंगी एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ‹ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केन्द्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणा के अनुसार 18 सितम्बर, 2024 को एनपीएस वात्सल्य योजना का शुभारंभ करेंगी। वित्त मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि शुभारंभ में स्कूली बच्चे भी शामिल होंगे। सीतारमण इस अवसर पर एनपीएस वात्सल्य की सदस्यता लेने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफ ॉर्म की शुरुआत करेंगी, योजना विवरणिका जारी करेंगी और नए नाबालिग ग्राहकों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या (पीआरएएन) कार्ड वितरित करेंगी। एनपीएस वात्सल्य कार्यक्रम पूरे देश में लगभग 75 स्थानों पर एक साथ आयोजित किए जाएंगे। एनपीएस वात्सल्य बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने की शुरुआत को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है अन्य स्थान वीडियो कॉन्फ्रे ंस के माध्यम से इसमें शामिल होंगे और उस स्थान पर नए नाबालिग ग्राहकों को पीआरएएन सदस्यता भी वितरित की जाएगी। एनपीएस वात्सल्य माता-पिता को पेंशन खाते में निवेश करके अपने बच्चों के भविष्य के लिए बचत करने के साथ दीर्घकालिक धन सुनिश्चित करने की अनुमति देगा। एनपीएस वात्सल्य लचीला योगदान और निवेश का विकल्प प्रदान करता है, जिससे माता-पिता बच्चे के नाम पर सालाना 1,000 रुपये का निवेश कर सकते हैं, जिससे यह सभी आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवारों के लिए सुलभ हो जाता है। यह नई पहल बच्चों के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए शुरू की गई है।

## बागवानी नीति लागू करने वाला पहला राज्य होगा हिमाचलः सुक्खू



**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बागवानी विभाग की एचपी शिवा परियोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश देश में बागवानी नीति लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा। इसका उद्देश्य राज्य में बागवानी उत्पादन को बढ़ाना और प्रदेश को फल राज्य बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1,292 करोड़ रुपये की यह परियोजना राज्य के सात जिलों में छह हजार हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करेगी। उन्होंने अंतर-फसलीय खेती पर बल देते हुए कहा कि दो चरणों में अमरूद, नींबू प्रजाति के फलों, अनार, ड्रैगन फ्रूट, जामुन तथा कटहल के पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने विभाग को निर्देश दिए कि परियोजना में छोटे तथा सीमांत किसानों को शामिल किया जाए ताकि उनकी आर्थिकी सुदृढ़ हो सके।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 1077.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1077.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 16 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2280.3 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 569.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 570.7 मिमी, सूरजपुर में 1015.8 मिमी, बलरामपुर में 1531.2 मिमी, जशपुर में 889.0 मिमी, कोरिया में 981.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 995.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 908.9 मिमी, बलौदाबाजार में 1124.4 मिमी, गरियाबंद में 1017.2 मिमी, महासमुंद में 852.4 मिमी, धमतरी में 977.0 मिमी, बिलासपुर में 933.0 मिमी, मुंगेली में 1046.7 मिमी, रायगढ़ में 964.6 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 623.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1129.4 मिमी, सक्ती 948.4 मिमी, कोरबा में 1307.8 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1101.3 मिमी, दुर्ग में 629.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 849.3 मिमी, राजनांदगांव में 1074.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1195.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 813.5 मिमी, बालोद में 1126.3 मिमी, बस्तर में 1219.9 मिमी, कोण्डागांव में 1115.6 मिमी, कांकेर में 1360.0 मिमी, नारायणपुर में 1337.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 1462.8 मिमी और सुकमा जिले में 1620.0 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद को खत्म कर देगी : अमित शाह

पायनियर संवाददाता ‹ जम्मू
www.dailypioneer.com



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब तक केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार है, कोई भी ताकत जम्मू क्षेत्र में नब्बे के दशक की तरह के आतंकवाद को पुनर्जीवित नहीं कर सकती। शाह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद को इस हद तक खत्म कर देगी कि वह फिर से कभी नहीं पनप सके। शाह ने किश्तवाड़ क्षेत्र के पद्दार-नागसेनी विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा, राष्ट्र-विरोधी और शांति-विरोधी तत्व जम्मू क्षेत्र में 90 के दशक जैसा माहौल वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम आतंकवाद को जमीन से कई फुट नीचे धकेल देंगे, ताकि वह फिर से न पनपे। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के प्रमुख डॉ. फारूक अब्दुल्ला पर तीखा हमला करते हुए कहा, जब किश्तवाड़ में खून-खराबा अपने चरम पर था, तब वह कहां थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा, अगर वह यहां आते हैं तो उनसे पूछा जाना चाहिए। लेकिन मुझे पता है कि वह उस समय कहां थे। वह लंदन के समुद्र तटों पर मौज-मस्ती कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेकां-कांग्रेस गठबंधन ने हमेशा से ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद के लिए आधार तैयार किया है। उन्होंने कहा, इन पार्टियों ने महाराजा हरि सिंह को जम्मू-कश्मीर से खदेड़ दिया। बाद में, केवल उनका पार्थिव शरीर ही जम्मू-कश्मीर लौट सका। ये पार्टियां 1990 में कश्मीरी पंडितों के सामूहिक पलायन के लिए भी जिम्मेदार हैं। छह सितंबर के बाद से अपने दूसरे दौरे पर जम्मू पहुंचे शाह ने कहा कि ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) और विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को नवीनतम हथियारों और शक्तियों से लैस किया गया है। उन्होंने कहा, यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि शांति भंग करने के लिए यहां आने वाले घुसपैठियों को पहाड़ों में ही दफनाया जाए और उन्हें अंदरूनी इलाकों में प्रवेश न करने दिया जाए। किसी को भी आतंकवाद के लिए भारतीय धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, यह अनुच्छेद भारत के इतिहास का पुराना अध्याय बन गया है। उन्होंने कहा, मैं नेकां-कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि आप अनुच्छेद 370 को कैसे वापस ला सकते हैं। मैं स्पष्ट कर दूं कि न तो आतंकवाद और न ही अनुच्छेद 370 वापस आएगा।




# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8.43 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

## छत्तीसगढ़ के गौरवपूर्ण संस्कृति को बचाने हमने सतत कार्य किया

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

साप्ताहिक बाजार कबड्डी मैदान वार्ड क्रमांक 04 कुम्हारी में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन क्षेत्र के वर्तमान विधायक भूपेश बघेल ने 8 करोड़ 43 लाख 11 हजार में बने नगर पालिका परिषद् कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्प हार पहना कर दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में विधायक भूपेश बघेल ने कहा कि जब हमारी सरकार थी तो विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं आई थी लगातार विकास के कार्य हुए कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगभग 200 करोड़ से अधिक राशि का निर्माण कार्य हुआ हमने सभी वार्डों में बराबर कार्य किए हैं कुम्हारी क्षेत्र में इससे पहले कभी इतने विकास के कार्य नहीं हुए, जब हमारी सरकार थी तो हमने हमनें निशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गरीब परिवार के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सके इस लिए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले, हमने हाट बाज़ार क्लीनिक योजना शुरू की जिसमें मुफ़्त इलाज और दवाई की व्यवस्था थी, छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी ओलंपिक, तीज त्यौहारों में सार्वजनिक छुट्टियां , गोबर खरीदी और भी ढेर सारी जनहित की योजनाएं प्रारम्भ की मगर साय सरकार के आने के बाद धीरे-धीरे सभी बंद कर दिए गए। हमारी सरकार ने किसानों के आर्थिक विकास करने का कार्य किया और छत्तीसगढ़ का मान सम्मान देश-विदेश में बढ़ाया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने के लिए हमने लगातार कार्य किया हमने गौ माता के लिए गौठान का निर्माण करवाया था मगर इस सरकार ने उसे भी बंद कर दिया । आज गौवंश सड़कों पर



है रोज सड़क दुर्घटना से लोग अपनी जान गवां रही है ये कैसी गौ सेवा है। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारी सरकार थी तो हमने बिजली बिल आधा करने का कार्य किया लेकिन अब बिजली बिल फुल और बिजली आधा मिल रही है इससे आमजन परेशान है भाजपा ने चुनाव के वक्त अनेक घोषणाएं की थी जिसमें 500 रूपए में सिलेंडर देने की बात कही गई थी मगर कोई भी वादा साय सरकार पूरा नहीं कर पा रही है अभी सिर्फ साय सरकार की एक योजना चल रही है महतारी वंदन योजना वह भी आधा अधूरा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में हत्या, बलात्कार, डकैती, लूटपाट की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है यह आये दिन देखने और सुनने को मिल रहा है। हमने पांच सालों में 30 हजार करोड़ का कर्ज लिया था लेकिन साय सरकार ने महज 10 महीने में 30 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया हैं, इस सरकार का कार्य धरातल पर कहीं नज़र नहीं आता और सरकार कर्ज के ऊपर कर्ज ले रही है हर तरफ कमीशनखोरी चल रहा है। आज सबसे ज्यादा असुरक्षित हमारी माताएं और बेटियां हैं। किसान, मजदूर, व्यापारी आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। अपनी बात कहते हुए पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि पिछले दिनों हम पर यह आरोप लगाया गया है कि हमने भाजपा पार्षदों के वार्ड में कोई काम नही कराया जो कि बिल्कुल गलत है भूपेश बघेल की सरकार के समय भाजपा के वार्ड क्रमांक 6 को विकास कार्यो के लिए क्रमशः 487.61 लाख, वार्ड क्रमांक 9 के लिए 68.44 लाख, वार्ड क्रमांक 15 हेतु 221.61 लाख, वार्ड 19 के लिए, 345.1 लाख वार्ड 22 के लिए 186.24 लाख एवं वार्ड 23 हेतु 356.67 लाख की राशि प्रदान की गई है।

# प्रथम एमबीबीएस की विश्वविद्यालयीन परीक्षा में श्रीबालाजी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रथम एम.बी.बी.एस की परीक्षा में श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों का बहुत ही अच्छा प्रदर्शन रहा। जहां विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 87.25ः रहा वही संस्था के दो विद्यार्थियों ने अंकों के आधार पर विश्वविद्यालय की जारी सूची में प्रथम दस स्थानों में स्थान बनाने में कामयाबी हासिल की। संस्था की कु. नीकिता पंजवानी ने 671 अंकों के साथ पांचवां व कु. गौरी अग्रवाल ने 664 अंकों के साथ दसवां स्थान हासिल किया।

बालाजी समूह के चेयरमैन डॉ. देवेन्द्र नायक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. नीता नायक , डायरेक्टर सी.ए. नितिन पटेल, डायरेक्टर डॉ. वीरेन्द्र पटेल, डीन डॉ. देवश्री सरकार, एकेडेमिक डीन डॉ. मानिक चटर्जी, चिफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. कुलदीप सिंह छाबरा, डिप्टी सुपरिटेंडेंट डॉ. दीपक जायसवाल एवं फैकल्टीओं ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर बधाई दी।



बालाजी मेडिकल कॉलेज की टॉपर रही छात्रा कु. निकिता पंजवानी ने कहा कि मुझे बेहद खुशी है कि मैं अपने कॉलेज और अपने अभिभावकों का नाम रौशन कर पाई। मैं डीन. डॉ. देबश्री सरकार मैडम और डॉ. मानिक चटर्जी सर के साथ सभी शिक्षकों का आभारी हूं, जिन्होंने इस परिणाम को लाने में मेरी मदद की। मैं विशेष रूप से बालाजी मैनेजमेंट का भी आभार मानती हूं, जिन्होंने एक बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ पढ़ाई का उच्चस्तरीय वातावरण निर्मित किया।



संस्था की दूसरी मेधावी छात्रा कु. गौरी अग्रवाल ने कहा कि मैं अपने पढ़ाई का एक रिदम लगातार जारी रखी थी, परिणाम की चिंता छोड़कर मैंने मेहनत की और मुझे अंतिम परिणाम पर प्रसन्नता हैं। मैं अपने सभी निष्ठावान शिक्षकों, मैनेजमेंट की आभारी हूं, जिन्होंने मुझे लगातार पढ़ने के लिये प्रेरित किया। मैं विशेष रूप से हमारे एकेडेमिक डीन डॉ. मानिक चटर्जी सर की आभारी हूं, जिन्होंने पढ़ने की एक नई दिशा के साथ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की राह दिखाई। अंत में मैं अपने अभिभावकों का हृदय से आभार मानती हूं, जिन्होंने हर कदम पर मुझे सपोर्ट किया।

दोनों विद्यार्थियों ने एक स्वर में कहा कि इस कॉलेज की पढ़ाई बहुत अच्छी है, यहां टीचिंग का एक बेहतर माहौल है इसी कारण परिणाम अच्छे आते हैं।

# सिकलसेल एवं थैलेसीमिया बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सारंगढ़
www.dailypioneer.com

साहू समाज सारंगढ़ के तत्वाधान में निशुल्क एचएलए जांच एवं सिकल सेल थैलेसीमिया जागरूकता शिविर तथा सिकलसेल एवं थैलेसीमिया बच्चो के लिए ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन सारंगढ़ में किया गया, जिसमें डॉ. डी डी साहू सारंगढ़ और रक्त मित्र संस्था सारंगढ़ के विशेष सहयोग से दिल्ली के फोर्टिस हॉस्पिटल के डॉ विकास दुआ एवं डा परमिंदर सिंह जो कि बच्चों के heamato-ओंकोलॉजिस्ट तथा बोन मैरो ट्रांस्प्लांट विशेषज्ञ हैं। 125 बच्चो का निःशुल्क चेकअप किया गया। छत्तीसगढ़ में सिकलसेल एवं थैलेसीमिया बच्चो के लिए सेवा कर रही कोई अपना सा हो संस्था की संस्थापक काजल सुरेश सचदेव ने सिकलसेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता एवं निदान पर कार्यशाला ली, दूर दूर से आए सभी परिवारों की समस्याओं का समाधान और मिथकों को दूर किया इन बच्चो की जीवनशैली और दवाइयों के बारे में अवगत कराया, अध्यक्ष सुरेश सचदेव, संदीप कुकरेजा, जूही राजेश, विजय मथानी मेडिकल ऑफिसर डॉ.



ममता पटेल, मेडिकल ऑफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेंध्रा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सहयोग से एचएलए सैंपल कलेक्ट किए गए, यह किट जर्मनी की संस्था DKMS bmst की तरफ से निःशुल्क दी गई थी। इस शिविर में लगभग 125 बच्चों ने अपने जांच करवाये, 92 लोगो का एचएलए सैंपल कलेक्ट किया गया। रक्त मित्र समिति सारंगढ़ ने ब्लड डोनेशन कैम्प भी लगाया गया जिसमें रायपुर के ब्लड बैंक से विवेक साहू ,चंदू साहू के सहयोग ब्लड बैंक से प्रेमलाल साहू तथा छत्तीसगढ़ में ब्लड मैन के नाम से प्रसिद्ध अभिषेक शर्मा का योगदान सराहनीय रहा। कैम्प में लिये गये एचएलए सैंपल को जाँच के लिए DKMS bmst जर्मनी भेजा जाएगा, पूरे कैम्प में 300 लोगों ने अपनी भागीदारी दी। इस शिविर में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जूनियर रेडक्रॉस के अध्यक्ष जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पटेल के मार्गदर्शन एवं जिला संगठक जूनियर रेडक्रॉस लिंगराज पटेल के नेतृत्व में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारंगढ़ के जूनियर रेडक्रॉस के बालिकाओं ने अपनी सेवा पंजीयन जांच में डॉक्टर के सहयोग भोजन वितरण एवं जांच में लाइन लगाने का कार्य किया। इस कार्य में सारंगढ़ के प्राचार्य एस आर बैरागी ने भी सहयोग किया। शिविर में एएसपी सुरेशा चौबे, रायगढ़ राजकुमारी विजयश्री, समाज सेवी आरती सिंह सारंगढ़ के मुख्य समाज सेवी महेंद्र अग्रवाल एडवोकेट मुकेश साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष चिंताराम साहू, बरत साहू जी, कृष्ण कुमार साहू, सुरेश साहू, डॉ नीति साहूएमबीबीएस, डॉ ममता पटेल, जयप्रकाश पटेल, विजय अंचल तथा अन्य गणमान्य नागरिकों को उपस्थिति महत्वपूर्ण रही। सफल कैम्प के आयोजन में रक्तमित्र सारंगढ़ के खिलेश साहू अनुज जयसवाल की भूमिका प्रमुख रही साहू समाज सारंगढ़ की तरफ से एडवोकेट मुकेश साहू ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कैम्प की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

# एसएसपी संतोष सिंह ने कालीबाड़ी में भगवान गणेश के किए दर्शन



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संतोष सिंह ने रविवार रात कालीबाड़ी स्थित जय भोले ग्रुप गणेशोत्सव समिति के पंडाल में भगवान गणेश के दर्शन किए। एसएसपी सिंह अपने परिवार के साथ पहुंचे और विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की। गणेशोत्सव के इस पावन अवसर पर कालीबाड़ी के पंडाल में खास तौर पर आईएनएस विक्रांत पोत की प्रतिकृति बनाई गई है, जो भारतीय नौसेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। कालीबाड़ी में हर साल भव्य रूप से सजाए जाने वाले गणेश प्रतिमा और पंडाल ने इस बार भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। आईएनएस विक्रांत की थीम पर बने इस पंडाल में भारतीय नौसेना की वीरता और समर्पण का संदेश दिखाई देता है। यह पंडाल न केवल कालीबाड़ी में बल्कि पूरे अंचल में चर्चा का विषय बन गया है। एसएसपी संतोष सिंह की उपस्थिति के दौरान जय भोले ग्रुप सेवा समिति के कई प्रमुख सदस्य भी मौजूद थे, जिनमें परमानन्द सिंह, कृष्णा साहू, परमवीर सिंह गौतम, अनिल दुबे, रितेश केशरवानी, गुड्डू क्षत्रिय, रोशन सागर बबला भाई, युवा अध्यक्ष लक्ष्य साहू, प्रेम साहू, और रोमा साहू प्रमुख थे। समिति के सदस्यों ने एसएसपी का स्वागत करते हुए गणेशोत्सव की भव्यता और उसकी तैयारी के बारे में जानकारी दी। गणेशोत्सव समिति का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि समाजिक सद्भाव और एकता का प्रतीक भी माना जा रहा है।

## मुख्यमंत्री साय आज 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' में होंगे शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 17 सितम्बर को ''स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024'' में शामिल होंगे। राजधानी रायपुर के तेली बांधा परिसर रायपुर में सुबह 8 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। कार्यक्रम में स्वच्छता हेतु सामूहिक श्रम दान, स्वच्छता मैराथन का शुभारंभ, सफाई मित्रों का सम्मान, पी.पी.ई. कीट का वितरण, पक्षी संरक्षण जागरूक एवं वेस्ट टू बेस्ट के तहत गौरया कलाकृति का लोकार्पण, गांधी उद्यान में ''एक पेड़ मां के नाम'' वृक्षारोपण और स्वच्छता ही सेवा हेतु शपथ ग्रहण दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, अनुज शर्मा, मोती लाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरू खुशवंत साहेब, इन्द्रकुमार साहू, महापौर एजाज ढेबर, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा एवं नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी।


## स्वच्छ रहोगे, तो स्वस्थ रहोगे

साफ-सफाई हमारे जीवन-शैली का हिस्सा बनकर आदत में शामिल होनी चाहिए। हर नागरिक के सहयोग से हम अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएंगे। यह अभियान के साथ-साथ जन आंदोलन है।

स्वच्छता रखें, स्वच्छ पानी पीएं, जल जनित बीमारियों से सतर्क रहें। अपना और अपने परिवार का ख्याल रखें। दूषित जल का सेवन न करें।

रायपुर नगर निगम द्वारा स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है, आप भी सहभागी बनें। अपने रायपुर को स्वच्छ बनाएं।

**जनहित में जारी**

मोर Raipur SMART CITY

स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

**शहर को स्वच्छ बनाएं, बीमारियों को दूर भगाएं।**


# स्वास्थ्य मंत्री ने दिए निजी पैथोलॉजी लैब्स की सूची बनाने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सोमवार को राज्य के सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएमएचओ), सिविल सर्जन (सीएस) और नोडल अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य सुधार और नीतियों पर चर्चा की गई, जिसमें निजी पैथोलॉजी लैब्स की नियमितता, चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस और जन औषधि केंद्रों की स्थापना प्रमुख रूप से शामिल थी। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी जिलों के सीएमएचओ को निर्देशित किया कि एक माह के भीतर अपने जिलों में संचालित सभी निजी पैथोलॉजी लैब्स की सूची तैयार करें। साथ ही, जिन लैब्स के पास वैध दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें एक वर्ष के भीतर नियमितिकरण की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। इसके लिए लैब्स को आयुष विश्वविद्यालय से डिप्लोमा कोर्स करने का मौका दिया जाएगा। इसके अलावा, सरकारी अस्पतालों की पैथोलॉजी सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने शासकीय चिकित्सकों को निजी प्रैक्टिस करने के खिलाफ सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि शासकीय चिकित्सकों को नियमानुसार भत्ता दिया जा रहा है, और इसके बावजूद अगर कोई नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जायसवाल ने शासकीय अस्पतालों से अन्य अस्पतालों में रेफर किए जा रहे मरीजों की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अस्पतालों को मरीजों को रेफर करने के स्पष्ट कारण बताने होंगे, और जरूरत पड़ने पर इन कारणों की समीक्षा भी की जाएगी। मंत्री ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि तीन माह के भीतर राज्य में 500 जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी पूरी की जाए। यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी योजना के तहत किया जाएगा, जिससे जनता को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराई जा सकेंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, और डायरिया के प्रति जागरूकता फैलाएं और इसके लिए अस्पतालों में दवाइयों और जांच किट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करें।




# जेसीआई कोंडागांव स्टार ने धूमधाम से किया जेसीआई सप्ताह का आयोजन

## जेसीआई कोंडागांव स्टार ने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर मनाई जेसीआई दिवाली

पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जेसीआई कोंडागांव स्टार द्वारा 9 से 15 सितंबर के बीच जेसीआई सप्ताह, जेसीआई दिवाली का आयोजन किया गया। जेसीआई प्रेसिडेंट डॉ नीता मिश्रा, सेक्रेटरी संयम गोलछा व जेसीआई सप्ताह कोऑर्डिनेटर पूनम पाणिग्रही के संयुक्त प्रयास से जेसीआई सप्ताह अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जेसीआई इंडिया के मुंबई स्थित राष्ट्रीय कार्यालय से प्राप्त निर्देशानुसार दिनवार विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए थे, जिनका जेसीआई कोंडागांव द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जेसीआई स्टार, जो की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मान्यता प्राप्त जेसीआई इंडिया की एक इकाई के रूप में कोंडागांव में वर्ष 2023 में प्रारंभ किया गया हैं, शुरुआत से ही अपने कार्यो के द्वारा जिले में एक विशिष्ट स्थान बनाने में सक्षम रहा है। जेसीआई दिवाली अंतर्गत 9 सितंबर को जेसीआई सप्ताह का उद्घाटन ग्रैटिट्यूड डे के रूप में करते हुए आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों को अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञ होने एवं प्रतिवर्ष अपने हाथों से लिखा हुआ एक कृतज्ञता पत्र प्रेषित करने हेतु प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त जेसीआई कोंडागांव के सदस्यों ने समर्पण वृद्ध आश्रम डीएनके कॉलोनी में वृद्ध जनों के साथ खुशियों के पल नाम से एक कार्यक्रम आयोजित कर उनके साथ समय व्यतीत किया। इस दौरान उनकी जरूरत, उनकी इच्छाएं और उनके अनुभव सुनकर खुशियां बाटी गई। 10 सितंबर को इन्वेस्ट इन योरसेल्फ कार्यक्रम अंतर्गत महात्मा गांधी वार्ड स्थित स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए विशेष योगा सेशन एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु मेडिटेशन कराया गया। उन्हे प्रतिदिन अपनी सेहत का ध्यान रखने हेतु विशेष सुझाव दिए गए। इन्वेस्ट इन स्किल प्रोग्राम अंतर्गत प्रभावी संवाद एवं कम्युनिकेशन स्किल इंप्रूव करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया 11 सितंबर को पर्यावरण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत धरती को बचाने हेतु एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत विभिन्न कोंडागांव व नारायणपुर के विभिन्न स्थलों में वृक्षारोपण किए गए। जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं इसके लाभ बताते हुए ऑनलाइन जागरूकता संबंधी जानकारी दी गई। यह पाया गया है कि, सरकार द्वारा प्रति निर्मित भवन में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाना आवश्यक है किंतु सक्रिय रूप से क्रियाशील न होने के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। सक्रिय रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से प्रति माह 50 से 60000 गैलन पानी संरक्षित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जलवायु परिवर्तन के दौर में अधिकाधिक रिन्यूएबल ऊर्जा स्रोत के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु घरों की छतों में सोलर पैनल लगाने हेतु रील बनाकर विभिन्न सोशल मीडिया साइट के माध्यम से जागरूकता प्रसारित की गई।

## उड़ीसा से शराब परिवहन करते पकड़े गए तस्कर



पायनियर संवाददाता ◂ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिला के थाना अनंतपुर क्षेत्र में अवैध शराब तस्कर पर लगातार कार्यवाही की जा रही थी। 15 सितंबर को थाना अनंतपुर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि, उड़ीसा राज्य से अवैध रूप से शराब परिवहन करते हुए वाहन टोयेटा कार से एक व्यक्ति आ रहा हैं की सूचना पर ग्राम बीजापुर चेक पोस्ट नाका पर घेराबंदी कर उड़ीसा के तरफ से आ रही टोयेटा रूमीयन सफेद पर रोककर तलाशी लेने पर वाहन के पीछे डिक्की और पीछे सीट में 14 पेटी हंटर बियर शराब अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 24-24 नग प्रत्येक नग 500 एमएल किमती 40 हजार 320 रूपये, 2 पेटी नम्बर 1 अंग्रेजी शराब प्रत्येक पेटी में 48-48 नग प्रत्येक नग 180 एमएल किमती 17 हजार 280 रूपये, कुल 16 पेटी में जुमला 185.280 लीटर सीलबंद हालात में भरी हुई मिली। अंग्रेजी शराब जुमला कीमती 57 हजार 600 रूपये को जप्त कर आरोपी संजीत मंडल रामलाल मंडल उम्र 34 वर्ष साकिन उमरगांव थाना अनंतपुर जिला कोंडागांव के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से थाना अनंतपुर में आबकारी एक्ट की धारा 3 4(2) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया है।

## सिरहासार भवन में सम्पन्न हुई डेरी गड़ाई पूजा विधान



पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की डेरी गड़ाई पूजा विधान सोमवार को सिरहासार भवन में आस्था और श्रद्धा के साथ पूरे उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। इस दौरान बाजे-गाजे के साथ पारम्परिक विधि-विधान से डेरी गड़ाई रस्म अदा की गई। इस मौके पर बस्तर सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष लक्ष्मण मांझी और कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस,अपर कलेक्टर सीपी बघेल, तहसीलदार एवं सचिव बस्तर दशहरा समिति रुपेश मरकाम तथा मांझी-चालकी,मेम्बर-मेम्बरीन,पुजारी-सेवादार एवं बस्तर दशहरा समिति के सदस्यों के साथ ही बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने डेरी गड़ाई पूजा विधान में श्रद्धापूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## बस्तर जिले के नव पदस्थ कलेक्टर हरिस् एस ने किया पदभार ग्रहण





पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर ज़िले के नव पदस्थ कलेक्टर हरीस एस ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। कलेक्टर हरीस एस 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। इससे पूर्व सुकमा कलेक्टर के रूप में पदस्थ रहें है। पदभार ग्रहण करने के बाद जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया, उन्होंने अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, डिप्टी कलेक्टर हीरा, उप संचालक जनसंपर्क कमल बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुबई से संचालित हो रहे इन्वेस्टमेंट स्कैम गिरोह का बस्तर पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। साइबर क्राइम के बढते मामलों को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक उदित पुष्कर एवं उप पुलिस अधीक्षक, नोडल सायबर सेल गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में विशेष रूचि लेकर साइबर क्राइम को रोकने एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज सायबर अपराध के एक प्रकरण जिसमें इनवेस्टमेंट के लिये एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर धनराशि डिपाजिट कर कभी भी निकाल पाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले आरोपियो पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

24 मई से 23 जून के मध्य प्रार्थी सेतराम साहू पिता बिसौहा राम साहू नि. कुम्हारपारा जगदलपुर, फेसबुक में विज्ञापन के द्वारा एक वाट्सअप ग्रुप जिसका नाम TPGAMC STOCK BUSINESS SCHOOLD-109 में जुड़ गए। जुडने के बाद स्टॉक मार्केटिंग में पैसे लगाकर हाई रिटर्न देने का वादा कर, पैसे कभी भी निकाल पाने की बात कहकर मोबाईल 'एप्लीकेशन TPG MF' डाउनलोड करके अपना अकाउंट क्रिएट करने कहा गया तथा इस एप्लीकेशन के माध्यम से स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग में इन्वेस्ट करने प्रेरित किया गया और विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से प्रार्थी के बैक अकांउट से कुल 26,30,000 रूपये का फर्जी निवेश करा कर ठगी किया गया है। ठगी के संबंध में प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में ठगी (धारा 420 भादवि0, 66-डी आई0टी0 एक्ट) का अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। दौरान अनुसंधान के मामले में आरोपी के बैंक खातो के विश्लेषण एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही के उपस्थिति की जानकारी गुजरात में मिलने पर निरीक्षक गौरव तिवारी, रवींद्र मण्डवी एवं उपनिरीक्षक अमित सिदार के नेतृत्व में टीम गठित कर रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा सुरत गुजरात पहुंचकर खाता धारक शियाणिया यज्ञेष प्रवीण भाई, डोयरिया महेन्द्र भीखू भाई, घनश्यामभाई भगवान भाई नरोला एवं अजगिया अभिषेक जयंती भाई को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर स्टॉक मार्केट इन्वेस्टमेंट के नाम छत्तीसगढ राज्य में दुर्ग भिलाई एवं बस्तर में प्रार्थियो से कुल 2,39,20,657 रूपये का ठगी करना एवं ठगी के आरोपियो का बडा नेटवर्क/सिंडीकेट काम करना जिसका संबंध 'दुबई' होना बताते हुए सभी ने अपराध करना स्वीकार किया है। मामले के सभी आरोपियो को गुजरात के सूरत , जामनगर,अहमदाबाद से गिरफ्तार कर, ट्रांजिस्ट रिमांड पर जगदलपुर लाया गया जिन्हे रिमांड पर न्यायालय भेजा जा रहा है। उक्त प्रकरण में आरोपियों के कथन और साक्ष्य के आधार पर अभी भी गुजरात में टीम के द्वारा कैम्प कर गिरोह के अन्य आरोपियों के पतासाजी एवं गिरफ़्तारी की कार्यवाही की जा रही है। मामले के मास्टर माइंड जिसका दुबई में होना बताया जा रहा है एवं आरोपी अभिषेक दुबई जाकर सिंडिकेट के किंगपिन 'निखिल पनसरिया' से मिलना स्वीकार किया है तथा उसके कहने पर रक़म को उसके बताये अनुसार देना स्वीकार किया हैं,के विरुद्ध साक्ष्य एकत्र कर लुक आउट सर्कुलर की प्रक्रिया की जा रही है , साथ ही मामले में उपयोग हुए बैंक खातों और उसमे उपलब्ध धन को फ्रीज़ कराने की कार्यवाही भी की जा रही है। उक्त प्रकरण में उपयोग में लाये गए बैंक खातों और मोबाइल नंबर के विरूद्ध 60 से भी अधिक ऑनलाइन शिकायत जिनमें ठगी की धनराशि लगभग 6 करोड़ है ,दर्ज हैं। उक्त संबंध में देश के विभिन्न राज्यों सहित दुर्ग ज़िले में सुपेला थाना में 2.40 करोड़ की ठगी की FIR है जिस संबंध में जानकारी भेजी जा रही है ।


## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV-A नियम 8(6) के लिए देखें**

**अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एंव पूनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तं व सपठित नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई–नीलामी विक्रय सूचना
आमजन को साधारणतया तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बन्धक अचल सम्पत्तियों का सांकेतिक कब्जा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के नाम से ज्ञात जो कि आगे एयू एस एफ बी सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को ''जैसे है जहाँ है'' एवं जो भी है जैसा भी है के आधार पर ई–नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का व्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है।
यह सूचित किया जाता है कि ई–नीलामी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

| ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह–ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | 13(2) नोटिस की दिनांक व राशि | कब्जा दिनाक | सम्पत्ति का विवरण | सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि | नीलामी की तिथि एवं समय | ई–निविदा जमा कराने की तिथि | ई–निविदा खोलने, जमा कराने का स्थान | सम्पर्क सूत्र व संपति विजिट दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120015151 मनोज लाईट मकान जरिये प्रोपराइटर मनोज यादव (ऋणी), मनोज यादव पुत्र किशन लाल यादव (सहऋणी), श्रीमती मातेश्वरी यादव पत्नी मनोज यादव (सहऋणी) | 12-दिसम्बर-23 10,47,584/- दस लाख सैंतालीस हजार पांच सौ चौरासी रूपये मात्र 11-दिसम्बर 23 तक | 15-मार्च -24 | संपति स्थित पीएच नं. 35, खसरा नं. 1247/38, ग्राम मंगला जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 84.77 वर्ग गज | Rs. 14,50,000/- चौदह लाख पचास हजार रूपये मात्र | Rs. 1,45,000/- एक लाख पैंतालीस हजार रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्रथम तल, दुकान नं. 4,5,6 मित्तल चैम्बर्स, मैन रोड, व्यापार विहार एवं पोस्ट बिलासपुर छत्तीसगढ पिन 495001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122050061 सुरेश कुमार देवांगन पुत्र चन्द्रहास देवांगन (ऋणी), श्रीमती रूकमणी देवागंवन पत्नी दुखु (सहऋणी) | 13-दिसम्बर-23 9,20,621/- नौ लाख बीस हजार छः सौ इक्कीस रूपये मात्र 11-दिसम्बर 23 तक | 14-मार्च -24 | संपति स्थित 190/4/5/4, ग्राम सोरीदभाट, तहसील एवं जिला धमतरी, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.005 हैक्टैयर | Rs. 18,40,000/- अठारह लाख चालीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,84,000/- एक लाख चौरासी हजार रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: विजय प्लाजा मेनोनोट चर्च के पीदे, बस्तर रोड, धमतरी छत्तीसगढ 493773 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल: auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119887658 सावडिया एन्टरप्राइजेज (ऋणी), श्रीमती अंजली अग्रवाल पत्नी श्याम लाल (सहऋणी), अजय कुमार सावडिया पुत्र राम अवतार सावडिया (सहऋणी) | 14-दिसम्बर-23 23,87,879/- तेइस लाख सतासी हजार आठ सौ उनयासी रूपये मात्र 11-दिसम्बर 23 तक | 14-मार्च -24 | संपति स्थित खसरा नं. 64/4 एवं 65/4 नया (64/2 एवं 65/3), पीएच नं. 46, ग्राम संकरा, तहसील पिथौरा, जिला मासामुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.05 हैक्टेयर | Rs. 43,61,000/- तेतालीस लाख इकसठ हजार रूपये मात्र | Rs. 4,36,100/- चार लाख छत्तीस हजार एक सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070130075345 श्रीमती लक्ष्मी बाई सरोदे पत्नी स्व. श्री जय कुमार सरोदे (सहऋणी एवे विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री जय कुमार सरोदी-ऋणी), अजय कुमार सरोदे पुत्र विश्वनाथ सरोदे (सहऋणी), नीरज कुमार सरोदे पुत्र स्व. श्री जय कुमार सरोदे (सहऋणी एवं विधिक उत्तराधिकारी स्व. श्री जय कुमार सरोदे- ऋणी), **नोटः** उक्त प्रकरण डीआरटी एसए, जबलपुर प्रकरण नं. 818/2024 प्रकरण श्रीमती लक्ष्मी बाई सरोदे बनाम एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि. | 15-दिसम्बर-23 32,42,383/- बत्तीस लाख बयालीस हजार तीन सौ तिरासी रूपये मात्र 15-दिसम्बर 23 तक | 15-जून -24 | संपति स्थित खसरा नं. 665/290, पीएच नं. 57, माधव राव सापरे वार्ड नं. 69, सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा, आरएनएम रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर (छत्तीसगढ) पूर्वः जोशी का मकान, पश्चिमः रोड, उत्तरः विक्रेता की भूमि, दक्षिणः भूपेश शर्मा का मकान, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फीट | Rs. 24,90,000/- चौबीस लाख नब्बे हजार रूपये मात्र | Rs. 2,49,000/- दो लाख उनचास हजार रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | विकास दुबे/ धीरज पाण्डे 7389928076 7389923795 ई.मेल: auctions@ aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060721703032 जय कृषि केन्द्र जरिये प्रोपराइटर लोमेश कुमार (ऋणी), लोमेश कुमार पुत्र गिरधर राम पाल (सहऋणी) | 12-जनवरी-24 17,36,962/- सत्रह लाख छत्तीस हजार नौ सौ बासठ रूपये मात्र 10-जनवरी 24 तक | 18-जुलाई -24 | संपति स्थित पीएच नं. 55, खसरा नं. 1954, मौजा केशरा, आरएनएम, पाटन, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1435.18 वर्ग गज | Rs. 24,80,000/- चौबीस लाख अस्सी हजार रूपये मात्र | Rs. 2,48,000/- दो लाख अडतालीस हजार रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: विजय प्लाजा मेनोनोट चर्च के पीदे, बस्तर रोड, धमतरी छत्तीसगढ 493773 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060120286161 मदन लाल वर्मा पुत्र संतराम (ऋणी), दीपिका कुमार वर्मा पुत्र मदन लाल वर्मा (सहऋणी) | 12-जनवरी-24 4,20,337/- चार लाख बीस हजार तीन सौ सैंतीस रूपये मात्र 10-जनवरी 24 तक | 18-जुलाई -24 | संपति स्थित खसरा नं. 305/2, 305/8, पीएच नं. 35/2, वार्ड नं. 17, ममतानगर, ग्राम मोतीपुर, तहसील एवं जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.006 हैक्टेयर | Rs. 9,70,000/- नौ लाख सत्तर हजार रूपये मात्र | Rs. 97,000/- दो सतानवे हजार रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060713635022 रामजी दिवाकर पुत्र रामधर दिवाकर (ऋणी), श्रीमती रामशिला दिवाकर पत्नी ईश्वरी (सहऋणी) | 12-जनवरी-24 6,40,859/- छः लाख चालीस जार आठ सौ उनसठ रूपये मात्र 10-जनवरी 24 तक | 25-मई -24 | संपति स्थित खसरा नं. 1409/3, पीएच नं. 12, ग्राम बरभाटा, तहसील नावागढ, जिला जांजगीर चांपा, छत्तीसगढ 495556, क्षेत्रफल 4360 वर्ग फीट | Rs. 13,45,000/- तेरह लाख पैंतालीस हजार रूपये मात्र | Rs. 1,34,500/- एक लाख चौंतीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: भूतल, तिवारी कॉम्पलेक्स केरा रोड नायला जांजगीर 495668 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060126344642 बिस्मिल्ला सोलंकी पत्नी गयासुद्दीन सोलंकी (ऋणी), गयासुद्दीन सोलंकी (सहऋणी) | 13-फरवरी-24 7,65,778/- सात लाख पैंसठ हजार सात सौ अठहत्तर रूपये मात्र 12-फरवरी 24 तक | 03-जुलाई -24 | संपति स्थित खसरा नं. 69/4, पीएच नं. 18, वार्ड नं. 07 ग्राम कोपेभाटा, आर.एन.एम. गंदई, तहसील छुईखदान, जिला राजनंदगांव, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.005 हैक्टेयर | Rs. 9,15,000/- नौ लाख पन्द्रह हजार रूपये मात्र | Rs. 91,500/- इक्यानवे हजार पांच सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: ग्राउंड फ्लोर सहदेव नगर चौक, अपोलो फार्मेसी के पीछे राजनांदगांव छत्तीसगढ 491441 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060121494902 सिया साडी (ऋणी), मोहित वर्मा पुत्र सामरूवर्मा (सहऋणी), रामसिंह वर्मा पुत्र मोहित वर्मा (सहऋणी) | 15-फरवरी-24 1,99,301/- एक लाख निन्यानवे हजार तीन सौ एक रूपये मात्र 12-फरवरी 24 तक | 18-जुलाई -24 | संपति स्थित खसरा नं. 815/46, पीएच नं. 14, ग्राम केवली, तहसील खंडेरसा, जिला बेमेतरा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 603 वर्ग मीटर | Rs. 3,71,000/- तीन लाख इकहत्तर हजार हजार रूपये मात्र | Rs. 37,100/- सैंतीस हजार एक सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060117685415 आसकरण देवांगन पुत्र कन्हैया लाल देवांगन (ऋणी), श्रीमती गायत्री देवांगन पत्नी तुला राम देवांगन (सहऋणी) | 10-अप्रैल-24 6,62,454/- छः लाख बासठ हजार चार सौ चौवन रूपये मात्र 08-अप्रैल 24 तक | 18-जुलाई -24 | संपति स्थित ग्राम पंचायत मकान नं. 196, वार्ड नं. 15, 399/3 सारंगपाल कांकेर, कांकेर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 484.38 वर्ग गज | Rs. 11,95,000/- ग्यारह लाख पिच्यानवे हजार रूपये मात्र | Rs. 1,19,500/- एक लाख उन्नीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: विजय प्लाजा मेनोनोट चर्च के पीदे, बस्तर रोड, धमतरी छत्तीसगढ 493773 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060721808007 रूपेश कुमार धुरंधर पुत्र अश्वनी धुरंधन (ऋणी), ओमप्रकाश धुरंधर पुत्र अश्वनी धुरंधर (सहऋणी), अश्वनी कुमार धुरंधर पुत्र भीकम प्रसाद (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 15,41,742/- पन्द्रह लाख इकतालीस हजार सात सौ बयालीस रूपये मात्र 12-अप्रैल 24 तक | 15-जुलाई -24 | संपति स्थित खसरा नं. 398/17, पीच नं. 100, ग्राम रेवाभाटा, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 122.21 वर्गगज | Rs. 17,75,000/- सत्रह लाख पिचहत्तर हजार रूपये मात्र | Rs. 1,77,500/- एक लाख सतहत्तर हजार पांच सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | प्रवीण येदला/ धीरज पाण्डे 7389949287 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060115098997 दिनेश जायसवाल पुत्र होरी लाल जायसवाल (ऋणी), श्रीमती संतोषी जायसवाल पत्नी गणेश जायसवाल (सहऋणी), श्रीमती शारदा जायसवाल पत्नी दिनेश जायसवाल (सहऋणी) | 12-अप्रैल-24 9,72,167/- नौ लाख बहत्तर हजार एक सौ सडसठ रूपये मात्र 12-अप्रैल 24 तक | 02-जुलाई -24 | संपति स्थित सर्वे नं. 1014/4, पीएच नं. 06/29, रिम वार्ड नं. 06, ग्राम मुंगेली, तहसील एवं जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 600 वर्गफीट | Rs. 13,05,000/- तेरह लाख पांच हजार रूपये मात्र | Rs. 1,30,500/- एक लाख तीस हजार पांच सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060119901333 रायपुर मेन्स पार्लर जरिये प्रोपराइटर विनोद कुमार सेन (ऋणी), विनोद कुमार सेन पुत्र शिवनंदन सेन (सहऋणी), श्रीमती संध्या सेन पत्नी विनोद सेन (सहऋणी) | 14-मई-24 6,24,851/- छः लाख चौबीस हजार आठ सौ इक्यावन रूपये मात्र 13-मई 24 तक | 02-अगस्त -24 | संपति स्थित पीएच नं. 27/28, खसरा नं. 199/1, महूजा घोलपारा, तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2616 वर्ग फीट | Rs. 10,71,000/- दस लाख इकहत्तर हजार रूपये मात्र | Rs. 1,07,100/- एक लाख सात हजार एक सौ रूपये मात्र | 06-नवम्बर-2024 दोपहर 2 बजे से सांय 4 बजे तक प्रत्येक 5 मिनट के अंतराल से | 04-नवम्बर 2024 तक या इससे पहले | एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 22, शीट नं. 9, डागा पेट्रोल पम्प के पास, फाफादिक चौक रायपुर 492001 | रवि सिंह / धीरज पाण्डे 9773306876 7389923795 ई.मेल:auctions @aubank.in संपति निरीक्षण दिनांक 23 अक्टूबर 2024 |

ई–निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:
1. बंधक परिसंपत्ति की ई–नीलामी बिक्री AUSFB सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है,'' जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्तसम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। 2.ऑनलाइन ई–निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी के माध्यम से देय है एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड MSME AUCTION POOL ACCOUNT के नाम, चालू खाता संख्या 1921201121711599 AU SMALL FINANCE BANK LIMITED पांचवी एवं छठी मंजिल, सनी बिग जंक्शन एसटीसी खसरा नं. 64 से 67, ग्राम सुखईपुरा, न्यू आतिश मार्केट जयपुर 302020 IFSC कोड : AUBL0002011 में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लियाजा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी auctions@aubank.in पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नंबर भेजने की आवश्यकता होगी। 3. सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई–निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए वेबसाईट https://sarfaesi.auctiontiger.net & https://www.aubank.in/bank-auction अवश्य देखें। और अधिक जानकारी के लिए ई–मेल auctions@aubank.in पर संपर्क करें।
**नोट:**–यह सूचना पत्रऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

**दिनांक: 16.09.2024** **स्थान: छत्तीसगढ** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# तहसीलदार नीलमणि दुबे पर भाजपाइयों ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग

## जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में भाजपाई थाने पहुंचे, कार्रवाई की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पूर्व विधायक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर भाजपाइयों ने मंत्री टंकराम वर्मा के खिलाफ दुर्भावनावश तथ्यहीन बयान देने पर तहसीलदार नीलमणी दुबे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने तहसीलदार नीलमणि दुबे के बयान की निंदा की, जिसमें राजस्व मंत्री पर पैसे लेकर ट्रांसफर और पोस्टिंग करने का झूठा और निराधार आरोप लगाया था।



भाजपा नेताओं ने कहा कि नीलमणी दुबे का बयान मानसिक दिवालियापन को दर्शाता है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। हम इसकी निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि नीलमणि दुबे के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। नीलमणी दुबे ने राजस्व मंत्री पर आरोप लगाया था कि उन्होंने पैसे लेकर ट्रांसफर और पोस्टिंग की है, जिसे पूर्व विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने मंत्री और पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास बताया है।

डॉ. जांगड़े ने आगे बताया कि सोशल मीडिया और समाचार पत्रों में भी स्वयं तहसीलदार नीलमणि दुबे के द्वारा उक्त बातें कही गई है।

तहसीलदार नीलमणि दुबे स्वयं को कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ का अध्यक्ष होने का रौब दिखाकर मंत्री टंकराम वर्मा के ऊपर अनर्गल लांछन लगाकर उनकी लोकप्रियता को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। तहसीलदार के इन कृत्यों से भाजपा समर्थक एवं कार्यकर्ताओं को अत्यधिक पीड़ा हुई है। वहीं पार्टी की छवि धूमिल हुई है।

अतः संबंधित तहसीलदार पर एफआईआर दर्ज करने की मांग किया गया है। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर, भाजपा नेता धनंजय साहू, नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष नरेश केशरवानी, भाजपा नेता पुरुषोत्तम सोनी, भाजपा नेता आलोक अग्रवाल, जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा रितेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष डोमन वर्मा, कार्यालय प्रभारी राजेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष संकेत शुक्ला, शशिभूषण शुक्ला, पुरुषोत्तम साहू, राकेश ध्रुव, शिवनरेश मिश्रा, संजय श्रीवास, चंद्रिका वर्मा, भीम कन्नौजे, राम कुमार वर्मा, आकाश सिंह, वेदांत रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

# विहिप बजरंगदल सिमगा प्रखंड की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के सिमगा नगर में विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की जिला एवं सिमगा प्रखंड की बैठक विप्र भवन में सम्पन्न हुई।

जिसमें रायपुर से विभाग संगठन मंत्री ओम प्रकाश सैनी, विभाग समरसता प्रमुख राजेश साहू जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी जिला सह मंत्री मुकेश पटेल जिला सह संयोजक दीपक साहू विजय साहू सेवा प्रमुख लक्ष्मेंद्र अग्रवाल की उपस्थिति में रामकुमार साहू प्रखंड अध्यक्ष रूपेंद्र साहू प्रखंड उपाध्यक्ष यशवंत पटेल प्रखंड मंत्री नीलकंठ यदु सत्संग प्रमुख केवल साहू बजरंगदल प्रखंड संयोजक प्रताप साहू साप्ताहिक मिलन प्रखंड के नवीन दायित्व ग्रहण किये।

बैठक भारतमाता श्री राम दरबार की आरती के साथ प्रारम्भ हुई। इसके उपरांत विभाग एवं जिला पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए क्षेत्र में बढ़ रहे धर्मान्तरण लव जिहाद जमीन जिहाद गौतस्करी गौमाँस बिक्री के मामलों में ध्यानाकर्षण कर प्रतिबंध लगाने के लिए शासन प्रशासन को ज्ञापन प्रदर्शन आदि माध्यमों से अवगत कराने तथा हिन्दू समाज में जागरूकता अभियान चलाने हिन्दू समाज को एकजुट करने की बात पर जोर देते हुए अधिक से अधिक युवा बुद्धिजीवी वर्ग महिलाओं को संगठन से जोड़ने का प्रयास करने एवं संगठन के साथ ही समाज के लिए समर्पित होकर कार्य करने का आग्रह किया।

बैठक में सिमगा नगर एवं आस पास से आए गांवों से सोनू पाटकर सुखनंदन वैष्णव ओमकार साहू गीतेश साहू दीपक कुमार साहू टेकराम साहू तेजा गोस्वामी ऋषभ दुबे विनोद पांडेय टेकराम साहू समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पर्यूषण पर्व का नौंवा दिन आकिंचन धर्म

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पर्यूषण पर्व का नौंवा दिन आकिंचन धर्म कहलाता है। आकिंचन धर्म आत्मा का स्वयं के गुणो के अलावा संसार की कोई भी वस्तु अपनी नहीं होती पर पदार्थो के मोह से मुक्त आत्म स्वरूप ही उत्तम आकिंचन धर्म कहलाता है। श्री जी के शांति धारा करने का सौभाग्य जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश निश्चल जैन इरिया जैन एवं परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश से श्री जी के अभिषेक करने का सौभाग्य इंद्र कुमार जी नरेंद्र जैन, दिनेश जैन, निश्चल जैन, सुजल (संदीप जैन) अमित जैन अरिहंत जैन को प्राप्त हुआ। शाम की महा आरती करने का सौभाग्य मीना, रुचि, आइशा, समायरा जैन को प्राप्त हुआ। बाहर से आए हुए पंडित मनोज शास्त्री के मंत्रोपचार और धार्मिक गीत के साथ पूरा जैन समाज भक्तिमय आनंद में दिखाई दे रहा था।



बलौदा बाजार जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन व सचिव अमित जैन ने बताया कि 10 लक्षणपर्व का समापन दिन है यह अनंत चतुर्दशी का दिन कहलाता है। इस दिन जैन समाज की सभी प्रतिष्ठा ने बंद रहेंगे। शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन, सचिव अमित जैन बाहर से आये पंडित मनोज शास्त्री अनुराग जैन संदीप जैन सुधीर जैन प्रवीण जैन जितेंद्र जैन आदि की उपस्थिति में बताया कि कोई भी वस्तु अपनी नहीं होती है मेरा कुछ भी नहीं है मेरी आत्मा के अपने गुणों के सिवाय यही आकिंचन धर्म है। पंडित जी ने प्रवचन के बाद एक नाट्य कार्यक्रम भी करवाया, जिसमें इंद्र इंद्राणी एवं भगवान के माता-पिता का रोल समाज के संरक्षक इंद्र कुमार विमला देवी, कपूर चंद निर्मला देवी महेंद्र जैन मीना जैन, पवन जैन तारा जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन ममता जैन रितेश जैन रीत जैन अजीत जैन सीमा जैन लकी जैन एकता जैन आदि ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। इस तरह जैन समाज का 10 लक्षण पर्व बहुत ही हर्षोल्लास एवं भक्ति मय वातावरण में संपन्न हो रहा है।

# खरोरा में आज से स्वच्छता ही सेवा अभियान

पायनियर संवाददाता ➤ खरोरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से देश में स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 का आयोजन किया जा रहा है, खरोरा में भी नगर पंचायत के तत्वाधान में 17 सितम्बर से स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जावेगा। कार्यक्रम की शुरूआत शीतला माता मंदिर परिसर से विधायक अनुज शर्मा द्वारा स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया जावेगा मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया कि, कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु शहर के दो स्थानों का चयन किया गया है जहॉं लोग अक्सर गंदगी फैलाते रहे है वहॉं स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने वृक्षारोपण कर आमजनों को स्वच्छता का संदेश दिया जावेगा साथ ही 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य विविध स्वच्छता गतिविधियों के तहत नगर के समस्त 15 वार्डों में जन सहयोग से स्वैच्छिक श्रमदान कार्यक्रम, स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता, स्वच्छता शपथ, दौड़, रैली, तालाबों की सफाई के साथ-साथ उद्यान व मुक्तिधाम में सफाई किया जायेगा।

विशेष रूप से 01 अक्टूबर को नगर के पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक में स्वच्छता दीप प्रज्जवलित किया जावेगा और स्वच्छता के इस पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमजीवी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 02 अक्टूबर को पुराना पुलिस थाना के सामने स्थित सांस्कृतिक भवन में कार्यक्रम कर सम्मनित किया जावेगा। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर द्वारा समस्त नगरवासियों से अपील किया गया है कि सभी नगरवासी इस स्वच्छता अभियान में अधिक-से-अधिक संख्या में जुड़कर शहर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें और इस दौरान अपने द्वारा किये गये स्वच्छता गतिविधियों के फोटोग्राफ्स तथा विडियों क्लिप नगर पंचायत खरोरा के व्हाट्सअप नंबर 9630023586 में शेयर करें।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के दूसरे दिवस वेस्ट टू- बेस्ट इवेंट का आयोजन निगम सभाकक्ष में किया गया



**धमतरी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के दूसरे दिवस स्वच्छता की जन भागीदारी थीम अंतर्गत वेस्ट टू बेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी के सभाकक्ष में किया गया। जहाँ धमतरी निकाय अंतर्गत प्रतिदिवस स्वच्छता दीदियो के द्वारा घर.घर कचरा संग्रहण से प्राप्त होने वाले सूखे कचरे से घरेलु सजावटी सामग्रीयों का निर्माण किया जा रहा है, जिसे शहर के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शनी हेतु सभा कक्ष मे समय 10 बजे से आयोजन किया गयाएउक्त प्रदर्शनी का उद्देश्य थीम के तहत आम नागरिकों को कचरे के प्रसंस्करण से घरेलु सजावटी सामग्री का निर्माण और उपयोग करना प्रति दिवस प्राप्त होने वाले कचरो से तैयार किये गये आर्ट क्राफ्ट का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पर चंद्रप्रकाश साहू, लोकेश प्रजापति, विश्वनाथ निर्मलकर, योगेश रंगारी, मणी कंचन केंद्र के सुपरवाइजर संगीता बारले, नर्मदा साहू, रंजीता पटवा, भारती साहू, गीतांजलि बंजारे, दामनी साहू, दीक्षा नेताम, सुखबती रात्रे, संतोषी निषाद, संतरा दीप मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पेंसिल न पकड़ सकने वाले, सार्थक स्कूल के विशेष बच्चे कई पृष्ठ लिखने लगे हैं

***19 बच्चों ने सुलेख लिखा, सुलेख लिखवाने से इन विद्यार्थियों की हैंडराइटिंग और मात्रा में बहुत सुधार हुआ है : मैथिली गोड़े***

**धमतरी।** धमतरी के सार्थक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर 19 बच्चों ने दी गई विषयवस्तु को स्वच्छ और स्पष्ट तरीके से यथासंभव जमाकर सुलेख लिखा। हर्षिता गजेन्द्र, पंकज मंधान, श्वेता मसीह, एकलव्य पटेल, ईशु बनपेला लीकेश साहू, प्राची सोनी, देवश्री सारवा, दिशा गौतम, वत्सला साहू, प्रीती साहू, यज्ञदत्त साहू, मनीषा साहू, नेमेश सिन्हा, आकाश आहूजा, कुणाल जसूजा, सत्यांशु दीप, मनीष मंडावी, मोनिका आहूजा ने हिंदी विषय पर। 15 पंक्तियों की कविता को अपनी लिखावट में सुंदर बनाकर लिखा। पंकज ने सुलेख लिखकर फिर उसे पढ़कर भी सुनाया। प्राची ने कविता हिन्दी हमारी पहचान हैं हिंदी हमारा अभिमान है कविता सुनाई तो कुछ बच्चों ने हिंदी स्लोगन बोलकर सुनाया। सार्थक की वरिष्ठ प्रशिक्षिका मैथिली गोड़े ने बताया किए सुलेख लिखवाने से इन विद्यार्थियों की हैंडराइटिंग और मात्रा में बहुत सुधार हुआ है और सार्थक में प्रशिक्षण का ही परिणाम है किए प्रतिवर्ष बच्चे प्रगति कर रहे हैं बहुत से बच्चे हिंदी में लिखना और बोलना सीख गए हैं। सार्थक के सचिव स्नेहा राठौड़ ने सभी हिंदी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशिक्षक मैथिली गोड़ेए देविका दीवानए स्वीटी सोनी का सहयोग रहा।

# आंगनबाड़ी केंद्र बैतारी में महिला बाल विकास द्वारा मनाया वजन त्यौहार

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



आंगनबाड़ी केन्द्र में 12 सितंबर से वजन त्यौहार शुरू हो गया, जो 23 सितंबर तक चलेगा। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 12 दिन तक चलने वाले इस वजन त्यौहार में 0 से 06 वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हितकर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तरकी का जांच की जाएगी। साथ ही बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथी पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसी तारतम्य शुक्रवार को ग्राम बैतारी आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्योहार का आयोजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी में दर्ज सभी 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों का वजन और ऊंचाई मापा गया और जिन बच्चों की ऊंचाई लंबाई और वजन तय सीमा के अनुरूप नहीं पाया, उनके पालकों को पोषण स्तर सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस कार्यक्रम में में सेक्टर पर्यवेक्षक मिथिला सिदार, कार्यकर्ता लक्ष्मी सेठ, कार्यकर्ता सुजाता साहू, मितानीन सुकांति, जयंती एवं समस्त ग्रामवासी के गांव की महिलाएं उपस्थित थीं।

# कृषि उद्यानिकी एवं मतस्य पालन पर कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर द्वारा कृषि उद्यानिकी एवं मतस्य पालन पर एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर आडिटोरियम मे आयोजित किया गया गया। इस अवसर पर जिला तथा विकास खण्ड स्तरीय शासकीय अधिकारी जिसमें मुख्य रुप से कृषि विभाग से जयिन्द्र कंवर एसडीओ एग्रीकल्चर, जी.एन. तारम वरिष्ठ कृषि अधिकारी, सुचीन वर्मा, अश्वनी कुमार साहू एवं योगेश मंढरिया कृषि अधिकारी शमिल थे वहीं मतस्य विभाग से संजय चंद्रवंशी, उद्यानिकी से प्रदीप वर्मा एवं प्री पेट पापकॉर्न कम्पनी से राकेश पाल उपस्थित रहें। 100 से अधिक किसानो को शासकीय योजनओं की जानकारी प्रदान की गयी एवं 25 किसानों को इलेक्ट्रीक एवं पेट्रोल वाटर लिफ्टिंग पंप प्रदान किया गया, अल्ट्राटेक सी.एस.आर द्वारा कृषको को अंशदान राशि में सहयोग किया गया। कार्यक्रम मे अल्ट्राटेक प्रबंधन से एच. आर. हेड सुधिन्द्र पंडा, सुरक्षा विभाग प्रमुख आकाश चौरे की गरिमामयी उपस्थिति थी। पंडा ने कहा कि किसान ही हमारे अन्नदाता है और कृषि को उन्नत बनाने मे अल्ट्राटेक प्रबंधन यथा सम्भव सहयोग करती रहेगी। वही वरिष्ठ कृषि अधिकारी जी.एन. तारम ने कहा कि कृषि को व्यवसाय के रुप में अपनाये, जयिन्द्र कंवर एस.डी.ओ एग्रीकल्चर बलौदाबाजार ने कहा कि अल्ट्राटेक प्रबंधन का सहयोग सराहनीय तथा यह सहयोग किसानों के कृषि को आधुनिक बनाने में सहयोगी होगा। छत्तीसगढ शासन कृषि विभाग ने अल्ट्राटेक रावन प्रबंधन को उनके अतुलनीय सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. से प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय तथा टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, हेमलता ध्रुव, जानकी यादव, धनेश्चरी साहू, अरुणेंन्द्र सिंग एवं ताराचंद वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।


# रामधूनी केवल एक धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि यह मनुष्य के जीवन को सीख देने वाला है : रामू रोहरा

## ग्राम बागतराई में समस्त ग्रामवासियो एवं जय बजरंग मानस मंडली के तत्वाधान में रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम बागतराई में समस्त ग्राम वासियों एवं जय बजरंग मानस मंडली के तत्वावधान में रामधुनी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा महामंत्री रामू रोहरा मुख्य अतिथि रूप में पहुंच कर समस्त ग्राम वासियों से मुलाकात किया और भगवान रामचंद्र जी की छायाचित्र का पूजा अर्चना कर रामधूनी में राम नाम का श्रवण किये अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि आपके ग्राम बागतराई में यह रामधुनी कार्यक्रम विगत वर्षों से हो रहा है।





यह सौभाग्य की बात है रामधूनी केवल एक धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि यह मनुष्य के जीवन को सीख देने वाला है। रामधूनी में जहां भागवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है वहीं माता सीता को पवित्रता दर्शाया गया है। रामायण में लक्ष्मण और भरत दोनों का अपने भाई के प्रति अथाह प्रेम दिखाया गया है।

रामधूनी के हर एक चरित्र में कुछ न कुछ शिक्षा अवश्य प्राप्त होती है। यदि व्यक्ति रामधूनी को देखने के साथ साथ उससे मिलने वाली सिख का अपने जीवन में अनुसरण करें तो वह एक सफल जीवन व्यतीत कर सकता है। रामधूनी में कुछ ऐसी ही महत्वपूर्ण बातें बताया जाता है जिसमें जीवन का सार छिपा होता है।

रामायण हमें धैर्य और गंभीर बनने कि सीख देता है जिस प्रकार रामायण में भगवान राम ए माता सीता और लक्ष्मण तीनों ने चौदह वर्ष तक विपरीत परिस्थितियों में भी संयम के साथ समय व्यतीत किया । रामायण के इस बात से हमें सीख मिलती है कि व्यक्ति को हर परिस्थिति में संयम बरतना चाहिए। जो व्यक्ति सुख और दुख में संयम और धैर्य बनाए रखता है वह विषम परिस्थितियों से लड़कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

रामायण हमें परिवार एवं अपने परिवेश में एकता बनाए रखने कि सीख देता है जिस समय भगवान राम चौदह वर्ष के वनवास में थे तब उनके भाई लक्ष्मण ने सभी सुखों को त्याग करके उनके साथ वन को चले गए और अपने भ्राता और भाभी का माता-पिता के समान सेवा करते रहे तो वहीं भरत ने भगवान राम के खड़ाउ को सिंहासन में रखकर उनको शासक मानते हुए राज काज संभाला । इससे सीख मिलती है कि परिवार में सदैव एकता रखनी चाहिए। जब वनवास के समय रावण ने माता सीता का हरण किया तो राम जी ने उस समय अपना आत्मविश्वास नहीं डगमगाने दिया उन्होंने सभी को एकत्र कर समुद्र में सेतु का निर्माण किया और रावण का वध करके माता सीता को वापस लाए और आगे भाजपा मंडल आमदी के अध्यक्ष मुरारी यदु ने कहा कि भगवान राम ने योजना बनाकर एकता के साथ कार्य किया जाये तो कठिन से कठिन कार्य भी पूरा किया जा सकता है और लक्ष्य कि प्राप्ति कि जा सकती है।

इस कार्यक्रम में अमन राव, महामंत्री भाजपा मंडल आमदी, परमेश्वर साहू, बिसौहा राम, भगवती साहू सरपंच, अगेश्वरी यादव उपसरपंच, पुना राम, ध्रुव कुमार साहू, राजेश साहू, चन्द्रहास साहू, नरेन्द्र साहू, बलराम साहू, पंचू राम, झुम्मन लाल, कमलेश साहू, मंगल, अजय, रोशन साहू व ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

# साहू समाज आभार एवं अलंकरण समारोह, पत्रकार और साहू समाज के लोगों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ जैजैपुर
www.dailypioneer.com






सद्भावनाा भवन जैजैपुर में साहू समाज का आभार एवं अलंकार समारोह का आयोजन बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर ने किया। जिसमें साहू समाज के पदाधिकारी ने भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम को आभार एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि टहल साहू प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश साहू सघ उन्होंने अपने साहू समाज को आगे बढ़ाने के लिए एकरूपता की बात कही एवं किसी भी महिला का पति खत्म होने पर उनका चूड़ी घर में ही तोड़ने की बात कहे तथा समाज के द्वारा दान देने के लिए प्रेरित किया तथा अपने समाज के लोगों को एकरूपता होकर अपने साहू समाज को मतदान कर आगे भेजने की बात कही। । डॉक्टर खिलावन साहू दो बार विधानसभा में परास्थ होने के बदौलत आज बालेश्वर साहू हमारे जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बने हुए हैं यह डॉक्टर साहू का ही देन है वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 12 विधायक साहू समाज के विधायक हैं साहू समाज का चुनाव गांव स्तर में ही होना चाहिए गांव से ही प्रदेश में जाना चाहिए इस प्रकार से तीन मत देने की बात कही ग्रामीण, जिला एवं प्रदेश के मतदान एक ही जगह पर होगा। एक रूपता की शुरुआत हम छत्तीसगढ़ से ही करने जा रहे हैं। महिलाओं को हम जोली बनाना है ताकि महिला लोग आगे आ सकें। हमारे क्षेत्र के माननीय विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि मैं आप लोगों की बदौलत विधायक बना हूं अभी तक मैं साहू समाज का एक भी बैठक नहीं किया जो आज मैं कर रहा हूं आप लोगों का आशीर्वाद ही मेरा मुख्य उद्देश्य है हम सभी समाज के लोगों को एक राय होकर चलना है ताकि आने वाले समय में हमारे समाज के लोग अधिक से अधिक जागरूक हो सके हमारा समाज बहुत बड़ा है समाज के लोगों को राजनीति में आने के लिए भी प्रेरित किया इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप साहू विधायक कसड़ोल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ तैलिक महासभा छ ग विशिष्ट मोहन कुमारी साहू प्रदेश उपाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। पत्रकार गणों को भी स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया तथा साहू समाज के लोगों को भी स्मृति चिन्ह से भी सम्मानित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू की स्वागत में पूरा समाज उमर पड़ा। डॉक्टर नर्सिंग साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि, रमेश साहू अध्यक्ष नगर साहू सघ जैजैपुर के साथ डॉक्टर खिलावन साहू पूर्व प्रत्याशी भाजपा,आशा साहू ,अमृत उफ़्र बटी साहू के साथ अनेको नेता द्वय उपस्थित थे । जिन्हें दो महिलाओं ने बाधे रखा जिसमें आशा साहू एवं मोहन कुमारी साहू के बीच में पुरुष विराजमान रहे। जैजैपुर क्षेत्र में टहल साहू का यह प्रथम बैठक रहा। साहू समाज का बैठक देखकर टहल साहू काफी खुश नजर आए।

# चक्रधर समारोह के अन्तराष्ट्रीय मंच पर भूमिसूता मिश्रा ने बिखेरा अपना रंग, ओडिशी नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को किया भाव विभोर

■ मनमोहक प्रस्तुति और भाव भंगिमाओं के मुद्राओं से भूमि ने जीता सबका मन

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



39वें चक्रधर समारोह के नौवें दिन रायपुर की भूमिसूता मिश्रा ने कला नगरी रायगढ़ के अन्तराष्ट्रीय मंच पर ओडिशी नृत्य प्रस्तुत कर भाव-विभोर कर देने वाले भाव भंगिमाओं और मुद्राओं से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। 13 साल की कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा को एक नई पहचान देने वाली भूमिसूता मिश्रा राजधानी दिल्ली, ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर सहित छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर, भिलाई जैसे कई अन्य जगहों पर अपनी नृत्य की प्रस्तुति दे चुकी है। साथ ही छ.ग. के राजभवन में आयोजित उत्कल दिवस पर अपनी प्रस्तुति देकर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल से सम्मान प्राप्त कर चुकी है। बता दें कि रायपुर शहर की रहने वाली भूमिसूता मिश्रा बचपन से ही नृत्य व संगीत प्रेमी होने के साथ अपने माता पिता कि प्रेरणा से अपनी शिक्षा को निरंतर जारी रखते हुए नृत्य कला का भी अध्ययन करती है एवं प्रथम गुरू के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्व नृत्यांगना पद्मश्री सम्मान से सम्मानित पूर्णश्री राउत के सानिध्य में नृत्य कला की प्रारंभिक शिक्षा का अध्ययन प्रारंभ किया और वर्तमान में गुरू देवेन्द्रनाथ बेहरा से कथक, भरतनाट्यम, ओडिशी व विभिन्न नृत्य कला का अध्ययन करती है।

## पूनम चंद्राकर सहित अन्य सम्मानितजनों ने बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली



**रायपुर।** महासमुंद पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर सहित अन्य सम्मानितजनों ने रायपुर के श्री बालाजी अस्पताल पहुंचकर बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा विधायक को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए शुभकामनाएं दिए।

# कलिंगा विश्वविद्यालय में 'बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र के लिए की तैयारी ' विषय पर कार्यशाला का आयोजन संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय के वाणिज्य और प्रबंधन संकाय द्वारा प्रबंधित बुल फाइनेंस क्लब, छात्रों को वित्त से संबंधित विषयों का पता लगाने, उद्योग के पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाने और कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं और अतिथि व्याख्यानों के माध्यम से व्यावहारिक कौशल सीखने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इसका उद्देश्य वित्त के प्रति उत्साही लोगों का एक मजबूत समुदाय विकसित करना है जो इस क्षेत्र में अपने ज्ञान और कैरियर की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के इच्छुक हों। फाइनेंस क्लब - बुल ने अर्थ निर्मिति के सहयोग से बीएफएसआई के लिए नौकरी की तैयारी विषय पर एक कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस सत्र में कई विभागों के उत्साही छात्रों के साथ-साथ क्लब के सदस्यों और विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी भाग लिया। उनके संयुक्त प्रयासों से कार्यक्रम शिक्षाप्रद और आनंददायक बन गया। अर्थ निर्मिति के विशेषज्ञ सज्जाद अहमद इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा (बीएफएसआई) उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल और क्षमताओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सज्जाद अहमद ने बीएफएसआई विशेषज्ञों की बढ़ती मांग के साथ-साथ व्यावसायिक विकास और नवाचारों के बारे में अद्यतन जानकारी रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वित्तीय विश्लेषण, जोखिम प्रबंधन, डिजिटल साक्षरता और ग्राहक संबंध प्रबंधन सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। चर्चा में फिनटेक, डेटा एनालिटिक्स और विनियामक अनुपालन जैसे उभरते विषयों पर भी प्रकाश डाला गया, जो बीएफएसआई उद्योग के परिदृश्य को बदल रहे हैं।

# रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक में जनरल सेक्रेटरी एमके राऊत ने दिये निर्देश

## रेडक्रास सदस्यता के लिए चलाए व्यापक अभियान : जनरल सेक्रेटरी एम.के. राऊत

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आज राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एम.के. राऊत की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्यस्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण सह सद्भावना जम्बूरी, जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, सदस्यता अभियान, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर, एम्बुलेंस का संचालन, निक्षय मित्र अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण एवं स्कूलों और महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की गई। जनरल सेक्रेटरी श्री राऊत ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी में जनप्रतिनिधियों सहित हाईस्कूल से लेकर कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सदस्य बनाने पर जोर दिया जाए, ताकि रेडक्रास सदस्यों के मन में दुर्घटना व आपदा के दौरान पीड़ितों की सहायता, मानवता और निष्पक्षता की भावना पैदा हो। उन्होंने रेडक्रास सदस्यता के लिए 30 सितम्बर तक व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समिति में पदाधिकारियों का नियमानुसार निर्वाचन की प्रक्रिया अक्टूबर, नवम्बर माह में की जायेगी। इसके लिए अधिक से अधिक सदस्य जोड़ने के लिए लोगों को जागरूक की जाए।

# जश्न ए ईद मिलादुन्नबी जुलूस शान्ति और सदभाव पूर्वक नगर में निकाला गया



पायनियर संवाददाता ∢ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

नगर में बड़े सदभाव एवं शांतिपूर्वक गरीब नवाज मस्जिद कमेटी वार्ड 12 डंगनिया तालाब पार कुम्हारी, और गौसिया मस्जिद कमेटी वार्ड 18 डी.एम.सी. तालाब पार कुम्हारी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर परवेज़ अहमद अंसारी गरीब नवाज मस्जिद कमेटी डंगनिया तथा गौसिया मस्जिद कमेटी वार्ड 18 डी.एम.सी. तालाब पार कुम्हारी अलाउद्दीन के नेतृत्व में अत्यन्त उत्साहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ जुलूस निकाला गया । दोपहर 2:00 बजे दोनों मस्जिदों से प्रारंभ होकर स्टेशन चौक ओवर ब्रिज, महामाया रोड, प्रभात चौक, संजय नगर वार्ड 6, गौरव पथ से कांजी हाउस नगर पालिका परिषद कुम्हारी सर्विस रोड होते हुए स्टेशन चौक से गौसिया मस्जिद वार्ड 18 में शाम 4:30 बजे सलातो सलाम के बाद जुलूस का समापन किया गया ।

# कलेक्टर अग्रवाल ने ध्वनि प्रदुषण रोकथाम के नियमों का कड़ाई से पालन करने के दिये निर्देश

## गाड़ियों में रखकर डीजे बजाने पर होगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

ध्वनि प्रदुषण से आम लोगों को राहत देने हेतु माननीय उच्च न्यायालय के आदेश 16.12.2016 के आधार पर राज्य शासन के द्वारा ध्वनि प्रदुषण रोकथाम के संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं। दिनांक 11.09.2024 को आवास और पर्यावरण विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों तहत किसी भी वाहन में साउंड बॉक्स रखकर डीजे बजाने पर साउंड बॉक्स जप्त कर वाहन का रिकार्ड रखने के निर्देश दिये गये है। जप्त साउंड बॉक्स को कलेक्टर के आदेश के बिना नहीं छोड़ा जायेगा। दूसरी बार पकड़े जाने पर वाहन का परमिट निरस्त किया जायेगा तथा माननीय उच्च न्यायालय के बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं पुलिस अधिकारियों को दिये है। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार विभिन्न अवसरों पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत तय मापदण्ड से अधिक ध्वनि प्रदूषण होने पर आयोजकों को ऐसा नहीं करने की अपील की जायेगी। अगर आयोजक किसी भी तरह से निर्देशों की अवहेलना करता है तो उसके विरूद्ध कोर्ट में कार्यवाही की जायेगी तथा इसके अतिरिक्त संबंधित अधिकारी आयोजक के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना का प्रकरण उच्च न्यायालय में दायर कर सकेंगे। अगर ध्वनि प्रदूषण यंत्र यदि किसी साउण्ड सिस्टम प्रदायकर्ता या डी. जे. वाले का पाया जाता है तो ध्वनि प्रदूषण करने और कानून का उल्लंघन करने के आधार पर उसे सीधे जप्त किया जावेगा।

# तीजा का पर्व अपने जन्मदाता माता-पिता के मिलन का पर्व है : रंजना साहू

■ जिला महिला प्रकोष्ठ देवांगन समाज ने मनाया तीजा मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ∢ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला महिला प्रकोष्ठ देवांगन समाज द्वारा आयोजित तीज मिलन समारोह में शामिल हुई पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू, माता बहनों को तीज मिलन पर्व की बधाई देते हुए माता.पिता भाई के स्नेह को समाज जनों के समक्ष रखी। जिला महिला प्रकोष्ठ देवांगन समाज के द्वारा तीज मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। सर्वप्रथम रंजना साहू ने देवांगन समाज की आराध्य माता परमेश्वरी देवी की पूजा अर्चना किए। कार्यक्रम कीअध्यक्षता वेदिका देवांगन महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवांगन समाज ने किया। इस कार्यक्रम में देवांगन समाज के मातृशक्तियों के द्वारा विभिन्न आकर्षक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई जिसकी सराहना उपस्थित सभी अतिथि गणों व सामाजिक जनों के द्वारा किया गया। अतिथि उद्बोधन में रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि तीजा का पर्व अपने जन्मदाता माता.पिता के मिलन का पर्व है। जहां हमें माता.पिता के साथ भाई.बहन रिश्तेदार मित्र गणों से मुलाकात होती है अपने समय में बिताए पलों को तीज महोत्सव में याद करते है। इस पर्व में माता.पिता भाई के स्नेह का जहां बहनों को अपार अपनत्व मिलता है । बेटी सदैव दो कुलों को तारती है एक अपने माता.पिता के और एक अपने पति के, दोनों ही कुलों को सदैव रिश्ते की डोरी में बांधकर अपनत्व की भाव से संजोए रखती है। बेटी अपने धर्म का पालन कर सदैव स्नेह का भण्डार दोनों परिवार के लिए रखती है। देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष देवांगन ने उत्कृष्ट कार्य के लिए धमतरी के देवांगन समाज महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मातृशक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किए।

# जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से झारखंड के लोगों को भी लाभ

## लोदाम सीएचसी में 4 महीनों में 27 झारखंड निवासियों की हुई सामान्य प्रसव

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के हो रहे विस्तार का लाभ पड़ोसी राज्य झारखंड को भी मिल रहा है। जशपुर जिला मुख्यालय से लगभग 26 किलोमीटर दूर जशपुर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत लोदाम झारखंड बॉर्डर के समीप है। यहां पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोदाम में झारखंड के आसपास के गावों के लोग अपना इलाज कराने आते हैं। इसके साथ ही उनका आयुष्मान कार्ड भी यहां पर बन रहा है। लोदाम सीएचसी की बीपीएम के अनुसार झारखंड के मांझा टोली सहित अन्य ग्राम पंचायतों के लोग यहां की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण इलाज के लिए आते हैं। पिछले 4 महीनों में यहां 27 झारखंड निवासियों की सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराई गई है। इसके अलावा 10 से अधिक टाइफाइड के मरीजों की जांच और उपचार किया गया है। इसके अलावा अन्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोग यहां आते हैं। लोदाम सीएचसी में एक्सरे, ब्लड टेस्ट, सामान्य प्रसव, आयुष्मान कार्ड जैसी सेवाओं सहित अन्य बीमारियों के इलाज की भी सुविधा है।

## "गृह प्रवेश" कार्यक्रम आयोजित

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज 17 सितम्बर, 2024 को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों कां विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से 'गृह प्रवेश' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. छ0ग0 शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर के निर्देशानुसार भारत सरकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा दिनांक 17 सितम्बर 2024 को . प्रधानमंत्री द्वारा भुवनेश्वर, उड़ीसा से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 04 लाख हितग्राहियों को विडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से 'ग्रह प्रवेश' कराया जायेगा। नगर पालिका परिषद महेंद्रगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुक्त । सिंह चौहान ने बताया कि उक्त कार्य म विमलश्री टॉकिज, मनेन्द्रगढ़ में दोपहर 12:00 बजे आयोजित किया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी-नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ जिला-एमसीबी ने आमजनों से उपरोक्त आयोजन में आधिकारिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है.

## अभियान की समीक्षा को लेकर जशपुर विधानसभा की बैठक संपन्न

# बीजेपी सदस्यता अभियान की सफलता सबकी जिम्मेदारी : गुरूपाल सिंह भल्ला

पायनियर संवाददाता ∢ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जशपुर जिला के पूर्व संगठन प्रभारी गुरूपाल सिंह भल्ला ने सदस्यता अभियान को लेकर जशपुर विधानसभा के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जशपुर विधायक रायमुनी भगत, पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश नंदे, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत सहित पार्टी पदाधिकारी व सदस्यता अभियान के टोली के सदस्य मौजूद थे। जिला भाजपा कार्यालय जशपुर में आयोजित विधानसभा स्तरीय बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गुरूपाल सिंह भल्ला ने जशपुर विधानसभा के सभी मण्डल अध्यक्षों से सदस्यता अभियान के सम्बंध में अब तक किये गए कार्यो की बिंदुवार समीक्षा करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान की सफलता सबकी जिम्मेदारी है। हमने जो लक्ष्य तय किया है उसे पूर्ण होना ही सबकी सफलता को साबित करेगा।

जिसके लिए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जुटा है। आगे उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और नवीनता के लिए अधिक से अधिक सदस्य बनाने का प्रण लेना होगा। यह भाजपा संगठन का महापर्व है जिसमे सबकी सहभागिता जरूरी है। प्रदेश संगठन ने जो लक्ष्य जिले के लिए तय किया है उसे पूरा करने के लिए आप सभी को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर सदस्यता अभियान को व्यापक रूप देना होगा।

**नई पीढ़ी को विचारधारा से जोड़ें : राय-** पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि सदस्यता अभियान सुचारू रूप से संचालित हो रहा है। प्रत्येक बूथ-शक्ति केन्द्र व विधानसभा-वार हमें अपने लक्ष्य को पूरा करने हर संभव प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी को अधिक से अधिक पार्टी विचारधार से जोड़ने की जरूरत है। जितना अधिक सदस्यता होगी उतना अधिक ही हम शक्तिशाली होंगे। हमारे लिए यह संगठन का महाउत्सव है। जिसमें सबकी सहभागिता जरूरी है।

**राष्ट्रहित विचारधारा से जोड़ना- रायमुनी-** जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा लोकप्रिय राजनितिक दल है जिसका पूरा श्रेय भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ताओ एवं समर्पित सदस्यों को जाता है ।ऐसे लाखों करोडो कार्यकर्ताओ व सदस्यों के वजह से ही भाजपा की देश में तीसरी बार सरकार बनी है । आगे उन्होंने कहा की सदस्यता अभियान का उद्देश्य देश के नागरिको को देश हित राष्ट्र हित में कार्य करने हेतु सकारात्मक विचारधारा से जोड़ना है। जिसके लिए हम सभी समर्पित एवं कटिबद्ध है ।भाजपा के सक्रीय सदस्य एवं कार्यकर्त्ता ही पार्टी की पूंजी है।

**प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा -** भजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता ने बताया कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। उन्होंने सेवा पखवाड़ा में किये जाने वाले कार्यक्रमों के सम्बंध बताते हुए कहा कि रक्तदान शिविर का आयोजन करना, मण्डल एवं बूथ स्तर पर वृक्षारोपण करना, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाना, मण्डल स्तर पर स्वक्षता अभियान चलाना, अमृत सरोवरों पर श्रमदान करना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम करना, गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती पर बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के दिशा निर्देश दिए गए। उक्त बातों की जानकारी देते हुए जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने बताया की बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष शंकर गुप्ता, भाजयुमो अध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, पूर्व नपा अध्यक्ष रजनी प्रधान, सुरेश राम भगत, लालदेव भगत, गेंदबिहारी सिंह, रीना बरला, ममता कश्यप, देवधन नायक, शारदा प्रधान, संतोष सिंह, संजीव ओझा, श्यामलाल भगत, प्रभाकर यादव, सलोने मिश्रा, हरिशंकर यादव, मंगल राम, केशव यादव, शरद चौरसिया, अरविंद भगत, विजय सहाय, कृपा भगत, आशु राय, सुषमा सिंह, हरीश आरिक, अभिषेक गुप्ता, बेंजामींन कुजूर सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को रायपुर किया गया रवाना

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संवाद कार्य म हेतु आवास योजना से लाभान्वित हितग्राहियों को रायपुर रवाना आज किया गया है। योजनांतर्गत राष्ट्रीय स्तर के कार्य म हेतु जिले के हितग्राही रायपुर के लिए रवाना हुए जहां प्रधानमंत्री प्रदेश के हितग्राहियों से विडियो कांफ्रेंस से संवाद स्थापित करते हुए वर्ष 2024-25 के स्वीकृत हितग्राहियों को डिजिटल रूप से स्वीकृति पत्र वितरण एवं प्रथम किस्त सहायता राशि जारी की जाएगी।


**मांग सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत, उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड- (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं - उधारकर्ता(ओं) को जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस (नोटिस) में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा एक बार फिर उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दी गई राशि, मांग नोटिस की तारीख से भुगतान की तारीख तक आगे ब्याज के साथ, उधारकर्ता(ओं) का विवरण, मांग सूचना की तारीख को देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु दी गई सुरिक्षत विवरण निम्नानुसार है:-

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरिक्षत आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री दिलीप कुमार चौधरी, श्री राजेंद्र चौधरी, श्रीमती शोभा देवी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10262103) | 12.09.2024 रु. 6,32,921.00 (रु. छह लाख बत्तीस हजार नौ सौ इक्कीस मात्र) | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. एच-310, द्वितीय तल, पी.एच.एन. 103, खसरा नं. 238/10, मौजा आर.डी.ए कॉलोनी, हीरापुर, वीर सावरकर नगर, वार्ड 1, ग्राम-हीरापुर, रायपुर, छत्तीसगढ़, 492001 क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: सुपर बिल्ट अप एरिया, बिल्ट अप एरिया, कारपेट एरिया संपत्ति क्षेत्रफल 290.00, 290.00, 217.50 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है, पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: शाखा कार्यालय: प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, छ.ग. 492001/या कॉर्पोरेट कार्यालय: आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV गुड़गांव, हरियाणा

स्थान : रायपुर, तिथि : 17.09.2024 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## संपादकीय

# अलविदा येचुरी असमय निधन

**सीताराम येचुरी** का असमय निधन माकपा और भारतीय वाम राजनीति को तगड़ा धक्का है। माकपा महासचिव तथा वरिष्ठ वामपंथी विचारक सीताराम येचुरी अब हमारे बीच नहीं हैं। उनकी मृत्यु दिल्ली में लंबी बीमारी के बाद हुई। भारत के सर्वाधिक लोकप्रिय वामपंथी राजनेता येचुरी ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–मार्क्सवादी और भारतीय राजनीति में गहरा खाली स्थान छोड़ा है। पार्टी के महासचिव तथा भारतीय वामपंथी आंदोलन के प्रमुख विचारक के रूप में सीताराम येचुरी को माकपा के भीतर वैचारिक विभाजनों के बीच सेतु की भूमिका निभाने की क्षमता के कारण जाना जाता था। वे गुटों में विभाजित पार्टी में एकजुटता पैदा करते थे। उनके नेतृत्व में माकपा ने खासकर अपने मजबूत गढ़ों–पश्चिम बंगाल व केरल में घटती प्रासांगिकता की चुनौतियों से निपटने का प्रयास किया। येचुरी के व्यावहारिक दृष्टिकोण ने मार्क्सवादी कट्टरता तथा आधुनिक राजनीति की आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करते हुए अक्सर दक्षिणपंथी शक्तियों, खासकर भाजपा पर लगाम लगाने के लिए गैर–वामपंथी पार्टियों से गठबंधनों को प्रोत्साहित किया। महासचिव के रूप में उनका कार्यकाल ऐसे युग में पार्टी को पुनर्जीवित करने के प्रयासों से रेखांकित होता है जब कम्युनिस्ट विचारधाराओं का आकर्षण कमजोर हुआ है। संकटों के बीच प्रसन्न तथा सहज बने रहने के स्वभाव ने पार्टी में उनके अनेक प्रशंसक बनाए थे। युवा पीढ़ी से संवाद करने की उनकी क्षमता वास्तव में उल्लेखनीय थी। उनका प्रभाव माकपा और व्यापक वाम गठबंधनों से बाहर तक था जिससे वे देश में प्रगतिशील राजनीतिक विमर्श निर्धारित करने वाली एक प्रमुख शक्ति बन गए थे।



माकपा ने हाल ही में अपने दो प्रमुख नेताओं को खोया है। केवल एक महीने पहले बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन हुआ था और अब येचुरी के दिवंगत होने के बाद पोलित ब्यूरो में खाली स्थान भरना कठिन होगा। जहां बुद्धदेव भट्टाचार्य ने वामपंथ में व्यावहारिक अर्थशास्त्र को प्रवेश दिया था, वहीं सीताराम येचुरी ने वामपंथी राजनीति को ज्यादा मध्यमार्गी ध्रुवीकरण की ओर बढ़ाया था। येचुरी का निधन माकपा के लिए बड़ी चुनौती है। पार्टी के भीतर आंतरिक टकरावों से निपटने की उनकी क्षमता ने ही पार्टी को वैचारिक आधार पर विभाजन से बचाया था। यह टकराव कट्टरपंथियों तथा ज्यादा व्यावहारिक राजनीति के पक्षधर नेताओं के बीच था। उनकी अनुपस्थिति नेतृत्व में ऐसा खाली स्थान छोड़ सकती है जिसके कारण वर्तमान तनाव और गंभीर हो सकते हैं। येचुरी के वारिस का चयन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कि माकपा अपने मध्यमार्गी दृष्टिकोण पर चलती रहेगी अथवा वह ज्यादा कट्टरपंथी दिशा में झुकेगी। लेकिन अपनी बौद्धिक क्षमता तथा राजनीतिक समझ के कारण येचुरी जैसे कद्दावर नेता की पूर्ति करना आसान नहीं होगा। हालिया वर्षों में वामपंथी पार्टियां भारत के अधिकांश भागों में चुनावी प्रासांगिकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही हैं क्योंकि भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों ने उस खाली स्थान को भर दिया है जिस पर परंपरागत रूप से वामपंथ का कब्जा था। एक सज्जन राजनेता के रूप में भारतीय राजनीति सीताराम येचुरी को हमेशा याद रखेगी। वे पार्टी राजनीति से ऊपर उठ कर भारतीय राजनीति में विचारों के व्यापक गठबंधन बनाने में सक्षम थे। येचुरी की अनुपस्थिति का गंभीर अनुभव न केवल उनके कामरेडों को, बल्कि हर ऐसे व्यक्ति को होगा जो उनको एक दयालु व सद्भावनापूर्ण नेता के रूप में देखता था।

# जसवंत सिंह ने निभाई जिम्मेदारी

**जसवंत सिंह ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता से कंधार विमान अपहरण कांड से निपटने का काम किया। उन्होंने 161 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली।**



भूपिंदर सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त सेनाधिकारी हैं)



जसवंत सिंह ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता से कंधार विमान अपहरण कांड से निपटने का काम किया। उन्होंने 161 बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। हालिया ओटीटी सीरीज़– 'आईसी–814' में पात्रों के गलत नामकरण पर लोगों का 'भारी गुस्सा' उमड़ कर सामने आया। आखिरकार सरकार के दबाव में सीरीज़ जारी करने वाले प्लेटफार्म ने अपहरणकर्ताओं के असली नाम शामिल करने पर सहमति जताई। हालांकि, इसके साथ ही अपरिहार्य रूप से सैनिक–राजनेता और विद्वान जसवंत सिंह द्वारा कंधार विमान अपहरण कांड से निपटने में निभाई भूमिका भी सामने आई। निसंदेह इस विमान अपहरण कांड ने भारतीय प्रशासन में व्याप्त भयानक कुप्रबंधन के कारण एक काली छाया छोड़ी थी। इससे खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय व एकजुटता की कमी के साथ विभिन्न पक्षों के बीच कमजोर जुड़ाव भी दिखा जिसके कारण विमान को अमृतसर से उड़ने की अनुमति दी गई।

लेकिन जनता की स्मृति में अभी जसवंत सिंह की वह छवि बनी हुई है जब वे आईसी–814 विमान के यात्रियों तथा चालक दल के सदस्यों को रिहा कराने के लिए तीन आतंकियों को लेकर कंधार गए थे। उस समय बहुत से लोगों ने इसे तत्कालीन केन्द्र सरकार की 'संप्रभु कमजोरी' के रूप में देखा, जबकि दूसरे लोगों का मानना था कि तत्कालीन असंभव दिखने वाली परिस्थितियों में बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत ही एकमात्र माध्यम था। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि उस समय बंधकों और विमान को अपहरणकर्ताओं से मुक्त कराने के लिए 'एंटेबे शैली' की छापामार कार्रवाई लगभग असंभव हो गई थी।

स्वयं जसवंत सिंह ने इस प्रकरण के बारे में कहा, 'यह बुरे निर्णय और बहुत बुरे निर्णय के बीच एक विकल्प था।' अपहृत विमान के बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति–सीसीएस का एक सामूहिक निर्णय था। उस समय सीसीएस की अध्यक्षता तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने की थी और उसमें गृह मंत्री, एनएसए, रक्षा मंत्री तथा विदेश मंत्री जसवंत सिंह शामिल थे। लेकिन ऐसे में सवाल उठता है कि बाद में इसका दोष केवल जसवंत सिंह पर क्यों डाला गया? इसका जवाब कई तरीके से दिया जा सकता है। पहला, एक व्यक्ति के रूप में जसवंत सिंह की दृढ़ता तथा उनके द्वारा अपना 'कर्तव्य' समझने की भावना थी, जबकि दूसरा, वे दूसरों की तुलना में उस स्थिति की गंभीरता को ज्यादा बेहतर तरीके से समझते थे। हालांकि, दूसरे लोग भी इस जटिल व सवालिया फैसले का समान रूप से हिस्सा थे। इसके साथ ही यह सवाल भी है कि आखिरकार जसवंत सिंह ने अपने साथियों का दोष अपने ऊपर लेने से पूरी ताकत के साथ इनकार क्यों नहीं कर दिया? उस समय निकटस्थ लोगों का मानना था कि इसका संबंध जसवंत सिंह की अपनी छवि की भावना तथा अंतर्निहित चेतना से गंभीर रूप से जुड़ा था। सम्मानित सैनिक हमेशा अपने काम को बिना किसी हिचक के या कोई महानता की भावना प्रदर्शित किए करते हैं।

मेजर जसवंत सिंह प्रशंसनीय 'सेंट्रल इंडिया हार्स' के एक घुड़सवार थे और उन्होंने समय–पूर्व भारतीय सेना से त्यागपत्र दे दिया था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपने पूरे सार्वजनिक जीवन में सैनिक सेवा के दौरान प्राप्त विरासत और मूल्यों का सम्मान किया। सेना ने उनको परिभाषित किया था और उन्होंने बिना किसी 'सेवानिवृत्ति लाभ' के उसे छोड़ा था। उन्होंने कहा था, 'मेरी सेवा ही मेरा लाभ है। सेना ने मुझे जो दिया है, जो सिखाया है और उसने मुझ में जो छोड़ा है वही मेरी अमूल्य पेंशन है।' ऐसा ही 'सज्जन और अधिकारी' वाला गुण पूर्व अमेरिकी रक्षा सचिव जेम्स मैटिस में था। उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप के बेलगाम प्रबंधन से असहमति व्यक्त करते हुए भी फ्रांसीसी अभिव्यक्ति 'डिवार डी रिजर्व', यानी मौन रहने का दायित्व निभाया था।

जब आईसी–814 के बारे में एक के बाद दूसरा गलत कदम उठाया जा रहा था और कोई भी स्थिति की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार नहीं था तब जसवंत सिंह सामने आए और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से अविश्वसनीय तालिबान तथा अनैतिक आईएसआई के बीच से कंधार जाकर बंधकों को रिहा कराने का प्रस्ताव किया। उस समय आमतौर से बड़बोले और सभी जगह उपस्थित रहने वाले मंत्री मीडिया को बाइट देने या बंधकों के परेशान संबंधियों से बातचीत करने में हिचकते थे क्योंकि वे स्थिति की गंभीरता तथा अत्यन्त निराशाजनक स्थिति से परिचित थे। स्थिति लगातार बदल रही थी तथा कुछ भी हो सकता था जिससे निपटने के लिए त्वरित निर्णय लेना जरूरी था और ऐसे में जसवंत सिंह ने सामने आकर मोर्चा संभाला। उनके सहयोगी जहां बेहतर राजनेता थे, वहीं जसवंत सिंह अपने देश के लिए सैनिक थे और उनकी यही सैनिक चेतना सर्वप्रथम एवं सर्वोपरि थी। पहले विपक्ष के सांसद और बाद में रक्षा, विदेशी मामलों और वित्त के कैबिनेट मंत्री तथा बाद में एक बार फिर विपक्षी सांसद के रूप में वे अक्सर राष्ट्रपति भवन जाते थे। वहां हमेशा सिविलियनों के समूह में वे 'बावर्दी' लोगों से आंख मिला कर गरिमापूर्ण ढंग से सिर झुकाते या सैल्यूट किए जाने पर सैल्यूट करते थे।

इन सभी विविधतापूर्ण पेशेवर क्षमताओं में उनका एकमात्र और अराजनीतिक सवाल राष्ट्रपति अंगरक्षकों के कल्याण या उनके शानदार घोड़ों के बारे में होता था। ऐसा करते समय भी उनकी आंखों में विनम्रता के भाव हमेशा बने रहते थे। आईसी–814 प्रकरण आदि के बारे में जसवंत सिंह के अनेक निर्णयों पर सवाल उठते रहे, पर वे हमेशा मूलतः एक गरिमापूर्ण, सभ्य एवंव तार्किक स्वर बने रहे।

जब उनके अपने राजनीतिक समूह में हवायें बदलीं तो उनको नई संवेदनशीलताओं के आधार पर 'बाहरी' बना दिया गया। ऐसी स्थितियों में एक आदर्श सैनिक के रूप में उन्होंने अपना शिविर छोड़ दिया, पर वे 'दूसरे पक्ष' में नहीं गए, जबकि बहुत से अन्य लोगों ने ऐसा ही किया। वे इतने गरिमापूर्ण थे कि ऐसा कर ही नहीं सकते थे। इसलिए सैनिक शब्दावली में वे रात में खामोशी से एक जहाज की तरह निकल गए, अपने साथियों और पार्टी तथा देश की रक्षा की। उन्होंने कंधार विमान अपहरण कांड के समय बंधकों की सुरक्षा के लिए भी ऐसी ही कदम उठाया था।

उन्होंने एक सैनिक की तरह 'अ काल टु ऑनर' का अवसर आने पर तत्कालीन स्थितियों का गहन आंकलन किया था। उनके सामने अपहृत आईसी–814 विमान के कंधार ले जाने के बाद उसमें फंसे बंधक यात्रियों तथा चालक दल के कुल 161 सदस्यों को मुक्त कराने का 'सही' निर्णय लेने अथवा आतंकवाद के खिलाफ कठोरता से खड़े होकर उन सभी बंधकों को मरने के लिए 'छोड़ देने' का विकल्प था। वर्तमान स्थितियों में अतीत का पूर्वावलोकन करते हुए यह सवाल महत्वपूर्ण हो जाता है कि यदि अपहृतों को छुड़ाने के लिए आतंकियों को रिहा करने का निर्णय न लिया जाता और सभी बंधकों की हत्या हो जाती तो क्या इतिहास इस प्रकरण को सही ठहराता। ऐसे में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा उनकी अध्यक्षता वाली कैबिनेट सुरक्षा समिति–सीसीएस ने सही निर्णय करते हुए 'जीवन' का पक्ष लिया। इसका कारण यह भी था कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लंबी चलनी थी जो आज भी जारी है। लेकिन केवल बंधकों को अपने साथ ले जाने और अपनी जान जोखिम में डालने वाले जसवंत सिंह की छवि खराब करना किसी प्रकार उचित नहीं है।

जसवंत सिंह पुरानी सैनिक शब्दावली में कहे जाने वाले 'जेंटलमैन' का अर्थ भलीभांति समझते थे। वे हमेशा अपने सभी निर्णयों के साथ मजबूती से खड़े होते थे, चाहे उनको गलत समझा जाए या सही। उन्होंने कभी दूसरों पर खराब स्थितियों के कारण दोषारोपण नहीं किया, जबकि दूसरे उन पर दोष लगाने से पीछे नहीं रहते थे, लेकिन एक 'जेंटलमैन सैनिक' की तरह उन्होंने उनको सहन किया। वर्तमान समय में पूर्वावलोकन करते हुए पूर्व विदेश, रक्षा एवं वित्त मंत्री मेजर जसवंत सिंह का समुचित मूल्यांकन करते हुए उनको सम्मानपूर्वक याद किया जाना चाहिए।

# सुरक्षा और विकास के मोर्चे पर छत्तीसगढ़ सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

धनंजय राठौर
संयुक्त संचालक जनसंपर्क

छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासियों के हित में ठोस कदम उठा रही है। दूरस्थ और पिछड़े वनांचल इलाकों में मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अलावा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने का काम तेजी से हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने ऐसी कई योजनाएं शुरू की हैं जिनके जमीनी स्तर पर व्यापक प्रभाव से जन-जीवन जीवन बदल रहा है। मुख्यमंत्री की पहल पर नियद नेल्लानार योजना से आज आदिवासी परिवारों के जीवन में आशा की नई किरण आई है। इस योजना में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित नए कैम्पों के आसपास के गांवों का चयन कर शासन के 12 विभागों की 32 कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवास, अस्पताल, पानी, बिजली, पुल-पुलिया, स्कूल इत्यादि मूलभूत संसाधनों का विकास किया जा रहा।

दूरस्थ आदिवासी इलाकों से अयोध्या धाम तक सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री साय की पहल पर भारत सरकार ने हरी झंडी दे दी है। सड़कों के विकास को लेकर भी लगातार कार्य किया जा रहा है, जिससे आदिवासी अंचलों तक आवाजाही आसान हुई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 68 लाख गरीब परिवारों को 05 साल तक मुफ्त राशन देने का निर्णय भी लिया, जिसका लाभ बड़ी मात्रा में आदिवासी अंचलों के जरूरतमंद रहवासियों को मिल रहा है।

तेंदूपत्ता वनवासियों की आजीविका का मजबूत स्रोत है, इससे होने वाली आमदनी को बढ़ाते हुए सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक दर 4000 रुपए प्रति मानक बोरा से 5500 रुपए प्रति मानक बोरा किया, जिसका लाभ चालू तेंदूपत्ता सीजन से ही 12 लाख 50 हजार से अधिक संग्राहकों को मिल रहा है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका योजना भी शुरू करने जा रही है, इसके साथ ही उन्हें बोनस का लाभ भी दिया जाएगा।

सुरक्षा और विकास के दोहरे मोर्चे पर काम करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि आज अनुपात के हिसाब से छत्तीसगढ़ का बस्तर



देश में सबसे सैन्य संवेदनशील क्षेत्र बन चुका है, बस्तर डिवीजन में प्रत्येक 9 नागरिकों के पीछे एक पैरामिलिट्री का जवान है। जल्द ही इन क्षेत्रों में सुरक्षाबलों के 250 से ज्यादा कैम्प और नियद नेल्लानार से 58 नए कैम्प स्थापित होंगे ताकि सड़क, स्कूल, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं का दायरा बढ़ सके। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में आदिवासी संस्कृति और परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए बस्तर में प्राचीन काल से चले आ रहे अनेक ऐतिहासिक मेलों को भी शासकीय संरक्षण और आर्थिक सहायता दी जा रही है।

दूरस्थ आदिवासी इलाकों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के सरकार के मजबूत प्रयास से देश के दूसरे सबसे कम साक्षर जिले बीजापुर में नए भविष्य की बुनियाद गढ़ी जा रही है। बीजापुर जिले में माओवादियों द्वारा बंद 28 स्कूल अब मुख्यमंत्री साय की पहल से खुल गए हैं। स्थानीय बोलियों को सहेजने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार ने आदिवासी अंचलों में स्थानीय बोलियों में प्रारंभिक शिक्षा प्रदान करने का निर्णय नई शिक्षा नीति के तहत आदिवासी समुदायों में शिक्षा की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिसमें 18 स्थानीय भाषा-बोलियों में स्कूली बच्चों की पुस्तकें तैयार की जा रही हैं। प्रथम चरण में छत्तीसगढ़ी, सरगुजिहा, हल्बी, सादरी, गोंड़ी और कुडुख में पाठ्यपुस्तक तैयार होंगे।

छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी युवाओं के सुनहरे भविष्य की नींव भी मजबूत कर रही है, इसी क्रम में नई दिल्ली के ट्रायबल यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर अब 185 कर दी गई है। इस निर्णय से देश राजधानी में रहकर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा की तैयारी करने के इच्छुक अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अब इस हॉस्टल में तीन गुने से भी अधिक सीटें उपलब्ध होंगी। इसी तरह आईआईटी की तर्ज पर राज्य के जशपुर, बस्तर, कबीरधाम, रायपुर और रायगढ़ में प्रौद्योगिकी संस्थानों का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के माओवादी आतंक प्रभावित जिलों के विद्यार्थियों को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के लिए ब्याज रहित ऋण मिलेगा। शेष जिलों के विद्यार्थियों को एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्रदान किया जाएगा, जिससे स्वरोजगार की ओर बढ़कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकेंगे।

## आप की बात

### विवादास्पद बयान

**उत्तर प्रदेश** के 10 विधानसभा उप-चुनाव के मुहाने पर खड़ी प्रदेश की राजनीति में सपा अध्यक्ष के बयान पर पक्ष विपक्ष में जोरदार बहस जारी है। अखिलेश यादव ने कहा था कि मठाधीश और माफिया में कोई ज्यादा फर्क नहीं है। इस पर न केवल बीजेपी ने उनको कटघरे में खड़ा किया है बल्कि साधु संतों की जमात ने भी इस पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इसे सनातन धर्म का अपमान करार दिया है। इसी प्रकार सपा अध्यक्ष ने सुल्तानपुर एनकाउंटर के संदर्भ में जाति देखकर एनकाउंटर वाला बयान दिया है। इस पर उत्तर प्रदेश पुलिस के डीजीपी ने बाकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सपा अध्यक्ष के सारे आरोपों को सिरे से खारिज किया है और वीडियो दिखाकर स्थिति स्पष्ट की है। उनके इस बयान पर भाजपा सहयोगी राजभर और निषाद ने भी कहा है कि अखिलेश को मुठभेड़ में मारे जाने वाले जाति विशेष के लोगों पर ही दुख होता है, जबकि अनेक ओबीसी व दलित बदमाश भी पुलिस पर हमला करने के कारण मारे जाते हैं। लेकिन सपा नेता ने कभी इन पर दुःख प्रकट नहीं किया। सपा अध्यक्ष को समझना चाहिए कि ऐसे बयान देकर वे सपा का विस्तार करने के बजाय उसे एक संकुचित खांचे में बंद कर देंगे। ऐसे विवादित बयानों से प्रदेश की प्रगति और माहौल प्रभावित होते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

### हिन्दू-विरोधी चेहरा

**अखिलेश यादव** का हिंदू-विरोधी चेहरा एक बार फिर सामने आ गया। उन्होंने एक बयान में कहा कि मठाधीश और माफ़िया में ज़्यादा फ़र्क़ नहीं होता। उनका का यह बयान न केवल निंदनीय बल्कि हिंदू धर्म की मान्यताओं व संस्थाओं का अपमान करने वाला भी है। वर्तमान मुख्यमंत्री से उनका विरोध किसी से छुपा नहीं है। वह पहले भी योगी आदित्यनाथ की वेशभूषा व भाषा को लेकर कई आरोप लगा चुके हैं। समाजवादी पार्टी से संबंधित कई अपराधियों को यह सरकार जेल की सलाखों के पीछे पहुँचा चुकी है, कुछ का तो एनकाउंटर हो गया है व बुलडोजर एक्शन में कई सपा नेताओं के मकान ज़मींदोज हो चुके है। सपा प्रमुख इससे परेशान हैं। वे अब वह हिंदू धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी कर अपने वोटबैंक को खुश करना चाहते हैं। अखिलेश का यह बयान आदि शंकराचार्य का भी अपमान है जिन्होंने सनातन धर्म के प्रसिद्ध चारों धाम व मठ परंपरा की शुरुआत की थी। इस बयान से संत समाज भी शुब्ध है व संतों की कड़ी प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही है। अखिलेश यादव को इसलिए भी अपने बयान के लिए माफ़ी माँगनी चाहिए क्योंकि वे चुनाव के समय हिंदओ के वोट पाने के लिए मंदिर–मंदिर दौड़ लगाते हैं।

– **पुनीत अरोड़ा**, मेरठ

### विदेश यात्राओं की सुर्खियां

**विदेश** यात्रा चाहे प्रधानमंत्री की हो या विपक्ष के नेता की, हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। प्रधानमंत्री पर तो विपक्ष विदेशी यात्राओं को लेकर तंज कसता रहता है, जबकि आज विदेशों से मजबूत व्यापारिक व राजनयिक संबंध यह समझने के लिए पर्याप्त है कि मोदी की यात्राएं कितनी फायदेमंद रही हैं। इसके ठीक विपरीत विपक्ष के नेता राहुल गांधी की विदेश यात्रायें हैं। उनकी अमेरिकी यात्रा में सामने आई मेल मुलाकात और बयानबाजियां न देश हित में है और न कांग्रेस व विपक्ष के लिए फायदेमंद। अमेरिका में राहुल ने विभिन्न मुद्दों पर विवादास्पद बयान दिए तो घोषित भारत-विरोधी नेताओं इल्हान उमर, प्रमिला जयपाल और डोनाल्ड लू जैसों से मुलाकात भी की। आज जब भारत की प्रतिष्ठा दुनिया में लगातार बढ़ती जा रही है और दुनिया भर के नेता हमारे साथ राजनयिक संबंध व व्यापार बढ़ाने के इच्छुक हैं, ऐसे में हमारे देश की एकता और अखंडता के खिलाफ बोलने वाले अमेरिकी नेताओं से मिलने की उचित वजह शायद इंडियन ओवरसीज कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ही जानते होंगे। विडंबना है कि भाजपा और मोदी का विरोध करते-करते राहुल गांधी भारत-विरोध करने लगते हैं और कांग्रेसी इसे उचित ठहराते हैं।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

### येचुरी का आदर्श

**सीताराम येचुरी** के निधन उपरांत परिवार द्वारा उनका देहदान एम्स अस्पताल को किया गया। यह निश्चित रूप से स्वागत योग्य कदम है। बड़े नेता जनता के आदर्श होते हैं। यदि वह कोई अच्छा कार्य शुरू करते हैं तो जनता भी उनसे प्रेरणा लेकर अच्छे कार्य करने का प्रयास करती है। अभी अंगदान और देहदान के मामले में हमारे देश में कोई खास जागृति नहीं है। ऐसे में यदि येचुरी परिवार की तरह बड़े नेताओं के परिवार द्वारा ऐसा निर्णय लिया जाए या बड़े नेता स्वयं जीते-जी देहदान का फॉर्म भर दे तो इससे जनता भी प्रेरित होगी। वैसे सीताराम येचुरी के पहले भी अनेक माकपा नेताओं ने देहदान किया है। कुछ साल पहले गायत्री परिवार ने भी देहदान का अभियान चलाया था जिससे प्रेरित होकर अनेक पत्रकारों, समाजसेवियों, प्रोफेसरों, आदि ने देहदान का संकल्प लिया था। इनमें से अनेक के देहदान व अंगदान हुए भी। लेकिन अनेक मामलों में परिवारीजन ही मृतक की इच्छा पूरी नहीं करते हैं। अतः सीताराम येचुरी व अन्य देहदानियों के उदाहरणों से प्रेरणा लेते हुए ऐसे अभियानों को व्यापक रूप देने के प्रयास करने चाहिए।

– **विभूति बुपक्या**, खाचरोद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : सुबह 08 बजे स्वामी करपात्री स्टेडियम से पीजी कॉलेज तक निकाली जाएगी स्वच्छता रैली

## पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में स्वच्छता शपथ, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत फोटो प्रदर्शनी का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन के तहत 17 सितम्बर 2024 को सुबह 08 बजे से स्वामी करपात्री स्टेडियम में स्वच्छता रैली एवं स्वच्छता शपथ का कार्यक्रम आयोजन होगा। स्वच्छता रैली स्वामी करपात्री जी स्कूल से निकलकर पीजी कालेज तक जाएगी। पीजी कालेज आडेटोरियम में स्वच्छता शपथ, सम्मान समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत फोटो प्रदर्शनी का आयोजन होगा।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना, गांव में गंदे एवं कचरे के ढेर जमा स्थानों की सफाई, मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन तथा स्वच्छाग्रही, सफाई मित्र के योगदान की सराहना, पिछले वर्ष किए गए कार्यों को एक उत्सव के रुप में मनाना है। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 अंतर्गत किए जाने वाले गतिविधियों में 3 मुख्य आधार स्तम्भ है। जिनमे स्वच्छता की भागीदारी, सम्पूर्ण स्वच्छता एवं सफाई मित्र सुरक्षा शिविर शामिल है। कलेक्टर महोबे ने बताया कि 17 सितम्बर से अभियान की शुरुआत होगी जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया जाएगा इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा। शैक्षणिक सामुहिक प्रदर्शन अंतर्गत समुदायों को सोर्स सेग्रीगेशन, रिसायकिलिंग तकनीक और खाद बनाने के लिए इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनी का आयोजन, शालाओं में स्वच्छता विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन, कविता लेखन, प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में फूड जोन सफाई, कचरा संग्रहण एवं उचित प्रबंधन का कार्य किया जाएगा। स्वच्छ भारत कल्चरल फेस्ट अंतर्गत क्षेत्रीय पारंपरिक कला एवं संस्कृति के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश का प्रचार किया जाएगा। जीरो वेस्ट इवेंट पद्धति पर विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। जवाहर नवोदय विद्यालय एवं छात्रावासों में वेस्ट टू आर्ट के माध्यम से सुसज्जित करना एवं क्विज का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वच्छता रैली, स्वच्छता संवाद, मानव श्रृंखला, विशेष ग्रामसभा, स्वच्छता चौपाल, स्वच्छता दौड़, साईकिल रैली और मैराथन का आयोजन कर स्थानीय समुदायों को शामिल किया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को बना रहे हैं भाजपा सदस्य

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भाजपा के कार्यकर्ता घर घर जाकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा का सदस्यता दिला रहे है। सदस्यता अभियान 2024 का महापर्व प्रारम्भ हो चुका है भारतीय जनता पार्टी पूरे देश मे संगठन की मजबूती के लिए पुनः प्रत्येक कार्यकर्ता को सदस्यता ग्रहण करने व नये सदस्य बनाने के लिए लक्ष्य भी तय कर दी है संगठन के दृष्टि से सभी पदाधिकारियों को सभी नेतागण में एनजीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक व सांसदों विधायकों मंत्रियों को साथ ही सभी मोर्चा प्रकोष्ठ को भी नये सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है छत्तीसगढ़ में भी प्रदेश नेतृत्व को 50 लाख से अधिक का लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसी तरह प्रत्येक जिलाध्यक्षों का मण्डल अध्यक्षो का भी लक्ष्य तय किया गया है। बेमेतरा भाजपा जिला एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व भाजपा जिला कार्यालय मंत्री विकास तम्बोली ने भी अपने जिले के 2000 लक्ष्य के लिये स्वयं मोबाइल से 8800002024 डायल कर अपने 150 से अधिक ऑनलाइन व उसी तरह 100 के करीब ऑफ लाइन सदस्यता ग्रहण कराई है, जिसके लिए सभी मण्डलों में एनजीओ प्रकोष्ठ के सह संयोजक व प्रभारी सरस्वती साहू व कुलेश्वर साहू कार्य कफ रहे हैं और अपने दिए गये लक्ष्य को गाँव मे जाकर पूरा कर रहे हैं एनजीओ प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व वार्ड 8 के प्रभारी विकास तंबोली ने स्वयं घर घर जाकर लोगों को भाजपा का सदस्यता दिलाई और देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प विकसित भारत उन्नत छत्तीसगढ़ एक समृद्ध शसक्त भारत मजबूत राष्ट्र राष्ट्रहित के लिए भाजपा का सदस्य बन कर मोदी को सहयोग और उनके द्वारा किये जा रहे ऐतिहासिक साहसिक निर्णय में अपना योगदान के लिए भाजपा से जुडने की अपील किये यह सदस्यता अभियान सतत चलता रहेगा। आगे जनता युवा नौजवान महिलाओं किसानो से कहा की भाजपा का सदस्यता बहुत ही आसान है ये तीन तरह से लिया जा सकता है। 8800002024 में मिस्ड कॉल करके या कियूआर कोड से ऑफलाइन से भी बन सकते हैं पार्टी ने पिछले बार से अधिक सदस्यता ग्रहण करने प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी है। सभी अपने तरफ से इस पर कार्य कर रहे हैं।

# कुसमी के रंगारंग सांस्कृतिक प्रतियोगिता में शामिल हुए योगेश

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधानसभा के नगर पंचायत कुसमी स्थित ठाकुर तालाब पारा में बाल गणेश उत्सव समिति द्वारा एक रंगारंग डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

योगेश तिवारी ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता और सदभाव का संदेश देते हैं। उन्होंने बाल गणेश उत्सव समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का यह एक सशक्त माध्यम है। योगेश तिवारी ने अपने वक्तव्य में बच्चों और युवाओं को मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल प्रतिभाओं को मंच मिलता है, बल्कि वे आत्मविश्वास और टीमवर्क भी सीखते हैं। तिवारी ने इस बात पर जोर दिया कि बाल गणेश उत्सव जैसे आयोजनों से सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने और उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान विशेष अतिथियों के रूप में नंदकुमार यादव (अध्यक्ष), देवा साहू, दिनेश यादव, दीपक यादव, टेकराम साहू, बसंत साहू, मनहरण, कैलाश साहू, ओमकार साहू, सतीश साहू, परमेश्वर साहू, आत्मा साहू, सोनू साहू, संतोष साहू, और भोजेंद्र साहू उपस्थित रहे। समारोह में प्रतियोगियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों और अतिथियों द्वारा खूब सराहा गया। साथ ही सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और आयोजन समिति की सराहना करते हुए इसे हर साल बड़े स्तर पर आयोजित करने का सुझाव दिया।

# डीजे और साउंड सिस्टम संचालकों का छीना व्यवसाय, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले इस फैसले को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए : विकास चोपड़ा

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद साउंड सिस्टम, धुमाल और डीजे संचालकों में मायूसी छा गई है। इनका कहना है कि लाखों रुपए की लागत से इन्होंने यह सेटअप तैयार किया है और ऐसे इन त्योहारों में अगर इन सभी चीजों को प्रतिबंधित कर दिया जाता है, तो उनका व्यापार कैसे चलेगा? क्योंकि यही इनकी रोजी रोटी है। कई संचालक लोन लेकर यह सिस्टम तैयार किए हैं और इसका संचालन कर रहे हैं। संचालकों की माने तो संस्कारधानी राजनांदगांव में डीजे कि धुन में झाकियां निकलती है, तो आगामी 20 सितंबर को यहां भी डीजे और झांकी निकाल गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा।

वही डीजे और साउंड सिस्टम सहित धुमाल पर प्रतिबन्ध के सम्बंध में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिस प्रकार से डीजे और धूमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। वह पूरी तरह से धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने वाला निर्णय है और पिछले कई वर्षो से चली आ रही परंपरा को तोड़ने वाला प्रतिबन्ध है, इस निर्णय पर तत्काल पुनः विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में जहां एक तरफ इस निर्णय से गणेश समितियों के युवाओं की पिछले कई दिनों की तैयारी को एक झटके में बेकार कर दिया। वहीं दूसरी तरफ धुमाल डीजे से सम्बन्धित व्यवसाय से सम्बन्धित लोगों का व्यवसाय छीन लिया है।

गणेश विसर्जन में जिस प्रकार पिछले कई वर्षो में झांकी कि परंपरा शहर में विकसित हुई है। उस दिन का लोग इंतजार करते है। आस पास गांव के लोग भी भगवान गणेश विसर्जन की झांकी देखने हजारों की संख्या में उमड़ते है। उन सब को निराश करने वाला यह निर्णय हैं।

### फैसले को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए

नपाध्यक्ष विकास ने कहा कि इस पर निश्चित रूप से निर्णय लिया जाना चाहिए और सरकार को यह जवाब भी देना चाहिए कि क्या यह निर्णय तत्काल इसलिए लागू की जा रही है कि पिछले कुछ दिनों में प्रदेश कि कुछ जगहों पर कुछ घटनाएं गणेश पंडालों में घटनाएं घटी और सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने में विफल रही है, अगर ऐसा है? तो क्या यह अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास है? या फिर आगामी विसर्जन में कानून व्यवस्था बनाए रखने में भी सरकार खुद की पुलिस और प्रशासन पर विश्वास नहीं कर पा रही है? कारण जो भी इस प्रकार का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है। धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले इस फैसले को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

# युवक ने फांसी लगा कर की आत्म हत्या

**कुम्हारी।** निकटवर्ती ग्राम कपसदा में शनिवार को धनेश्वर कुर्रे पिता राजकुमार कुर्रे (उम्र 35 वर्ष) ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने अंदर से कमरे का दरवाजा बन्द कर लिया था परिजनों ने जब आवाज दी तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई तब दरवाजा तोड़कर परिजन अंदर दाखिल हुए तो देखा कि धनेश्वर छत के म्यार में स्कार्फ से फांसी लगाकर लटका हुआ था और उसकी मृत्यु हो चुकी थी। मृतक के पिता ने बताया कि वह शराब का आदी था प्रार्थी की रिपोर्ट पर कुम्हारी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पंचनामा में लिया गया।

# डॉक्टर प्रशांत झा अपने पितामह की स्मृति में करते हैं हर वर्ष उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



**बेमेतरा।** प्रति वर्ष शिक्षक सम्मान समारोह वृहद स्तर पर विकास खण्ड बेरला में आयोजित होता है। जिसमें पूर्व सेवा निवृत्त एवं वर्तमान सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान, रक्तदान शिविर के साथ शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान प्रति वर्ष डॉ प्रशान्त झा अपने पितामह आनन्द लाल झा की स्मृति में करते हैं। इस वर्ष भी स्मृति चिन्ह, एवं रुद्राक्ष, श्वेत चन्दन और रक्त चन्दन का पौधा तथा रक्षा सूत्र भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। डॉ प्रशान्त झा के पिता जी राजेन्द्र झा प्राचार्य शा.उ.मा.वि. कंडरका, जो प्रति वर्ष जितने वर्ष की सेवा होती है हर वर्ष उतने ही पौधे लगाते हैं। उनसे प्रेरित होकर अपना पर्यावरण प्रेम प्रकट किया गया। डॉ. प्रशान्त झा शासकीय प्राथमिक पाठशाला देवसरा से प्राथमिक शिक्षा एवं समस्त शिक्षा शासकीय विद्यालयों से उच्च शिक्षा एमबीबीएस, एमडएम की शिक्षा भी शासकीय महाविद्यालय से ही प्राप्त किया है। उनका मानना है, कि शासकीय विद्यालयों में अच्छी शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा भी मिल सकती है। बस अच्छा करने वाले शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए। डॉ प्रशान्त झा के इस नेक के लिए डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे, व्याख्याता थलज कुमार साहू, व्याख्याता जी एल खुटियारे ने प्रशंसा खूब की एवं मंगल कामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इसी प्रकार सहयोग करते रहने का आग्रह किये। डॉ प्रशान्त झा के पिताजी राजेन्द्र झा को आयोजन समिति के अध्यक्ष भीखु राम साहू, तारकेश्वर साहू, और कुशल साहू, नीलकंठ साहू, आशीष पाण्डेय, दुष्यंत परगनिहा, संतोष परगनिहा, खोमलाल साहू, जे के घृतलहरे प्राचार्य डाइट एवं थलज कुमार साहू व्याख्याता डाइट ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# एथेनॉल प्लांट को बंद को लेकर 23 सितंबर को प्रशासन विधायक का घेराव की चेतावनी दी गई

**बेमेतरा।** रांका में संपन्न महापंचायत में एथेनाल प्लांट को बंद करने सौंपे गए ज्ञापन की समय सीमा समाप्ति उपरांत पथर्रा में आस पास के पच्चीस तीस गांवों के लोगों ने रणनीति बनाने मैराथन बैठक हुई। किसानों की रणनीति अनुसार किसान ट्रैक्टर रैली के लिए अगले सप्ताह की तिथि तय की गई। इसी तारतम्य में किसानों ने निर्णय किया की रांका से कुरूद जाने वाली सड़क जिसकी क्षमता 12टन की जिस पर सुयश बायो फ्यूल द्वारा 40-50 टन की गाड़ी सड़क पर निरंतर चला कर खराब की जारी है। जिस पर बैरियर लगा कर इन गाड़ियों को रोका जाए। परंतु इस सड़क की सुरक्षा करने में शासन प्रशासन असफल है ।इसलिए,महापंचायत द्वारा रांका में कुरूद जाने वाली सड़क पर बैरियर लगाकर सुरक्षा की जिम्मेदार गांव वासी द्वारा सुरक्षा करने का निर्णय लिया।



# फोटो युक्त निर्वाचक नमावली तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 के लिए अर्हता तिथि एक जनवरी 2024 के आधार पर फोटो युक्त निर्वाचक नमावली निर्धारित संलग्न कार्यक्रम अनुसार तैयार करने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त किया है। स्थानीय निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र कवर्धा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कवर्धा को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत क्षेत्र सहसपुर लोहारा के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सहपुर लोहारा, जनपद पंचायत क्षेत्र बोड़ला के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बोड़ला और जनपद पंचायत क्षेत्र पंडरिया के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत क्षेत्र कवर्धा के लिए तहसीलदार कवर्धा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद पंचायत क्षेत्र बोड़ला के लिए तहसीलदार बोड़ला सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के लिए तहसीलदार सहसपुर लोहारा को सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं जनपद पंचायत क्षेत्र पंडरिया के लिए तहसीलदार पंडरिया को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। जनपद पंचायत क्षेत्र कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला और सहसपुर लोहारा के लिए अपील अधीकारी कलेक्टर और अपर कलेक्टर कबीरधाम होंगे।

# सेवा पखवाडे के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष निर्देशानुसार बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने जिला टोली का किया गठन

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और गांधी जयंती के उपलक्ष में भारतीय जनता पार्टी देशभर में सेवा पखवाड़ा मनाएगी। सेवा पखवाडे के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार बालोद भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू ने जिला टोली का गठन किया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पवन साहू निर्देशानुसार पर द्वय महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश यादव (छोटू) के नेतृत्व पर भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा जिला के टीम की घोषणा की जिसमे सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला सदस्य स्वाधीन जैन, (दल्लीराजहरा), जिला सदस्य पंकज चौधरी, जिला सदस्य खेमलाल देवानंद की नियुक्ति हुई।

जिला सदस्य के रूप में स्वाधीन जैन की नियुक्ति की गई है जिसमे भाजपा दल्लीराजहरा में हर्ष का माहौल बना हुआ है। ऐसे में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश मीडिया प्रभारी व सेवा पखवाड़ा के जिला सदस्य स्वाधीन जैन ने जिला सदस्य के रूप नियुक्ति होने जैन ने भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू , महामंत्री चेमन देशमुख, राकेश यादव व भाजपा के वरिष्ठजानो का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है ऐसे में बधाई देने वाले पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष जयदीप गुप्ता,आशीष लालवानी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेश जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, महेश पांडे, राजू कुकरेजा, मनोज दुबे, अरुण ताम्रकार, प्रदेश सह-सोशल मीडिया प्रभारी हितेश कुमार किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशाल मोटवानी, कासिम कुरैशी, साहिल सवालाकर, अफसर कुरैशी, मो.इमरान, आलोक जैन, पुनीत पब्जी, ललित जैन, अंकित टाटिया, अविनाश आदि भाजपा के कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

# लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) की दिवंगत होने पर राजकीय सम्मान के साथ हो अंत्येष्टि

## अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने रखी मांग

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




25 जून 1975 को देश की तात्कालिक प्रधानमंत्री जो कि चुनाव हार गई थी तब इंदिरा गाँधी के द्वारा देश मे आपात काल लगाकर देश की समूर्ण शक्ति अपने हाथों में लेकर पूरे देश में इमरजेंसी की घोषणा कर दी और उस दौरान देश भर से सामाजिक राजनैतिक आंदोलनकारियों आपातकाल का विरोध कर रहे बुद्धजीवियों, पत्रकारों, वकीलों डॉक्टरों और पेशेवरों को जेलों में अनिश्चितकाल के लिए निरुद्ध कर दिया गया था।

उस दौरान अपना कैरियर दांव में लगा कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए युवक हसते हँसते जेल में बंद रहे, भाजपा की राज्य सरकारों ने इंदिरा के दमन के खिलाफ डटे हुए आंदोलनकारियों को लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी का नाम देते हुए प्रति माह 25 हजार रुपये की सम्मान निधि जारी की, मध्यप्रदेश सरकार ने लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानियों को एक कदम आगे बढ़ते हुए दिवंगत होने पर राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्ठि करने की घोषणा की है, सूबे के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिल लोकतंत्र स्वतंत्रता सेनानी हृदयनारायण निर्वाणी के पुत्र अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने यह मांग रखी कि मध्यप्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ में भी लोकतंत्र सेनानियों मीसाबंदीयो के दिवंगत होने पर अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने की मांग रखी है, इसकी प्रति उन्होंने लोकतंत्र स्वंतंत्रता सेनानी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सचिदानंद उपासने को भी भेजी है। ज्ञात हो बेमेतरा से पूर्व विधायक स्व. महेश तिवाई, स्व. मुंशी राम ठाकुर, स्व. डॉ. वीरेंद्र कुमार दानी भी आपात काल के दौरान 18 महीनों तक जेल में बंद रहे हैं।

# शिक्षक दिवस समारोह में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले के बेरला में ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान एवं प्रतिभावान छात्र सम्मान समारोह एवं रक्तदान शिविर का आयोजन कृषि उपज मंडी बेरला में किया गया। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित इस समारोह में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल ने किया द्य कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने उदबोधन में शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उन्हें समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए उनका अभिनन्दन किया। विधायक ने आगे कहा की शिक्षक हमारे समाज के नींव के पत्थर हैं। उनकी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन के बिना, देश का भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। मैं सभी शिक्षकों को उनके अथक प्रयासों के लिए धन्यवाद देता हूँ।उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है और शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए वह सदैव तत्पर हैं। समारोह के दौरान विधायक ने प्रतिभावान छात्र छात्राओं और सेवानिवृत एवं कार्यरत शिक्षकों को सम्मानित भी किया और उन्हें स्मृति चिन्ह एवं सफेद चन्दन का पौधा भी प्रदान किए। साथ ही रक्तदान करने वाले शिक्षकों को भी प्रसस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विधायक द्वारा सभी शिक्षकों और उपस्थित अतिथियों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए किया गया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत बेरला उपाध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष बलराम पटेल, तहसील साहू संघ अध्यक्ष सूर्यकान्त साहू, डायरेक्ट समाधान महाविद्यालय अवधेश सिंह पटेल सहित शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं सेवा निवृत शिक्षक उपस्थित रहे।



# कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा तहसील में डिजीटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा तहसील में डिजीटल क्रॉप सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके तहत पटवारी सहित अन्य राजस्व अधिकारी खेतों में जाकर सर्वे का कार्य पूर्ण करेंगे। डिजिटल क्रॉप सर्वे में सर्वेयर की भूमिका जियो फ्रेंस के रूप में होगी, जो डिजिटल रूप से फसल का सर्वे सभी खेतों में जाकर करेंगे। सर्वेयर को प्रतिदिन 30 से 50 खसरों का टास्क दिया जाएगा। जिसे सर्वेयर खेत में जाकर लॉगिन करेंगे। उनसे तहसीलदार पूछेंगे क्या आप अवलेबल हैं और हां में जवाब आएगा। वैसे ही एप में प्लॉट की स्थिति, खसरा नंबर, एरिया ऑनर का नाम अपने आप फीड हो जायेगा। जो क्रॉप लगी है उसका तीन फोटो लॉन्गिट्यूट लैटिट्यूट के साथ अपलोड करना है। इस प्रकार एक नंबर का कार्य पूर्ण होगा। जिसमें पटवारी की भूमिका पर्यवेक्षक और राजस्व निरीक्षक की भूमिका सत्यापनकर्ता तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार की भूमिका जांचकर्ता अधिकारी के रूप में की गई है। सर्वेक्षकों द्वारा संपादित सभी खसरे आरआई के पास नहीं आयेंगे। सर्वेक्षकों द्वारा सर्वे किये गए खसरे पटवारी के पास आयेंगे। पटवारी या अनुमोदन करेगा या रिसेंड करेगा। पटवारी द्वारा दो बार रिजेक्ट होने की स्थिति में आरआई के आईडी में आयेगा। ऐसे खसरों की संख्या बहुत कम होगी, जहां मौके में जाकर आवश्यकतानुसार सत्यापन किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में बताया गया है कि फील्ड में क्या बोया गया है फसल की जींस का नाम, मिश्रित फसल की स्थिति में सभी फसलों का अनुमानित रकबा, सिंचित- असिंचित फसल, एकवर्षीय या बहुवर्षीय, सीजनल फसल की जानकारी आदि भरी जायेगी। सर्वेयर द्वारा साफ्टवेयर में बोये गये जींस व एकल व मिश्रित फसल की स्थिति में बोये गये फसल या पड़त रकबा की अनुमानित प्रविष्टि करेगा। जब तक साफ्टवेयर में जियोरिफ्रेंस्ड रकबा के अनुसार सर्वे किए गए रकबा का योग एक समान नहीं आयेगा, तब तक डेटा सेव नहीं होगा। सर्वेयर किसी भी खसरा नंबर की भूमि के मेड़ में खड़े होकर फोटो कैप्चर नहीं करेगा। यदि ऐसा वे करते हैं तो आसपास के खसरा नंबर के लैटलांग मिस्डमैच होगा।

# छत्तीसगढ़ डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन ने बिलासपुर में धूमधाम से मनाया अभियंता दिवस समारोह






पायनियर संवाददाता ᐸ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

भारत रत्न सर मोक्ष गुण्डम विश्वेश्वरैया के 163 पुण्यतिथि पर छग डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन के द्वारा राज्य स्तरीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर के मोटेल जेड सिटी में किया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल विधायक बिलासपुर उपस्थित रहे एवं अपने अंदाज में सभा को संबोधित भी किया। कार्यक्रम में सुशांत शुक्ला विधायक बेलतारा ने भी शिरकत की एवं अपने ओजपूर्ण अंदाज में भाषण भी दिया, तत्पश्चात इंजी. अटल श्रीवास्तव, विधायक कोटा ने भी इंजीनियर होने के नाते सभा में तकनीकी बातों का जिक्र किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्रिंसिपल बी एस चावला, जल संसाधन विभाग के इंजी. जे.आर. भगत मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थय यांत्रिकी विभाग के इंजी. संजय सिंह मुख्य अभियंता उपस्थित रहें। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग से इंजी. के.के. पीपरी, प्रमुख अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड से नवाजा गया। इंजी. जी.पी. पवार सेवानिवृत्त अभियंता को लाईफ टाईम एचीवमेंट एवार्ड से नवाजा गया है। जल संसाधन विभाग से इंजी. के.एस. गुरूवर मुख्य अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड एवं इंजी. ए.के. सोमावार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को लाईफ टाईम एचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग से इंजी. संजय सिंह मुख्य अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड एवं इंजी. ए.के. साहू सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को लाइफ टाईम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया। छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण से इंजी. सुनील नामदेव अधीक्षण अभियंता को उत्कृष्ट अभियंता एवार्ड से नवाजा गया एवं पंचायत ग्रामीण विकास विभाग से इंजी. राजेश कुमार देवांगन जो सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता को लाईफ टाईम एचीवमेंट एवार्ड से नवाजा गया है। इस अवसर पर संघ द्वारा सुगम सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। राष्ट्रकवि डॉ.बृजेश सिंह एवं संघ के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर मनीष राठौर ने मनमोहक कवीतापाठ कर कार्यक्रम में शमा बांध दिया, तथा सभा द्वारा एक स्वर में इनकी प्रशंसा की गई। इंजी.संजीव सिंह, इंजि.स्वप्निता नामदेव, इंजी.आर के जोशी, द्वारा गीत प्रस्तुति एवं इंजीनियर आरएन निर्मलकर, इंजी.मनीष राठौर एवं छोटे बच्चों प्रज्ञा, श्रेया, श्रद्धा, शालिनी धीवर, ऋत्विक सिंह नामदेव, अनिका राठौर, सानवी मिश्रा द्वारा मनभावक नृत्य प्रस्तुति दी गई।

# निराला साहित्य मंडल एवं महिला मंडल चांपा द्वारा आयोजित हिंदी दिवस कार्यक्रम संपन्न

पायनियर संवाददाता ᐸ चांपा
www.dailypioneer.com



निराला साहित्य मंडल एवं महिला मंडल चांपा के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निराला साहित्य मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. घनश्याम दुबे उपस्थित रहे। यह आयोजन राजेश अग्रवाल के निवास, कैलाश सा मिल, पुराना कॉलेज रोड, चांपा में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं निराला जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुआ। मंडल के उपाध्यक्ष पं. अखिलेश कोमल पाण्डेय ने सभी उपस्थितों के साथ समवेत स्वर में सरस्वती वंदना का पाठ किया। इसके बाद मंचस्थ अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अक्षत चंदन से किया गया। इस स्वागत की प्रक्रिया में अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नागेन्द्र गुप्ता और पं. अखिलेश कोमल पाण्डेय ने अपनी भूमिका निभाई। हिंदी दिवस के इस विशेष अवसर पर अतिथियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा, हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। यह न केवल भारत में, बल्कि विश्व के कई देशों में बोली और समझी जाती है। हमें अपनी भाषा पर गर्व करना चाहिए और इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। हिंदी को अपनी बोलचाल और लेखन में प्रमुखता देकर इसे और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने अमेरिका प्रवास के दौरान भारतीय संस्कृति एवं हिंदी की महत्ता पर रोचक प्रसंग सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अध्यय उद्बोधन में राजेश अग्रवाल ने कहा, निराला साहित्य मंडल का उद्देश्य हिंदी साहित्य एवं भाषा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ नई पीढ़ी को हिंदी साहित्य से जोड़ना है। हिंदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हमें अपनी मातृभाषा के उत्थान के लिए अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है।इसके बाद, हिंदी दिवस कार्यक्रम के प्रवक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य संरक्षक एवं प्रवक्ता पं. हरिहर प्रसाद तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा, हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति का माध्यम है। इसे और सशक्त बनाने के लिए हमें इसे रोजमर्रा की भाषा में अपनाना चाहिए।

# पुलिस ने करी नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई 30 लीटर कच्ची महुआ शराब की गई जब्त

पायनियर संवाददाता ᐸ सक्ती
www.dailypioneer.com




पुलिस थाना सक्ती, जिला सक्ती(छ.ग.) केअपराध क्र. 343/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देश पर नशीला पदार्थ के कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी है,अवैध महुआ शराब बिक्री हेतु रखने वाला आदतन अपराधी लखन लाल जांगड़े निवासी ग्राम परसदा खुर्द गिरफ्तार हुआ है, आरोपी के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त हुई है, आरोपी के विरुद्ध थाना सक्ती में 03 प्रकरण आबकारी एक्ट व 01 प्रकरण जुआ एक्ट का है दर्ज हुआ है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा नशीले पदार्थों के कारोबारियों पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने के दिये गये दिशा निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर के मार्गदर्शन में क्षेत्र में सक्रिय मुखबिर तैनात कर सूचना संकलन किया जा रहा है कि 14.09.2024 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला ग्राम परसदा खुर्द के लखन लाल जांगडे अपने घर के सामने महुआ शराब बिक्री करने हेतु रखा है की सूचना पर पुलिस स्टाफ एवम गवाहन के मुखबिर के बताये स्थान पर रेड कार्यवाही किया जो लखन लाल जांगडे अपने घर के सामने 06 नग पीले रंग की प्लास्टिक जेरिकेन में अवैध महुआ शराब रखा मिला। जिसे शराब रखने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने हेतु नोटिस दिए जाने पर कोई वैध दस्तावेज या लायसेंस नहीं होना बताया। आरोपी लखन लाल जांगडे पिता सालिक राम उम्र 22 साल साकिन परसदाखुर्द थाना सक्ती जिला सक्ती के पेश करने पर 06 पीले रंग की प्लास्टिक जेरिकेन 05- 05 लीटर क्षमता वाली प्रत्येक में भरा 05- 05 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित कच्ची महुआ शराब कुल 30 लीटर जुमला कीमती 6000 रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड लेकर जेल भेजा गया हैं।

# चक्रधर नगर पुलिस की संवेदनशीलता

## मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति को परिजनों से मिलाया

पायनियर संवाददाता ᐸ रायगढ़
www.dailypioneer.com



एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति के लिए चक्रधरनगर पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता देखने को मिली। जानकारी के मुताबिक शाम करीब 03.30 बजे थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को क्षेत्र के रहवासी से सूचना मिली कि एक विक्षिप्त व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पंजरी प्लांट के आसपास घूम रहा है, थाना प्रभारी ने अपनी पेट्रोलिंग टीम के साथ मौके पर पहुंचकर व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन, आधार कार्ड, और कुछ अन्य सामान बरामद किए गए। आधार कार्ड पर तूफान लेंका, थाना पुरूषोत्मपुर जिला गंजाम, ओडिशा अंकित था। व्यक्ति के पास मिले आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से पुलिस ने उसके परिजनों से संपर्क साधने का प्रयास किया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने व्यक्ति के निवास थाने पुरूषोत्मपुर, गंजाम में पुलिस अधिकारियों को जानकारी दी। ओडिशा में उक्त व्यक्ति की पहचान तूफान लेंका के रूप में स्पष्ट हुआ। तूफान लेंका के परिजनों ने बताया कि तूफान कुछ दिनों पहले सूरत (गुजरात) काम करने गया था। वहां उसकी तबीयत बिगड़ गई और मानसिक स्थिति खराब होने के कारण उसे गांव वापस लाया जा रहा था। रास्ते में वह ट्रेन से कहीं उतर गया और लापता हो गया। संभावना जताई जा रही थी कि वह रायगढ़ स्टेशन पर उतर गया होगा। चक्रधरनगर पुलिस ने उसकी मानसिक स्थिति का ख्याल रखते हुए उसे पूरी रात थाने में सुरक्षित रखा गया। सुबह होते ही उसके परिजनों को बुलाया गया और युवक को उनके सुपुर्द किया गया। परिजनों की खुशी और राहत देखते ही बनती थी, उन्होंने पुलिस का धन्यवाद देते हुए उनकी इस मानवीय पहल की सराहना की। चक्रधर नगर पुलिस की इस पहल ने यह दिखाया है कि सही समय पर सही कदम उठाकर कैसे एक जीवन को सुरक्षित किया जा सकता है। यह घटना एक उदाहरण है कि पुलिस बल किस तरह समाज की सेवा में न सिर्फ एक संरक्षक बल्कि एक संवेदनशील साथी के रूप में भी खड़ा रहता है।

# त्रिपुरा रायफल के जवानों पर हमले के 4 फरार आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी में एक नाबालिग भी शामिल, वारदात में प्रयुक्त डंडा जब्त

पायनियर संवाददाता ᐸ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले के छाल एसईसीएल सब एरिया में शॉर्टकट रास्ते से खदान में गाड़ी घुसाने की बात को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा त्रिपुरा रायफल के जवानों पर हमला करने के एक मामले में फरार 4 आरोपियों को छाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। हिरासत में लिए गए आरोपितों में एक नाबालिग भी शामिल है। बीते 15 दिसंबर को छाल एसईसीएल इलाके में ग्रामीणों और त्रिपुरा रायफल के जवानों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में जवानों के साथ कुछ ग्रामीण भी घायल हुए थे। इस मामले में जवानों की ओर से की गई रिर्पोट पर पुलिस आईपीसी की धारा 147, 145, 186, 342, 332, 353, और धारा 447 के तहत एफआईआर दर्ज कर आगे की पड़ताल कर रही थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस मामले में एक आरोपी रवि ठाकुर उम्र 34 साल साकिन बांधापाली को पिछले माह ही गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी रवि ने पुलिस को दिए बयान में अपने साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात कबूल की थी। इस गंभीर मामले में पुलिस ने फरार 4 आरोपितों को हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया है।

# बिरथरे परिवार में जन्मदिन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ᐸ चांपा
www.dailypioneer.com



नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सा सेवा क्षेत्र से जुड़े हुए डॉ.वी. एन. बिरथरे एवं डॉ.पल्लवी एवं सौरभ बिरथरे के पुत्री शास्वी और पुत्र शार्विक के प्रथम जन्म दिवस के अवसर पर भव्य रात्रिभोज का आयोजन होटल सुमित इन, मोदी चौक चांपा में किया गया। इस कार्यक्रम में नगर और आसपास के क्षेत्र के प्रमुख चिकित्सक, गणमान्य नागरिक, और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भाग लेकर समारोह की शोभा बढ़ाई। जन्मदिन समारोह का शुभारंभ नन्हें-मुन्ने प्यारे बच्चों शास्वी एवं शार्विक के हाथों केक कटाकर किया गया। जिसमें परिवार के सदस्यों के साथ-साथ सभी उपस्थित लोगों ने हर्षोल्लास से भाग लिया । कार्यक्रम में अभ्यागतों का स्वागत एवं अभिनंदन डॉ. बिरथरे परिवार द्वारा अत्यंत हर्ष और आनंद के साथ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, चिकित्सकों, शुभचिंतकों, एवं पारिवारिक संबंधियों ने डॉ. बिरथरे परिवार को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित अतिथियों ने बिटिया शास्वी और बेटे शार्विक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में रात्रि-भोज के दौरान विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आयोजन किया गया था, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में जिलें भर के प्रमुख चिकित्सक, डॉ. नायक दंपति, डॉ. योगेश शर्मा, डॉ. प्रसाद, डॉ. के. आर. सिंह, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. रवि सराफ डॉ. राधेश्याम सोनी, डॉ. संतोष सोनी, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ ब्रजमोहन जागृति, प्रेस क्लब चांपा अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा परिवारजनों से मिलकर शुभकामनाएं दिए और उपहार सामग्री भेंट की।

# भाजपाइयों ने भी किया मुस्लिम समाज के जुलूस का स्वागत

पायनियर संवाददाता ᐸ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर के सुन्नी मुस्लिम भाईयों के द्वारा ईस्लाम के आखिरी नबी पैगम्बर मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिवस के मौके पर जामा मस्जिद सक्ती से जुलुस-ए-मोहम्मदी निकाली गई जुलुस जामा मस्जिद से जुलुस नगर भ्रमण करने के दौरान सक्ती के मुस्लि भाईयो के द्वारा समस्त दुकानो और आस पास के लोगो को गुलाब का फुल भेंट कर आपसी भाईचारा का मिसाल पेश किया गया जुलुस नगर भ्रमण करते हुए अग्रसेन चौक के पास पहुंचने पर भाजपा अल्पसंख्यक के द्वारा जलपान की व्यवस्था एवं उनके द्वारा स्वागत किया गया इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सैयद आबिद, महामंत्री शाहिद बॉक्स, उपाध्यक्ष सलीम खान मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव झुग्गी झोपड़ी प्रपोज्ड रंजन सिंह मनोज सिसोदिया अधिवक्ता एवं मनोज सोनी शामिल रहे वहीं आगे बढ़ते हुए रैली को पुरानी हटरी धर्मशाला के पास अग्रवाल समाजके द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल मनीष कथुरिया रमेश अग्रवाल पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश अग्रवाल गेवाडिन एवं काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग शामिल रहे हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब केजन्मदिवस के मौके पर नबी के द्वारा कहे गये एवं शांति की बात जुलुस मे नारा लगाकर एवं नात शरीफ पढ़ कर बताई गई नगर भ्रमण कर जुलुस जामा मस्जिद सक्ती पहुचने पर हुजुर की शान मे सक्ती के पेशईमाम हजरत मोईन रजा के द्वारा उम्दा आवाज मे सलाम पढी गई तत्पश्चात मुल्क की अमन चैन व शांति की दुआ अल्लाह के बरगाह मे सभी मुस्लिम भाईयों एवं हिंदुस्तान के हाथ उपर उठाकर दुआएं मांगी गई इस अवसर पर सुन्नी मुस्लिम जमात के हाजी तैय्यब अली रिज्वी, हाजी वाहेद खान, हाजी मुनव्वर वारसी, हाजी गुलाम नबी, भाई महबूब खान, शम्स तमरेज खान, रिजवान खान, आजम खान, राजा, हज्जा, जमाल खान, सुल्तान खान, रमजान खान, सुलेमान खान, बंटी, रज्जब अली, रज्जाक अली, फैजान खान, सोनु खान, शाबा खान, सुहैल खान, रूस्तम खान, राशीद खान, हफिज खान, इकबाल खान, जावेद खान, सकिल अहमद, करीम खान, गुलाम मनिहार, नासिर हुसैन, शफिक अहमद, तैय्यब खान, दानीश खान, इम्तियाज खान, गनी वकील, अलीम खान, ऐजाज खान, अयाज खान, पिन्टू खान, असलम खान, राजु खान, साजिद खान, वाजीद खान, आबिद खान, छोटु खान सहित समस्त नगर के मुस्लिम जुलुस मे शिरकत किये।

# जुआ सट्टा खेलने व खेलाने वाले 02 आरोपी को अलग अलग प्रकरण में किया गया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ᐸ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




जुआ सट्टा खेलने व खेलाने वाले 02 आरोपी को अलग अलग प्रकरण में किया गया गिरफ्तार। नवागढ़ पुलिस को मुखबीर सूचना मिला की किरित का राकेश कुमार साहू पिता माखन लाल साहू उम्र 34 निवासी किरित द्वारा राछा भाटा नवागढ़ चौक के पास मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा खेला रहा है एवं खेल रहा है की सूचना पर हमराह स्टाफ और गवाह के साथ रेड कार्यवाही किया गया जो आरोपी अपने मोबाइल से श्रीदेवी नाइट्स, कल्याण, मुंबई, जैसे सट्टा में लगातार रुपए पैसे ऑनलाइन लगा रहा था एवं कई लोगो से पैसे लेकर भी आनलाइन सट्टा में पैसे लगा रहा था, उसके मोबाइल में ट्रांजेक्शन हिस्ट्री देखा गया जो आरोपी लाखो रुपए का सट्टा खेल/ खेला रहा था आरोपी के मोबाइल को कब्जे में लिया गया। इसी प्रकार आरोपी राकेश कुमार साहू पिता खेमन लाल साहू किरित थाना नवागढ जो राछा में सट्टा खेलने /खेलाने का सूचना प्राप्त होने ओप्पो कंपनी का मोबाइल एवम जिस मोटर सायकल होंडा लियो सी जी 22 G 9515 में घूम घूम कर सट्टा खेल / खेला रहा था को गवाहों के जप्त किया गया, आरोपियों का कृत्य धारा 6,7 छ.ग. जुआ प्रति.अधि.2022 के अर्तगत पाए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमाक 353/24 एवं 354/24 कायम कर गिरफ्तार किया गया, एवं न्यायलय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र कश्यप म.प्र.आर. स्वाति गिरोलकर, आरक्षक टुकेश्वर डडसेना, कुलदीप खूंटे, जनक कश्यप, बलराम यादव, श्याम कुमार शांतेय का सराहनीय योगदान रहा।

## मुस्लिम समाज के ईद पर निकले जुलूस का किया स्वागत

# अग्रवाल समाज ने पेश की भाईचारे की मिसाल

पायनियर संवाददाता ᐸ सक्ती
www.dailypioneer.com





अग्रवाल समाज शक्ति द्वारा 16 सितंबर को मुस्लिम समाज के पवित्र पर्व ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर में सुबह निकाली जुलूस शोभा यात्रा का हटरी धर्मशाला के सामने हटरी चौक में भव्य स्वागत किया, इस अवसर पर अग्रवाल सभा शक्ति, श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के पदाधिकारी सदस्यों ने जहां मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों को माला पहनाकर एवं गले मिलकर उन्हें ईद की बधाइयां दी, तो वहीं जुलूस में शामिल सभी समाज बंधुओ को स्वल्पाहार भी कराया गया, इस अवसर पर मुस्लिम समाज ने भी अग्रवाल समाज के सभी बंधुओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की शक्ति शहर का यह आपसी सौहाद्र एवं आपसी भाईचारा अपने आप में एक मिसाल है, वही मुस्लिम समाज की ईद मिलादुन्नबी पर्व पर निकला जुलूस जामा मस्जिद से प्रारंभ हुआ जो कि शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस पहुंचा, जुलूस मार्ग में जहां जगह-जगह उनका स्वागत हुआ तो वहीं इस जुलूस में मुस्लिम समाज के सभी वर्ग के लोग पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए, तो वहीं ईद पर्व पर निकले जुलूस को लेकर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी, तथा पूरे जुलूस मार्ग में पुलिस के अधिकारी कर्मचारी साथ चल रहे थे, एवं जिला पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के दिशा-निर्देशन में शक्ति थाना टीआई बृजेश कुमार तिवारी, आरक्षि केंद्र शक्ति में पदस्थ टीआई नरेंद्र यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

### शहर में हुआ अग्रसेन जयंती पखवाड़े का शुभारंभ, अग्रसेन जी की हुई पूजा अर्चना




**सक्ती।** अग्रवाल सभा शक्ति, अग्रसेन जयंती समारोह समिति एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में 3 अक्टूबर 2024 को होने वाले अग्रसेन जयंती पर्व को लेकर 16 सितंबर को हटरी धर्मशाला शक्ति में महाराजा अग्रसेन जी की पूजा- अर्चना का भव्य कार्य म आयोजित किया गया,इस अवसर पर रामचंद्र मारवाड़ी पंचायती मंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ पुजारी पंडित राधेश्याम शर्मा एवं पंडित रिंकू शर्मा ने विधिवत अग्रसेन जी की पूजा अर्चना मंत्रोच्चार के साथ करवाई तथा अग्रसेन जी को भोग लगाकर आरती भी की गई, इस अवसर पर अग्रवाल सभा, अग्रसेन जयंती समारोह समिति एवं अग्रवाल महिला मंडल के सभी पदाधिकारी- सदस्य मौजूद थे, इस अवसर पर आगंतुक समाज बंधुओ के लिए स्वल्पाहार का भी आयोजन किया गया तथा सभी से आग्रह किया गया कि अग्रसेन जयंती के पखवाड़े में सभी वर्ग के लोग पूरे उत्साह के साथ शामिल हो एवं 3 अक्टूबर को निकलने वाली अग्रसेन जी की शोभा यात्रा में भी सभी सह परिवार पहुंचे, 16 सितंबर को अग्रसेन जयंती पखवाड़े के लिए आयोजित पूजा अर्चना कार्य म में प्रमुख रूप से अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, सचिव कन्हैया गोयल, अग्रसेन जयंती समारोह समिति शक्ति के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल (राजू), सचिव मनीष कथूरिया, कोषाध्यक्ष मुकेश बंसल, रामअवतार अग्रवाल, गोविंद राम कथूरिया, विनोद अग्रवाल (धान वाले),नरेश गेवाडीन, रमेश चंद्र अग्रवाल (पशु आहार), महेश अग्रवाल, गणेश राम अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल लाला, पूनम चंद अग्रवाल, अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, अनुराग जिंदल भुरु, मुकेश अग्रवाल साई कंप्यूटर,गजेंद्र गज्जू डालमिया, अभिषेक अग्रवाल गोलू अनुराग, संदीप अग्रवाल मेडिकल,प्रकाश चंद्र अग्रवाल, किशन अग्रवाल लीला, सांवरिया अग्रवाल, ऋषि कुमार गोयल, राकेश अग्रवाल शांति पैलेस, गोपाल अग्रवाल, चमन अग्रवाल डीएम,अग्रवाल महिला मंडल की रीना नरेश गेवाडीन, उषा आनंद अग्रवाल, सुमन विकास अग्रवाल, मीना दिलीप अग्रवाल, मीनल अंकित अग्रवाल, रजनी संजय रामचंद्र, मती शिल्पा मनीष कथूरिया, मती सारिका सांवरिया अग्रवाल।

# हिंदी है भारत की शान: अंशिका, लक्ष्य अग्रवाल








पायनियर संवाददाता ᐸ चांपा
www.dailypioneer.com

बरपाली चौक डागा कॉलोनी निवासी अंशिका और लक्ष्य अग्रवाल ने छोटी सी कविता बताते हुए कहा कि हिंदी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है। सन् 1949 हिंदी भाषा को राजभाषा का दर्जा मिला था। हिंदी है भारत की शान, हर दिल की यह पहचान, मां की ममता जैसी प्यारी, सभी भाषाओं से न्यारी, जन-जन की भाषा हिंदी,हम सब की आशा हिंदी, सादगी का इसमें वास, बसे इसमें पूरा इतिहास, हम सबको इसे अपनाना है, इसके मान को बढ़ाना है, हिंदी से है देश महान, हिंदी से ही भारत की जान, मेरा भारत महान, मेरा भारत महान, मेरा भारत महान।

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी कमला देवी के श्रद्धांजली सभा में शामिल हुए हजारों लोग

## गृहग्राम पाउवारा में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी (72 वर्षीया) कमला देवी साहू का रायपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान 9 सितंबर को निधन हो गया था। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी, जिनका सम्पूर्ण कार्यक्रम उनके गृहग्राम पाऊवारा में श्रद्धांजलि सभा रखा गया।

अलग अलग वक्ताओं ने अपनी व्यखान से श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कमला देवी के छाँया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की चीर शांति तथा उनके परिवार को दुख के इस घड़ी में बल मिले इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व. कमलादेवी साहू के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलेट, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी एस ए सम्पत, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, सासंद दुर्ग विजय बघेल, पूर्व मंत्री टी. एस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री गुरु रूद्र कुमार, पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहल सिंह साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, विधायक गुंडरदेही कुंवर सिँह निषाद, दुर्ग ग्रामीण के पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा, पूर्व बदरुद्दीन कुरैशी, बालोद विधायक, संगीता सिंहा, तारिणी चंद्राकर, विधायक बीन्द्र नावागढ़ जनक राम धुर्वे, विधायक धमतरी ओमकार साहू,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र साहू, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू, विधायक सरायपाली चांतुरी नंद, डोंगरगांव विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक दालेश्वर साहू,साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर, तारनी चन्द्रकार,पूर्व अध्यक्ष केश कला बोर्ड दीपक ताराचंद साहू,विधायक कसडोल संदीप साहू, पूर्व विधायक डॉ दयाराम साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव, पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेंद्र देशमुख, श्रम कल्याण के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, कैश कला शिल्प बोर्ड अध्यक्ष नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग झमित गायकवाड, अध्यक्ष सरपंच संघ दुर्ग मुकुंद पारकर, जिला किसान संघ के प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी प्रदीप चंद्राकर, अध्यक्ष नगर पंचायत उतई डिकेंद्र हिरवानी, भीष्म हिरवानी, खुमान साहू, नगर निगम रिसाली महापौर शशि सिंहा, सभापति केशव बन्छोर, महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल, साहू संघ जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, सदयस्य जिला पंचायत माया बेलचंदन, शोक सभा का संचालन पूर्व अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग थानेश्वर साहू ने किया। इस दौरान कांग्रेस व भाजपा के अन्य नेता पदाधिकारी, साहू समाज सहित अन्य समाज के पाधिकारी, परिवार गण, सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रिसामा को 6.30 लाख रूपये के नवीन विकास कार्यों की सौगात

## भूमि पूजन कार्य क्रम में शामिल विधायक और सांसद

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र ग्राम रिसामा में 4.30 लाख रूपये से निर्मित होने वाले सी.सी. रोड निर्माण कार्य एवं 2.00 लाख रुपए का सामुदायिक भवन का मरम्मत कार्य के भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने विधिवत् पूजा अर्चना के साथ नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों से दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य जारी है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास सड़क मार्ग और आवागमन की बेहतर सुविधा होने से होती है। आज सीसी रोड़ का भूमि पूजन किया गया है कुछ दिनों में तैयार हो जाएगा लोगो को आवागमन में सुविधा होगी केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है क्षेत्र के विकास में पैसो की कमी नहीं होगा ग्रामवासियों का जो भी मांगा होगा उसे पूरी तन्यता के साथ पूरा करेंगे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की अगुवाई वाली सरकार में किसानों, गरीबों, वंचितों, युवाओं, महिलाओं एवं नव-मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए समावेशी और विकासोन्मुखी शासन की दिशा में आगे बढ़ रही है। विष्णु देव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगो के जीवन में बदलाव आया है हमारा उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति तक विकास पहुंचना है और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करते हुए भारत को 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाना है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, महामंत्री पुकेश चंद्राकर ,रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, महामंत्री राजु जंघेल,लेखदास साहू, डिलेश साहू,अजीत चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकर योगेंद्र दिल्लीवार, कुमार पटेल, मन्नुलाल साहू, कामता पटेल, रामदास साहू, मोरजध्वज साहू, गुहाराम निर्मलकर, चंद्रकांत सेन, विकास साहू, हमीत निर्मलकर, ताहिल साहू, मंशाराम क्षत्रिय राजाराम साहू, राजेंद्र साहू, परमेश्वर साहू उपस्थित थे।

# एडवांस्ड स्टेज कैंसर में मरीजों के लिए वरदान है पैन एवं पैलियेटिव केयर : डॉ. अविनाश तिवारी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



पेन अवेयरनेस मंथ के अवसर पर संजीवनी कैंसर अस्पताल रायपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन अस्पताल के निदेशक, कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन ने किया। डॉ. मेमन ने कैंसर मरीजों के दर्द की गंभीरता पर चर्चा की और दर्द प्रबंधन और पैलियेटिव केयर के महत्व के बारे में चर्चा की। डॉ. अविनाश तिवारी, जो पेन, पैलियेटिव मेडिसिन और सपोर्टिव ऑन्कोलॉजी लीड कंसल्टेंट हैं, ने बताया कि यह टीम राज्य में पहली बार दीर्घकालिक दर्द (लॉन्ग टर्म पेन) को एक हॉलिस्टिक दृष्टिकोण से मैनेज करती है। उन्होंने बताया कि वे दर्द को केवल शारीरिक लक्षण के रूप में नहीं देखते, बल्कि इसे एक पूर्ण अनुभव मानते हैं जो व्यक्ति के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और अस्तित्वगत पहलुओं को प्रभावित करता है। पेन फिजिशियन डॉ. हितेन मिस्त्री ने दीर्घकालिक पेन मैनेजमेंट के लिए उपयोग की जाने वाली नवीनतम नर्व ब्लॉक तकनीकों के बारे में बताया, जिसमें X-ra4 C-Arm और अल्ट्रासाउंड-गाइडेड इंटरवेंशंस शामिल हैं। प्रसिद्ध क्रिटिकल केयर चिकित्सक डॉ. राहुल गोयल ने समझाया कि प्रभावी पेन मैनेजमेंट न केवल जीवन की गुणवत्ता के लिए बल्कि कैंसर उपचार की प्रभावशीलता के लिए भी महत्वपूर्ण है। रिहैबिलिटेशन (पुनर्वास) विशेषज्ञ डॉ. नलनेश शर्मा ने दीर्घकालिक पेन मैनेजमेंट में पुनर्वासात्मक विधियों (रिहैबिलिटेटिव इंटरवेंशंस) के बारे में बताया। एनेस्थेसिया टीम की डॉ. योशिता मूलचंदानी ने ऑपरेशन के बाद पेन मैनेजमेंट और इसके सर्जिकल परिणामों में महत्व पर चर्चा की। डॉ. तिवारी ने निष्कर्ष में कहा कि संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में मल्टी डिसिप्लिनरी एप्रोच लॉन्ग टर्म पेन के सभी पहलुओं को संबोधित करता है, जिससे परिणाम बेहतर होते हैं।

# खतरनाक रुप ले चुका सूखा नशा व अवैध शराब के अवैध कारोबार चिंता का विषय : लालू मानिकपुरी

## नशा से जुडे गम्भीर मुद्दे पर विराम हेतु सभी वर्गों के एकजुट प्रयास अति अवश्यक

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com



लगातार अवैध शराब बिक्री और नशीली पदार्थ के कारोबार के बारे में कुछ प्रमुख समाचार प्रत्रो के प्रकाशन का असर देखने को मिला, सूखा नशा और अवैध शराब के बारे में विस्तार पूर्वक प्रकाशन कर शासन प्रशासन का ध्यान उक्त गम्भीर मुद्दे पर जिसके फलस्वरूप 24 घंटे के अंदर भाटापारा पुलिस टीम को ब्राउन शुगर, नाइट्रो टेन टेबलेट के सप्लायर को पकड़ने में बड़ी सफलता मिली, जिसके लिए मैं समस्त पत्रकार साथी एवं भाटापारा शहर टी आई परिवेश तिवारी जी और उनके टीम बधाई देता हुं। नशीली दवाइयों और अवैध शराब का सेवन हमारे समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज की सामूहिक भलाई को भी प्रभावित करता है। ब्राउन शुगर और अन्य नशीली दवाइयों का सेवन युवाओं को गलत दिशा में ले जाता है, जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो जाता है। अवैध शराब का सेवन भी स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म देता है और कई बार दुर्घटनाओं का कारण बनता है। हमें समाज कल्याण के लिए एकजुट होकर इन नशीली दवाइयों और अवैध शराब के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। हमें युवाओं को शिक्षित करना चाहिए और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करना चाहिए। साथ ही, हमें सरकार और प्रशासन से भी मांग करनी चाहिए कि वे इन नशीली दवाइयों और अवैध शराब के खिलाफ सख्त कानून बनाएं और उनका पालन सुनिश्चित करें। आइए हम मिलकर समाज कल्याण के लिए काम करें और नशीली दवाइयों और अवैध शराब के खिलाफ लड़ाई लड़ें।

# इन्वायरोथॉन में राजकुमार कॉलेज एवं पोस्टर प्रतियोगिता में आर.डी. तिवारी स्कूल, रायपुर प्रथम





- कॉलेज वर्ग में सीपेट एवं शा. महाप्रभु वल्लभाचार्य महा विद्यालय, महासमुंद प्रथम
- अंर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस की प्रतियोगिताओं में 750 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में जलवायु परिवर्तन के कारण और निदान थीम के साथ पोस्टर एवं की थीम पर आधारित इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। पोस्टर प्रतियोगिता प्रथम स्थान 12 वर्ष से 17 वर्ष में सौम्य बोटकावार, आर.डी. तिवारी स्कूल, रायपुर, 18 वर्ष से 22 वर्ष में रितिक पहरिया, शा. महाप्रभु वल्लभाचार्य महा.वि. महासमुंद व दिव्यांव वर्ग में पुनाराम निषाद, शा. दिव्यांग महाविद्यालय, माना, रायपुर। इन्वायरोथॉन प्रतियोगिता आयु वर्ग कक्षा 12वीं तक में प्रथम स्थान कु. अद्रिजा कुमारी एण्ड ग्रुप, राज कुमार कॉलेज, स्नातक में प्रथम स्थान नोमेश कुमार एण्ड ग्रुप, सी.आई.पी.ई.टी, आयु वर्ग स्नातकोत्तर में कु. पूनम सिंह एण्ड ग्रुप, डी.पी. विप्र महाविद्यालय, बिलासपुर ने प्राप्त किया।

# गणेश पंडाल में सफाई कर्मियों का पार्षद ने किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सम्मान का वो पूरा हकदार है जिसने अपने कार्य को पूरी लगन और निष्ठा के साथ साथ ईमानदारी से किया हो,ऐसे ही ही सोच के साथ संजय वार्ड के बढ़ाई पारा मोहल्ले में विराजित बाल गणेश उत्सव के पंडाल में वार्ड के पार्षद प्रमेंद्र तिवारी ने सफाई कामगारों और सुपर वाइजर का शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया, क्योंकि वार्ड की जनता ने कहा की इन लोगो ने नियमित रूप से अपनी जवाबदारी का ईमानदारी से निर्वहन किया है। संजय वार्ड के बाल गणेश उत्सव समिति के पंडाल में एक ऐसा पल आया जिसकी कल्पना कभी किसी ने सोची नही थी।इस पंडाल पर रोजाना भजन गायकों द्वारा भजन की गंगा प्रवाहित की जा रही है और सभी गायक कलाकार और कोरस देने वालो का सम्मान समिति के द्वारा किया जा रहा है।रविवार को भजन कार्यक्रम प्रारंभ होने के पूर्व जब जब माइक से सम्मान होने का अनाउंस होने का ध्वनि प्रसारण हुआ तो वार्ड वासी भी चकित रह गए की शुरुआत में किसका सम्मान होने जा रहा है। वार्ड पार्षद और समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रमेंद्र तिवारी ने इस छोटे लेकिन गरिमामय पल में इस वार्ड में नियमित रूप से सफाई करने वाले सरजू चौहान, राजहंश चौहान और सुपरवाइजर धनेश तिवारी का कार्यक्रम स्थल पर शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। वार्ड वासियों ने उनके कार्यो की प्रशंशा करते हुआ कहा है कि ये लोग अपने दायित्वों और कार्तब्यो का पालन पूरी ईमानदारी से किया है।

# पुलिस ने कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट भाटापारा में छात्र-छात्राओं के साथ आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

- छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी, साइबर अपराध आदि के संबंध में विस्तार पूर्वक दी गई जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



आपरेशन विश्वास के तहत जिले के सभी स्कूल, कॉलेज एवं अन्य स्थानों में अध्ययन एवं प्रशिक्षणरत छात्राओं को परामर्श, प्रशिक्षण व पराक्रम के अनुसार कानूनी अधिकारों व प्रावधानों व गुड टच बैड टच की जानकारी सोशल मीडिया फ्रॉड, साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी, महिला सुरक्षा हेतु जारी अभिव्यक्ति एप की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान करने हेतु लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में पुलिस टीम द्वारा जिले के स्कूल कॉलेजों आदि में जाकर छात्राओं को उनके कानूनी अधिकार, साइबर अपराध, सोशल मीडिया उपयोग में सावधानी और उनके अधिकारों की बातों पर मार्गदर्शन और लगातार संवाद किया जा रहा है। इसी क्रम में एसडीओपी भाटापारा, थाना प्रभारी भाटापारा शहर एवं प्रभारी साइबर सेल बलौदाबाजार की पुलिस टीम द्वारा कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट भाटापारा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को उक्त अभियान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। छात्र-छात्राओं को उनके अधिकार व कानूनी की जानकारियां दी गई। उन्हें साइबर क्राइम, सोशल मीडिया, क्राइम से बचाव आदि की जानकारी दी गई। पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया के गलत उपयोग से होने वाली परेशानियों, सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि में डाली गई जानकारियों का सहारा लेकर विभिन्न प्रकार के अपराधों को अंजाम देने वाले साइबर गिरोह आदि के संबंध में जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट भाटापारा के डायरेक्टर शुक्ला, कौस्तुभ शुक्ला, इंस्टिट्यूट के स्टाफ व प्रोफेशर डिग्री कोर्सेज के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तपोगे तभी तो चमकोगेः पं. नितिन जैन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल मंदिर जी, सन्मति नगर, फाफाडीह, रायपुर में पर्वाधिराज दषलक्षण महापर्व के पावन अवसर पर अश्टम दिवस उत्तम त्याग धर्म की आराधना की गई। प्रातःकाल भक्तों ने मंदिर जी में इन्द्रों की वेषभूशा में अभिशेक षांतिधारा से लेकर पर्व पूजाएं कर धर्मलाभ लिया। उत्तम त्याग धर्म के दिन श्री महावीर स्वामी के समक्ष मूल वेदी में शांतिधारा का सौभाग्य महावीर प्रसाद राजकुमार जितेन्द्र राकेश नरेन्द्र बाकलीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। समिति के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या ने बताया कि अश्टम दिवस में प्रथम तल में भगवान पार्ष्वनाथ की वेदी पर शांतिधारा का सौभाग्य विजय कुमार अनिल कुमार जैन, कुरावाले परिवार को प्राप्त हुआ। भगवान मुनिसुव्रतनाथ की वेदी पर षांतिधारा देउबाई गोधा, संजय विनय गोधा परिवार द्वारा की गई। प्रतिदिन के अनुसार संध्या समय उशा लोहाड़िया एवं वर्शा सेठी के निर्देशन में श्रावक प्रतिक्रमण कराया गया। शास्त्र सभा में स्थानीय विद्वान पं. नितिन जैन 'निमित्त' ने बताया हमारा जीवन इच्छाओं का अक्षय पात्र है। इच्छाओं का निरोध करना तप है। प्रत्येक व्यक्ति में भगवान बनने की शक्ति है, पाशाणेशु यथा हेमः, दुग्ध मध्ये यथा घृतः, तिल मध्ये यथा तैलं, देह मध्ये तथा शिवः।। जैसे पाशाण में स्वर्ण है, दुग्ध में घी विद्यमान है, तिल के भीतर तेल उपस्थित है वैसे ही प्रत्येक मनुश्य में भगवान बनने का सामर्थ्य है। प्रत्येक प्राणी में अपार क्षमता है। सिर्फ अभिव्यक्ति का अवसर नहीं मिल रहा है। ये दषलक्षण पर्व आपको अपनी षक्ति की अभिव्यक्ति का अवसर देने आए हैं। तन मिला तुम तप करो, करो कर्म का नाश। रवि शशि से भी अधिक है, तुममें दिव्य प्रकाश।। समाज के कई सुधी श्रावक एकासन, उपवास आदि कर रहे हैं । इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्होंने षायद पहली बार उपवास किया है। इसके पूर्व उन्हें इस बात की अनुभूति नहीं थी कि वे ऐसा कर सकते हैं। परन्तु उनकी आत्मा ने दषलक्षण के अवसर पर अभिव्यक्ति का प्रयास किया जाकि निष्चित ही परमपद की ओर ले जाने वाला होगा। उपवास का अर्थ उप यानि पास, समीप और वास मतलब रहना, अपने आराध्य के समीप रहना सो उपवास। जिसके स्थिर नामकर्म का उदय और वीर्य अंतराय कर्म का क्षयोपषम हो वही व्यक्ति उपवास कर सकता है। इनकी अनुमोदना करनी चाहिये कि इंद्रिय निरोध का कितना बड़ा उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। उत्तम तप का लक्ष्य कर्मक्षय और इच्छा निरोध है। अपनी इच्छाओं को सीमित करना भी इच्छा निरोध है। अधिक संपत्ति की चाह न होना, अधिक वस्त्रों का संग्रह न होना, भोजन के प्रति भी कम लालसा होना। जो जीवन में कभी तपता नहीं वो कभी पकता नहीं। नाम ख्याति के लिये किया गया तप पतन की ओर ले जाता है। इसलिये उत्तम तप को धारण कर परमपद की प्राप्ति के लिये पुरूशार्थ करना चाहिये।

## मुख्य वक्ताओं ने किया मार्गदर्शन

# कोलंबिया कॉलेज, रायपुर में समावेशी शिक्षा पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोलंबिया कॉलेज, रायपुर के शिक्षा संकाय चैलेंजेस एंड ओप्पोर चुनिटीज ऑफ इंक्लूसिव एजुकेशन विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निराधर डे और गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर स्थित शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मुकेश कुमार चंद्राकर, आमंत्रित थे। डॉ. निराधर डे ने डाइवर्सिटी एंड इंक्लूसिव एजुकेशन पर उन्होंने कक्षा में विविधताओं की प्रकृति और प्रकार, समता और समानता को समझने, कक्षा में विविधता को संबोधित करने की रणनीतियाँ, समावेशी शिक्षा की अवधारणा और समावेशी कक्षा में शिक्षक की भूमिका पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. मुकेश कुमार चंद्राकर ने इंक्लूसिव एजुकेशन इंडियन पालिसी पर्सपेक्टिव्स विषय पर पर अपने सम्बोधन में समावेशी शिक्षा से संबंधित शब्दावली के विकास, कोठारी आयोग (1964-66) से लेकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 1995, राष्ट्रीय न्याय अधिनियम 1999, विकलांग व्यक्तियों के लिए राष्ट्रीय नीति 2006 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जैसी महत्वपूर्ण नीतियों और अधिनियमों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर हरजीत सिंह हुरा, सचिव, जनप्रगति एजुकेशन सोसायटी, डॉ. अरुण कुमार दुबे, प्राचार्य, और डॉ. आभा दुबे, उप-प्राचार्य, कोलंबिया कॉलेज भी उपस्थित थे।

इस राष्ट्रीय वेबिनार में विभिन्न राज्यों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। वेबिनार के आरम्भ में हरजीत सिंह हुरा ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि विविधता और समावेशी शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को मूल्यों की सही शिक्षा देना आवश्यक है, जिससे उनके विकास को सही दिशा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन सविता रानी वर्मा ने किया और रेखा यादव एवं गोपिका सिन्हा ने सहयोग प्रदान किया।

### कोलंबिया एवं एपीटीआई के सहयोग से व्याख्यान का आयोजन



**रायपुर।** कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी ने एसोसिएशन ऑफ फार्मास्युटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया, एपीटीआई छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के सहयोग से ड्रग डिलीवरी सिस्टम डिजाइन करने के लिए अनुसंधान समस्या की पहचान और चयन पैरामीटर्स विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया, जिसे रूंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, नंदनवन, रायपुर की प्रिंसिपल डॉ. चंचलदीप कौर ने संबोधित किया। एम.फार्म और बी.फार्म फाइनल के छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट संबंधी शंकाओं के लिए वक्ता से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हुरा और कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडे सहित सभी संकाय सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का समन्वयन संस्था की सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा दुबे ने किया।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| **पेंटा नरेश कुमारकरी**, गरिमा राव खाता सं. LNRAI02021-220188876 व LNRAI09522-230262537 | 8 जुलाई 2024 ₹ 3101750/- व ₹ 302703/- बकाया दिनांक 4 जुलाई 2024 | सम्पत्ति स्थित सम्पत्ति केएच नं. 2138/33 (केएच नं. 2138/6 का भाग), स्थित मौजा-कोहका, आरआईसी-दुर्ग-1, पीएच नं. 14/19, तहसील व जिला-दुर्ग, नगरपालिका निगम भिलाई सीमा के अंदर, रानी अवंती बाई नोखा वार्ड नं. 08, विक्रय विलेख नं. 1652 क्षेत्रफल 1710 वर्ग फीट | सांकेतिक कब्जा दिनांक 14 सितम्बर 2024 |
| **आदित्य सिंह चौहान**, अन्नपूर्णा चौहान, डिमविप्पा चौहान खाता सं. LNBMT17723-240300894 | 9 जुलाई 2024 ₹ 601983/- बकाया दिनांक 4 जुलाई 2024 | वेक मौजा सर्वे नं. 450/1 (सर्वे नं. 450, 349, व 104), गांव-मुरवाडीह, पीएच नं. 02, खसरा नं. 104, 349, 450 का भाग, नया केएच नं. 450/1, आरएनएम साजा तहसील-साजा, जिला-बेमेतरा, छत्तीसगढ़ पिन-491993 क्षेत्रफल 0.03 हैक्टेयर | सांकेतिक कब्जा दिनांक 14 सितम्बर 2024 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 17-09-2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

# झांकियां निकालने को लेकर समितियां दो धड़े में बंटी, प्रशासन ने झोंकी ताकत

## डीजे पर पाबंदियों के विरोध में कुछ समितियां झांकी न निकालने पर अड़ी

- साउंड यूनियन ने निकाली आक्रोश रैली, शासन-प्रशासन को कोसा
- प्रशासन और सख्त... कलेक्टर-एसपी ने फिर दोहराया -डीजे बजा तो कार्रवाई होगी



समितियों के आग्रह-निवेदन पर नहीं पिघला प्रशासन, झांकी में डीजे के लिए 'नो मिन्स नो'

ध्वनि प्रदूषण पर प्रशासन ने कसा शिकंजा, कहा - नियम न मानने पर सीधी कार्रवाई

रियायत देने से इंकार

डीजे के लिए अड़ी समितियां.. आपसी बैठकों का दौर जारी, रियायत न देने पर झांकी न निकालने की धमकी

कोर्ट की गाईडलाईन और भाजपा शासन के आदेश ने डीजे पर लगाया ब्रेक






पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

संस्कारधानी में विसर्जन झांकियां निकालने को लेकर समितियों दो गुट में बंट गई हैं। इनमें से एक धड़ा बगैर डीजे के आयोजन में हिस्सा लेने से इंकार कर रहा है तो दूसरा धड़ा शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार झांकियां निकालने की तैयारियों में जुटा है। प्रशासन भी झांकियां निकालने वाली समितियों के साथ खड़ा है। झांकियों के उत्सव को लेकर सोमवार का दिन भी उथल-पुथल भरा रहा। कलेक्टर-एसपी ने एक बार फिर समितियों की सुबह बैठक ली और उन्हें समझाईश देते हुए कोर्ट के आदेश की बाध्यता से अवगत कराया। दूसरी ओर साउंड यूनियन ने डीजे पर पाबंदियों के खिलाफ आक्रोश रैली निकाली। दोपहर तकरीबन 1 बजे गांधी सभा गृह में जुटे यूनियन के लोगों ने जुलूस में प्रशासन के निर्देशों के खिलाफ नारेबाजी की। यूनियन ने स्पष्ट किया कि वे छूट मिलने तक हड़ताल पर जा रहे हैं। फिलहाल वे किसी भी तरह के आयोजनों में शामिल नहीं होंगे। साउंड यूनियन का विरोध प्रदर्शन खत्म होने के बाद ही कुछ समितियों के पदाधिकारी सभा गृह के सामने जुटे। उन्होंने आपस में चर्चा के बाद झांकियां न निकालने की बात कह दी। जो समितियां बाहर से झांकिया लाकर आयोजन की तैयारियों में जुटी हैं उन्हें भी इसमें शामिल न होने के लिए दूसरे धड़े ने प्रयास शुरु किए हैं। राजनांदगांव में पहली बार झांकियों को लेकर इस तरह की स्थिति बनती दिख रही है। लगभग डेढ़ माह से प्रशासन समितियों, साउंड यूनियन और आयोजन से जुड़े हर पक्ष के साथ लगातार बैठकें कर स्थिति स्पष्ट करता रहा है। स्वयं कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग ने इन मामलों को लेकर मोर्चा संभाला हुआ है। डीजे पर पाबंदियों के कोर्ट और राज्य शासन के निर्देशों पर पहले ही डीजे न बजाए जाने की जानकारी समितियों और संबंधितों को दी जा चुकी थी। प्रशासन की लाख समझाईशों के बाद भी समितियां और डीजे संचालक इस आदेश को न मानने पर अड़े हुए हैं। इसी मुद्दे पर लगातार खिंचतान जारी है। झांकी के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। शहर की कई समितियां हैं जो डीजे के विकल्प के साथ झांकियां निकालने को राजी है। प्रशासन बाकी समितियों से भी सहयोग की अपील कर रहा है। बावजूद विद्रोह की स्थिति बनी हुई है।

### कलेक्टर-एसपी ने संभाला मोर्चा

प्रशासन अपने निर्देशों पर स्पष्ट है। उन्होंने डीजे के मामले को लेकर सख्ती की बात दोहराई है। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी मोहित गर्ग इस मामले में मोर्चा संभाले हुए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि -राजनांदगांव में विसर्जन झांकियों का इतिहास पुराना है। हमने झांकी निकालने वाली समितियों से बैठकर बात की है! डीजे का इस्तेमाल न किए जाने को लेकर समझाईश दी है। उन्हें नियमों के विषय में बताया गया है। एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि -शहर झांकियों के लिए प्रसिद्ध है और एक लाख से ज्यादा लोग इसमें जुटते हैं। 700 से अधिक का बल इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से तैनात किया जाएगा। रुट डायवर्सन और ब्लॉक कर समुचित व्यवस्था बनाई जाएगी। डीजे के इस्तेमाल पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे भी की जाएगी।

### आज सुबह मॉकड्रिल की जाएगी

झांकी की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक बैठक सोमवार की सुबह हुई। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा उन्होंने कहा कि कल सुबह मॉकड्रिल की जाएगी। वाहन तथा एम्बुलेंस के लिए स्थान एवं गणेश विसर्जन की झांकियों के सुगम आवागमन के लिए समुचित व्यवस्था के लिए मॉकड्रिल की जाएगी। समस्त गतिविधियों की निगरानी के लिए वीडियोग्राफी की जाएगी। कंट्रोल रूम एवं ड्रोन एवं फोटोग्राफी के माध्यम से भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने मानव मंदिर चौक पर ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

### झांकियों के लिए तीन रुट तय

बैठक में बताया गया कि गणेश विसर्जन समिति को टोकन दिया जाएगा और सभी अपने क्रम से गणेश विसर्जन करेंगे। पुरस्कार सिर्फ उन्हीं समितियों को दिया जाएगा, जो टोकन लेंगे। शाम 8 बजे से गणेश विसर्जन के लिए झांकी निकलेगी। उन्होंने कहा कि झांकियां तीन रूट महावीर चौक, दुर्गा चौक, गुरूनानक चौक से होते हुए मानव मंदिर चौक पहुंचेगी।

### दर्जन भर से ज्यादा झांकी बाहर की

इस बार राजनांदगांव में तकरीबन 25 झांकिया निकालने की तैयारी की गई है। प्रशासन ने इनके लिए काफी समय पहले ही रुट तय कर लिया है। सभी झांकियां मानव मंदिर से शहर के अंदरुनी हिस्से में घुसेगी जहां भ्रमण के बाद गंज चौक पर निकलकर विसर्जन की ओर समितियां आगे बढ़ेगी। बताया गया है कि इस बार शहर में 5-8 झांकियां ही तैयार की गई है। बाकी झांकियां बाहर से लायी जा रही हैं। जो झांकियां बाहर से आ रही है वो पूरी तरह तैयार हैं और उनमें किसी तरह की मुश्किलें समितियों को नहीं आएगी।

### 86 साल पुराना सबसे बड़ा उत्सव

राजनांदगांव में वर्ष 1938 में गणेश विसजर्न के दौरान झांकियां निकालने का दौर शुरु हुआ। तब सीमित संसधानों के बीच बैलगाड़ियों पर झांकिया निकाली जाती थी। यह दौर इसके बाद कभी नहीं थमा। विसर्जन झांकियों का ये 86वां वर्ष है और इस बार भी झांकियां निकाली जाने वाली है। अलग अलग झांकियों की तैयारियों में कारीगर सहित सैकड़ों मजदूर जुटे हुए हैं। बताया जाता है कि झांकियों में ही तकरीबन एक करोड़ से ज्यादा रकम खर्च की जा रही है। इन्हें देखने न सिर्फ शहर बल्कि जिले भर से ग्रामीण अंचल के लोग भी आते हैं। शहर के लिए ये लाखों लोगों की मौजूदगी में पूरी रात चलने वाला साल का सबसे बड़ा महोत्सव है।

# साउंड सिस्टम को लेकर भिड़े दो पक्ष, चाकूबाजी में तीन घायल

- एक आरोपी गिरफ्तार, दो की तलाश में जुटी पुलिस

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश में डीजे पर पाबंदी को लेकर छिड़े विवाद के बीच छुरिया इलाके के ग्राम दीवानटोला में साउंड बंद करने को लेकर उपजे विवाद में बड़ी वारदात हो गई। यहां एक गुट के युवकों ने दूसरे गुट पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस घटना में तीन व्यक्तियों को गंभीर चोट आई है जिन्हें अस्पताल दाखिल किया गया है। इनमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जबकि दो अन्य फरार हैं। छुरिया पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी अविनाश श्रीवास ने बताया कि, आपसी विवाद के चलते वारदात हुई है। घायलों को अस्पताल दाखिल किया गया है। इनमें जितेन्द्र नेताम की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। उनके चेहरे पर चाकू से गहरे घाव लगे हैं। पुलिस ने बताया कि दीवानटोला में गणेश पंडाल में साउंड सिस्टम को लेकर विवाद की स्थिति बनी। पंडाल में बज रहे गाने पर बच्चे नाच रहे थे। इस बीच एक गुट ने इसे बंद करने की बात कही जबकि दूसरे ने इससे इंकार कर दिया। थोड़ी देर में तनातनी के बीच स्थिति बिगड़ गई और गाना बंद करने की मांग कर रहे लोगों ने मारपीट करते हुए चाकूबाजी कर दी। इसमें तीन ग्रामीणों को चोटे आई हैं।

बताया गया कि, घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। लेकिन इनमें से एक को तत्काल ही पकड़ लिया गया। जानकारी मिल रही है कि, पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसपी राहुल देव शर्मा ने कहा कि, जांच की जा रही है। घटना को लेकर पीड़ित पक्ष से कोई सामने नहीं आया है। पुलिस घटना को लेकर एहतियात बरत रही है।

# लूटेरों ने दिया डिजिटल लूट को अंजाम... बंधक बनाकर फोन-पे से पार किए एक लाख

- अंजोरा बायपास में हुई वारदात, पुलिस तलाश में जुटी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर के करीब नेशनल हाइवे पर डिजिटल तरीके से लूट का मामला सामने आया है। तीन लूटेरों ने चाकू टिकाकर एक व्यक्ति को बंधक बनाया और उसके यूपीआई अकाउंट से एक लाख की रकम पार कर दी। यह घटना रविवार शाम तकरीबन 4 बजे की बताई जा रही है। सोमनी थाना प्रभारी ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि लूटेरे लगभग पौन घंटे तक उक्त व्यक्ति बाइक पर अपने साथ इधर से उधर घुमाते रहे। इस बीच उन्होंने पीड़ित के पास नगदी रकम न मिलने पर उसके ही यूपीआई से अपने किसी खाते में एक लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। दुर्ग के गांव असनरा निवासी मोरध्वज साहू (36) ने अपने साथ हुई लूट की रिपोर्ट लिखवाई है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि वे अरसनरा की सीता रिफाईनरी में नौकरी करते हैं। वे शाम को अपनी पत्नी को लेने टेड़ेसरा के लिए निकले थे। इस बीच बाइक सवार दो युवक उनका पीछा करते हुए उनके करीब पहुंचे। अंजोरा बायपास के पास युवकों ने उन्हें घेर लिया। दोनों युवकों ने एक और व्यक्ति को मौके पर बुलाया और अपने साथ पीड़ित को टेड़ेसरा शराब दुकान की ओर ले गए।

उन्होंने सूनसान जगह पर युवक से मारपीट करते हुए उसे धमकाया और फोन छिन लिया। आरोपियों ने नगदी रकम न मिलने पर पीड़ित को धमकाकर उसके यूपीआई अकाउंट की जानकारी ली जिसके बाद उन्होंने किसी अन्य व्यक्ति से क्यूआर कोर्ड मंगवाकर उस खाते में एक लाख रुपए ट्रांसफर कर लिए। घटना कारित करने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को बाइक सहित दोबारा मुख्य सड़क पर छोड़ दिया।

पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। आरोपी किस ओर से आए और किस ओर गए ये भी देखा जा रहा है। पीड़ित के खाते से किस बैंक खाते में रकम ट्रांसफर की गई इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# डीजे पर कार्रवाई, साउंड सिस्टम जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक स्थान पर ऊंची आवाज में साउंड सिस्टम बाक्स बजाने वाले के खिलाफ पुलिस ने धारा 16 कोलाहल अधिनियम सन 1985 के तहत कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी से एक नग एम्पली फायर, 04 नग साउंड बॉक्स, 2 नग पोंगा एवं मय वायर जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार गणेश पर्व के मद्देनजर अधिक आवाज में साउंड बाक्स बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के मार्गदर्शन व निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन के नेतृत्व में थाना बसंतपुर स्टाफ द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान 14 सितंबर को सूचना मिली कि बसंतपुर थाना के बाजू में मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति के पास सार्वजनिक स्थान में अधिक आवाज में सांउड सिस्टम्म बजा रहा है। राजा खान 30 वर्ष पठानपारा राजनांदगांव को सांउड सिस्टम में अधिक आवाज में बजाने पर धारा 16 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# भाव अभिव्यक्ति का सरल व सशक्त माध्यम है हिंदी

- कालेज में हिंदी विभाग द्वारा हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर के शासकीय डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस पर एक संक्षिप्त संगोष्ठी आयोजित की है। इस मौके पर हिंदी विभाग के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने हिंदी को बेहद सरल व भाव अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम निरूपित किया। विद्यार्थियों द्वारा गीत, कविता और भाषण प्रस्तुत कर हिन्दी भाषा के गौरव को रेखांकित किया। इसी तारतम्य में सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना से संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य डॉ.बीएन मेश्राम के मार्गदर्शन तथा हिंदी विभाग द्वारा आयोजित संक्षिप्त संगोष्ठी में हिंदी दिवस पर बताया गया कि 14 सितंबर 1949 को हिन्दी को राजभाषा घोषित करने के पश्चात सन 1953 से 14 सितंबर को प्रति वर्ष हिन्दी दिवस के तौर में मनाया जाता है। विश्व में सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भारत की राजभाषा हिन्दी है, जो भावाभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है। हिंदी के माध्यम से अपने मन के भावों को बेहद सुगमता से एक व्यक्ति अन्य व्यक्ति तक संप्रेषित किया जाता है। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में हिंदी की महत्ता को रेखांकित करते हुवे बताया की हिंदी भाषा को हमें सम्मान की नजर से देखना चाहिए। जहां तक संभव हो हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए क्योंकि, हिंदी में दूसरे भाषाओं की अपेक्षा संप्रेषण कौशल ज्यादा सुगम और व्यापक है। हिंदी विभाग से भावेश कुमार साहू, ईश्वरी टेंभुरकर तथा अमन मेश्राम द्वारा कविता व गीत प्रस्तुत किए गए।

## मुस्लिम समाज के जुलूस दरम्यान शर्बत वितरण

# ईद पर कांग्रेसजनों ने मुस्लिमों को दी मुबारकबाद



पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

ईद मिलाद उन नबी के मौके पर नगर में मुस्लिम समाज ने जुलूस निकालकर सामाजिक एकता प्रदर्शित कर ईद की खुशियों के इजहार किया। इस दरम्यान पुराना बस स्टैंड परिसर में कांग्रेसियों द्वारा जुलूस का इस्तकबाल करते हुए मुस्लिम समाज को ईद की दिली मुबारकबाद दी। इस मौके पर युवाओं ने शीतल पेयजल वितरण किया। विधायक दलेश्वर साहू के निर्देश पर कांग्रेसजनों ने गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते हुए सामाजिक सौहार्द्र की कामना की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, टिकेश साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी विरेंद्र बोरकर, मोहनीश साहू, संध्या साहू, देवेंद्र साहू, अखिलेश नखत, वैशाली बोरकर, जमुना साहू, प्रियंक जैन, शेरू खान, महेंद्र वैष्णव, पुष्पेंद्र, अमित, अब्दुल, वैभव, शशांक, रवि शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### छुरिया में धूमधाम से मनाया गया जश्न ए ईद मिलाद उन नबी

छुरिया में मुस्लिम समाज ने पैगाम्बर हजरत साहब का जन्म दिन धूमधाम से न्यायालय के आदेश का पालन करते हुये शांत माहौल में बिना किसी डीजे के अमन चैन के साथ मनाया। सभी मुस्लिम समाज के भाईयों ने कल से ही अपने घरों को लाईट और झंड़े से सजाया। सोमवार को सुबह 9 बजे से जामा मस्जिद से निकलकर युवा बच्चों ने आका की आमद के नारे लगाते हुये पूरे छुरिया नगर का भ्रमण किया। रैली नगर भ्रमण करते हुये वापस जामा मस्जिद में आकर खत्म हुई। जश्न ए ईद मिलाद उन नबी के पाक मौके पर आज मदरसा में छोटी बच्चियों का नात खानी के साथ मजहबी सवाल जवाब का प्रोग्राम भी रखा गया है जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सदर वसीम कुरैशी, अलीम खान, सिद्दीक कुरैशी, तौकीर अहमद, के अलावा मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने हिस्सा लिया।



# आईटीबीपी, पुलिस प्रशासन ने जनता के साथ मिलकर स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया

पायनियर संवाददाता ◄ मानपुर
www.dailypioneer.com




27वीं बटालियन भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने मानपुर में स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें बटालियन के जवानों के साथ पुलिस प्रशासन और आम जनता ने भाग लिया। आईटीबीपी, मानपुर ज़िला पुलिस और मानपुर पंचायत की संयुक्त पहल पर इस स्वच्छता कार्यक्रम के अन्तर्गत मानपुर बस स्टैंड से लेकर पेट्रोल पम्प तक सफ़ाई की गई।

अभियान में मानपुर पंचायत के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की जनपद सदस्य रेणु टांडिया समेत बड़ी संख्या में महिलाएँ और आम जन सफ़ाई कार्यक्रम का हिस्सा बने। इस मौक़े पर 27वीं बटालियन आईटीबीपी के कमांडेंट विवेक कुमार पाण्डेय ने स्थानीय जनता से स्वच्छता का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्पेशल कैंपेन 4.0 के अन्तर्गत आईटीबीपी द्वारा इस स्वच्छता कार्यक्रम को प्रस्तावित किया गया है जिसका लक्ष्य सरकारी एवं जनता से संबंधित विभागों, कार्यालयी एवं आम इलाक़े की साफ़ सफ़ाई को लक्ष्य करके कार्यों को सुगम बनाने हेतु जागरूकता फैलाना है। इस मौक़े पर कमांडेंट ने ग्रामीणों को स्वच्छता हेतु जागरूक किया और कहा कि स्वच्छता बनाए रखकर वातावरण को निरोगी बनाए रखा जा सकता है। कमांडेंट समेत सभी जवानों ने बस स्टैंड, सड़क, दुकानों के बाहर के इलाक़ों, नालियों आदि से कूड़ा एकत्रित करके डिस्पोजल एरिया हेतु भेजा गया। आईटीबीपी ने आम जनों का आह्वान किया कि पर्यावरण का संरक्षण करें तथा सभी प्रकार के वनों का संरक्षण करें। आईटीबीपी विभिन्न सिविक एक्शन कार्यक्रमों का आयोजन करती रही है और भविष्य में भी इनको आयोजित किया जाता रहेगा ।

# सरकार की आमद मरहबा, मदनी की आमद मरमहबा नारों के साथ मना ईद मिलादुन्नबी, उत्साह में बारिश पड़ा फीका

## बच्चों ने पैंगबर हजरत मोहम्मद स.अ.व. की जन्मदिन पर अपना उत्साह दिखाया




पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए सबसे खास और महत्वपूर्ण हजरत पैंगबर मोहम्मद स.अ.व. के जन्मदिन जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार जशपुर जिले में धूमधाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय में जामा मस्जिद के पास तय समय के अनुसार सुबह 8 बजे लोग पहुंचने लगे। बारिश अधिक होने की वजह से लोगों को आने में थोड़ी देर हुई लेकिन बारिश भी ईद मिलादुन्नबी के जश्न के सामने फीका पड़ गया। लोगों की भीड़ उमड़ी और छाता लगाकर मुस्लिम धर्मावलंबी अपने पैंगबर मोहम्मद स.अ.व. की शान में सरकार की आमद मरहबा, मदनी की आमद मरहबा, मक्की की आमद मरहबा का नारा बुलंद करते हुए शांति के साथ जुलूस निकाला। पैंगबर की आमद के मौके पर लोगों ने झूमते हुए तराना गाते हुए शहर का भ्रमण किया।

**शांति और भाई चारे का पैगाम**–हजरत पैंगबर मोहम्मद स.अ.व के इस दुनिया में आने के बाद बुराईयों को दूर करने में और लोगों के बीच शांति भाई चारा लाने में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुस्लिम धर्मावलंबियों के आलिमों के मुताबिक हजरत पैंगबर स.अ.व के आने से पहले दुनिया में चारों ओर बुराई और अशांति का माहौल था। उनके आने के बाद उन्होंने अपनी मोहब्बत और अपने मिलनसार स्वभाव से लोगों को दिल जीत कर उनके भीतर से बुराई मिटाकर भाईचारे का पैगाम दिया। उनके जन्मदिन को जश्ने ईद मिलादुन्नबी के तौर पर पूरे विश्व में मनाया जाता है।

**मरीजों के ठीक होने की मांगी दुआ**–जशपुर जिला मुख्यालय में जामा मस्जिद के पास से बस स्टैण्ड होकर जुलूस निकाला गया। जुलूस भाजपा कार्यालय से होते हुए पुरानी टोली, बाला साहब देशपांडे बालोद्यान होते हुए जिला अस्पताल पहुंची। अस्पताल के पास पहुंचते ही नारों को शांत कर जामा मस्जिद के मुत्तवली मौलाना मंसूर आलम ने मरीजों के जल्द ठीक होने की दुआएं मांगी। उन्होंने कहा, जिला अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को जल्द ठीक होने की अल्लाह अपने हबीब के सदके में रहमत अता फरमाएं।

**अमनों शुकून की दुआएं**–ईद मिलादुन्नबी का जुलूस महाराजा चौक से सन्ना रोड होते हुए क्वाली मैदान के बाद दरगाह के पास पहुंची और आम सभा में बदल गई। इस दौरान पैगंबर मोहम्मद स.अ.व की शान में नात पेश किया गया और देश, प्रदेश के अमनों शुकून की दुआएं मांगी गई।

# वर्तमान में किए गए हमारे अच्छे कर्म ही भविष्य में हमें सुख दिला सकता है: प पू विशुद्ध सागर जी

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



धपरम पूज्य विशुद्ध सागर जी म सा ने अपने आज के प्रवचन में फरमाया कि ज्ञानी कहते है की जो शाश्वत शरण है जो सबके तारण तरण है ऐसे परमात्मा की शरण लेनी चाहिए। ज्ञान से ज्ञान का मिलन हो जाए तो जीवन में शांति आ सकती है। क्योंकि अशांति का कारण ही अज्ञानता है। जीवन से अशांति दूर होते ही संसार के सारे भ्रम अपने आप दूर हो जाएंगे। सभी गतियों में ये मनुष्य गति ही श्रेष्ठ है। हमे इस गति के रूप में अमूल्य अवसर मिला है। इस अवसर का लाभ उठाकर हमे अपने पुरुषार्थ के बल पर सिद्धि अर्थात मोक्ष को प्राप्त करने का प्रयास करना है। आज तक जिसने भी सिद्धि प्राप्त किया है उन सभी ने आपका आश्रय पाकर ही सफलता प्राप्त किया है। हमे भी सिद्धि प्राप्त करने के लिए आपके शरण की आवश्यकता है। जिसने भी जीवन में सूदेव, सुगूरू और सुधर्म की सहायता प्राप्त कर ली उनके जीवन से अज्ञानता रूपी अंधकार समाप्त हो जाता है। साथ ही भविष्य में शाश्वत सुख को प्राप्त करने की योग्यता भी मिल जाती है। अपनी आंखों से सर्वश्रेष्ठ देखने का प्रयास करोगे तो स्वयं की आत्मा को देख पाओगे। क्योंकि आत्मा ही श्रेष्ठ था, श्रेष्ठ है और श्रेष्ठ रहेगा। आत्मा ही शाश्वत है, सत्य है, नित्य और निरंतर है। यह आत्मा ही हमारे जीवन को श्रेष्ठ बना सकती है। इसलिए हमे शरीर की अपेक्षा आत्मा के विकास का पुरुषार्थ करना है। हमे सदा ही परमात्मा से प्रार्थना करना चाहिए कि हे परमात्मा हमे इतनी शक्ति जरूर देना जीवन में चाहे कैसी भी परिस्थिति आ जाए आपके प्राप्ति हमारा विश्वास कभी कम न हो पाए। हम सदा आपके बताए नेक राह पर चलते हुए अपने आत्मकल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ते रहे। परमात्मा की भक्ति करते करते हमे भी भगवान बनने का प्रयास करना है। हमने संवत्सरी पर्व मना लिया सभी से क्षमा याचना भी कर ली किंतु अब विचार करना है की क्या अपने आप से क्षमायाचना की। क्योंकि हम अपने जीवन में शरीर की चिंता करते करते अपने आत्मा की चिंता करना भूल गए। इसलिए अब आवश्यक है की हम स्वयं की आत्मा से क्षमायाचना करते हुए अपने आत्मा की दशा और दिशा को बदलने का प्रयास करे। ज्ञानी कहते है की जब काल का समय आता है तो बड़े से बड़ा शक्तिशाली भी उसके सामने नतमस्तक हो जाता है। क्योंकि काल के आगे किसी का बस नही चलता। काल किसी को एक पल का भी समय नहीं देता।

# प्रभु श्री राम की आराधना से मानव के समस्त कष्ट व पाप दूर होते हैं : कविता योगेश बाबर

## श्यामतराई में रामधुनीप्रतियोगिता के समापन अवसर पर कविता योगेश बाबर शामिल हुई



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

ग्राम श्यामतराई में सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जिला पंचायत वन समिति सभापति कविता योगेश बाबर महाआरती कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित हुई और प्रभु श्री गणेश जी व माँ दुर्गा की भव्य आरती की गई तत्पश्चात् अतिथि स्वागत सत्कार उपरांत उद्बोधन में श्रीमती बाबर ने उपस्थित धर्मप्रेमी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभु श्री राम चंद्र जी भगवान का जीवन अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है उन्होंने अपने जीवन में सभी जीवों की के प्रति सेवा एवं दया का भाव प्रदर्शित किया एवं मर्यादा पूर्वक जीवन जीते हुए ही मानव समाज को शांति एवं सद्भाव का संदेश दिया मनुष्य तन प्राप्त होने पर जीवन ऐसा जीना चाहिए की सदा परमार्थ एवं सेवा के रास्ते पर चलते हुए सभी जीवों के लिए कल्याण का कार्य करना चाहिए अच्छाई को हमेशा धारण करके बुराई को जड़ से नष्ट करना ही मनुष्य जीवन का उद्देश्य होना चाहिए कार्यक्रम को भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने भी संबोधित किया इस अवसर पर आयोजन समिति के समस्त सदस्य एवं सरपंच अस्तला रूपु मरकाम धनेश्वरी साहू जनपद सदस्य सोभित मरकाम रोशन साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# पीजी महाविद्यालय में हिन्दी दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी सहा प्रा भीखमचंद साहू, इकाई क्रमांक एक व सहा प्रा आकांक्षा मरकाम, इकाई क्रमांक दो के मार्गदर्शन से महाविद्यालय में नियमित गतिविधि 14 सितंबर को संचालित किया गया। जिसमें महाविद्यालय परिसर के मुख्य प्रांगण, स्टाफ तथा छात्र पार्किंग, कैंटीन, पुस्तकालय, उद्यान तथा कार्यालय के सम्मुख एवम महाविद्यालय के मुख्यमार्ग मे उगे अवांछित खरपतवार की साफ़ तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का एकत्रीकरण किया गया। तत्पश्चात नवीन भवन स्थित स्मार्ट कक्ष में हिन्दी दिवस के परिप्रेक्ष्य में स्वयंसेवकों द्वारा कविता वाचन एवं हिन्दी के प्रति अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त किये गये तथा हिन्दी भाषा के प्रति जुड़ाव को परिलक्षित करते हुये मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओ के साथ छात्रो ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें निर्णायक मंडल में सहा प्रा आकांक्षा कश्यप, डा कामिनी सिन्हा एवं सहा प्रा निशा तिवारी रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तिलेश्वरी द्वितीय स्थान संकेत कुमार एवं तृतीय स्थान गौरा पाण्डे ने प्राप्त किया। निर्णायकों के द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। मंच संचालन तथा आभार आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी ने किया। उक्त कार्यक्रम में सहा प्रा भीषम, सहा प्रा कुशल चोपड़ा, स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, विवेक साहू, केसर साहू, खिलेंद्र , खुशी, ओम मरकाम, विभा पाण्डे, संदीप, संकेत।

# आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया गया



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्रीविष्णु देव साय आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गर्म और पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में जिले के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को हरि सब्जियों के साथ दाल , चावल पुड़ी सब्जी परोसा गया। आंगनबाड़ी के बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन ग्रहण किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा विशेषकर पालकों को अपने घर के बाड़ी या आंगन में हरि साग सब्जी लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। ताकि नियमित भोजन में उन सब्जी का उपयोग हो सके।

# चिरायु टीम दूरस्थ अंचल के बच्चों तक पहुंचा रही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं




पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सार्थक प्रयास से गंभीर बीमारी के ईलाज के लिए बच्चों को तत्काल सहायता मिल रहा है। जिले में एक बार पुनः राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु की टीम ने जशपुर जिले के 10 साल की बबीता का रायपुर एम्स अस्पताल में सफल ऑपरेशन करवाया है । बबीता की मां जय कुमारी बाई और पिता झमेश राम ने बताया कि उनकी बेटी को जन्म से दिल में छेद था । बच्ची के माता-पिता ने मुख्यमंत्री बगिया कैम्प कार्यालय में आवेदन दिया था । मुख्यमंत्री ने तत्काल बबीता का ईलाज करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन और चिरायु टीम बच्ची का घर जाकर पालकों से सम्पर्क किया और ईलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई। चिरायु टीम के अमित भगत ने बताया बचपन से बबीता को दिल में छेद था सांस लेने और दौड़ने भागने में भी दिक्कत आती थी ।बबीता के पालकों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सार्थक प्रयास से उनकी बच्ची पूरी तरह से ठीक हो गई है । वर्तमान में कक्षा 6 वी में पढ़ाई कर रहीं हैं।

# निःशुल्क बुनाई मशीन देने का झांसा देने वाले आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



चन्द्रकला निषाद द्वारा दिनाँक 14/09/24 को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ष्माँ अंगारमोती बुनकर सहकारी समिति का संचालक दिलीप देवांगन दिनाँक 27/01/2017 से 31/03/ 2022 के मध्य इसे तथा इसके साथ के अन्य 11 महिलाओ को अपने समिति में जोडकर बुनाई का प्रशिक्षण दिलाकर बुनाई करने की एक एक मशीन निःशुल्क शासन से प्रदान किये जाने का प्रलोभन देकर पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी में लाकर खाता खुलवाकर मशीनो को इन्हे देने के बाद उठाकर अपने पास रख लेना तथा पंजाब नेशनल बैंक शाखा धमतरी से इन्हे 15,000-15,000 रूपये ऋण अदा करने की नोटिस मिलने पर इनके साथ छल होने की जानकारी होने पर दिलीप देवांगन से सम्पर्क करने पर दिलीप देवांगन द्वारा लोन की राशि वह पटा देगा कहकर झूठा आश्वासन देकर कुल 1,80,000 रूपये की धोखाधड़ी दिलीप देवांगन द्वारा की गयी है की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अप.क्र. 350/24, धारा 420 भादवि0के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थिया के बैंक के वकील द्वारा भेजी गयी नोटिस, पासबुक जप्त कर प्रार्थिया एवं गवाहों का कथन लेकर आरोपी से उक्त महिलाओं से ले जाया गया बुनाई मशीन को जप्त किया गया है एवं आरोपी आज दिनाँक 15/09/24 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# नगर निगम की पहल, रायपुर को बनाना है स्वच्छ ताकि जनता रहे स्वस्थ

## सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में आयोजित किया गया स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम रायपुर और स्मार्ट सिटी के विशेष पहल पर सोमवार को सड्डू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर द्वारा स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पायनियर समाचार पत्र द्वारा नगर पालिक निगम रायपुर अन्तर्गत सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी में जगह-जगह स्वच्छता के लिए कैंप लगाकर लोगो को स्वच्छता प्रति जागरूक किया गया। पायनियर और नगर पालिक निगम रायपुर तथा स्मार्ट सिटी के प्रयासों से लोगो को जल जनित बीमारियों के प्रति सावधानी बरतने की अपील भी की गई। क्षेत्रवसियों को स्वच्छ और साफ पानी पीने की सलाह दी गई। इसके साथ ही रायपुर शहर को स्वच्छ बनाने में सबको आगे आने का अनुरोध किया गया।

स्वच्छता कार्यक्रम में युवाओं ने खासी रुचि दिखाई, तथा आयोजन में दिये गये संदेशों को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सपथ ली। रायपुर को साफ और स्वच्छ बनाने के संकल्प को पूरा करने में युवाओ की सहभागिता निश्चित ही सराहनीय है। आयोजन में प्रमुख रूप से पायनियर के वाणिज्य प्रबंधक सुमिल जैन, रीजनल प्रबंधक गुणवंत साहू, कार्यकारी प्रबंधक सुशांत वर्मा, योगेश्वरी साहू, अनुज शुक्ल, मनोज दुबे, प्रदीप वर्मा, नरोत्तम सिंह तोमर, पूर्णिमा साहू, कुशल निशाद समेत काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।






सीएमवाईके प्रिंटिक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403